खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 16°C

मुरादाबाद, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 60 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत बिहार में लड़ेंगे चुनाव पेज 2



जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब खेल टाइम्स



मानव जीवन में मादक पदार्थों के नुकसान तथा उनसे बचाव सम्पादकीय



हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदी छोड़े पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### 'कोल्ड्रिफ' बनाने वाली श्रीसन फार्मा बंद, लाइसेंस रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (टीएनएफडीए) के गिरफ्तार डायरेक्टर इन-चार्ज पीयू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई। कार्तिकेयन को जुलाई, 2025 में रिश्वतखोरी के एक मामले में तमिलनाडु विजिलेंस एंड एंटी करप्शन (डीवीएसी) ने गिरफ्तार किया था। ईडी की ताजा कार्रवाई मिलावटी कोल्ड्रिफ सिरप बनाने और बिक्री से जुड़े वित्तीय लेन-देन मामले में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत (पीएमएलए) की जा रही है।

### मेरठ: पुलिस मुठभेड़ में इनामी निक्की ढेर

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ देहात के सरूरपुर इलाके में सोमवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी वांछित अपराधी मारा गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मेरठ देहात के बहसूमा निवासी शहजाद उर्फ निक्की के रूप में हुई है, जिस पर लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न समेत कई आरोप थे। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे सरधना-बिनौली मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही पुलिस टीम ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। इसके बजाय, सवार ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चला दीं। बुलेटप्रूफ जैकेट पहने एक पुलिसकर्मी गोली लगने के बाद बाल-बाल बच गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हमलावर घायल हो गया और अपनी बाइक से गिर गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से एक पिस्तौल, कारतूस और एक अपंजीकृत बाइक बरामद की गई।एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि शहज़ाद पहले भी कई मासूम बच्चियों के साथ बलात्कार के आरोप में जेल जा चुका है।

# पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, वार्ता**

- टीएलपी का दावा, गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे कार्यकर्ता, 1500 से ज्यादा लोग घायल
- पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े



**पाकिस्तान** में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक -ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं।

दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजरायल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी हैं। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीएलपी प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी पंजाब के कई हिस्सों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और झड़पें जारी हैं। टीएलपी ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान के विरोध में इस्लामाबाद में मार्च किया। ये -शेष पृष्ठ दो पर

### गायिका नेहा राठौर की मुकदमा रद्द करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के पहलगाम हमले पर कथित भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट मामले में दर्ज मुकदमा रद्द करने की उनकी याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें मामले की जांच जरूरी बताया गया था। पीठ ने कहा कि आरोप तय करते समय याचिकाकर्ता कथित तौर पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के सहित कुछ आरोपों को रद्द करने का मुद्दा उठा सकती है।

# बिहार चुनाव से पूर्व लालू परिवार को बड़ा झटका

## लालू यादव, राबड़ी देवी व तेजस्वी के खिलाफ IRCTC घोटाले में आरोप तय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



नई दिल्ली: लालू प्रसाद यादव आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोपों पर सुनवाई के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट से बाहर निकलते हुए।

- सीबीआई के आरोप: लालू प्रसाद यादव ने रेल मंत्री रहते समय अनुचित तरीके से दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए ठेके दिए

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) घोटाले से संबंधित एक मामले में भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश व धोखाधड़ी के आरोप तय किए हैं। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने इस मामले में सोमवार को यह आदेश पारित किया।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि लालू यादव, जो 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, ने अपनी स्थिति का दुरुपयोग करते हुए निजी कंपनी सुजाता होटल्स को रांची और पुरी में दो आईआरसीटीसी होटलों के पट्टे के लिए अनुचित तरीके से ठेके दिए। इतना ही नहीं इसके बदले में, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव से जुड़ी एक कंपनी को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर करोड़ों की जमीन हस्तांतरित की गई। कोर्ट ने लालू यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए, जबकि राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भी साजिश और धोखाधड़ी के कई अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी यादव और तेजस्वी यादव तीनों ने आरोपों को स्वीकार करने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि वो ट्रायल का सामना करेंगे।

### बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, ओडिशा के नुआपारा, झारखंड के घाटशिला, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर विधानसभा की नगरोटा व बड़गांव की रिक्त सीटों के उपचुनावों के लिए भी अलग-अलग अधिसूचना जारी की गई हैं। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवम्बर को चुनाव कराए जाएंगे। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू- कश्मीर के विधानसभा के उपचुनाव 11 नवम्बर को कराए जाने हैं। इन सभी चुनााव की मतगणना 14 नवम्बर को कराई जाएगी।

# करूर भगदड़: सुप्रीम कोर्ट ने दिए सीबीआई जांच के आदेश

- तीन सदस्यीय कमेटी निगरानी करेगी, एक्टर विजय की रैली में 41 लोगों की हुई थी मौत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने एक्टर विजय की पार्टी टीवीके और भाजपा नेता उमा आनंदन की मामले की सीबीआई जांच याचिका पर फैसला सुनाया। मद्रास हाईकोर्ट ने मामले की जांच एसआईटी को सौंपी थी।

बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय कमेटी जांच की निगरानी करेगी। इसमें दो आईपीएस अधिकारी (तमिलनाडु कैडर के हो, लेकिन यहां के मूल निवासी नहीं) इसमें शामिल होंगे, जो आईजीपी रैंक से नीचे के नहीं होने चाहिए। बेंच ने 10 अक्टूबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से पूछा था कि जब एआईएडीएमके को करूर में कम जगह होने के कारण रैली की अनुमति नहीं दी गई तो फिर टीवीके को 27 सितम्बर की रैली को कैसे इजाजत दी गई। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि मद्रास हाईकोर्ट ने एसआईटी जांच का आदेश कैसे दिया, जबकि मामला मदुरै बेंच में था। 27 सितम्बर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई थी।






# मोदी से मिलीं कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- भारत-कनाडा संबंधों को नई गति देने के प्रयास
- विदेश मंत्रालय ने जारी किया साझा बयान

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से सोमवार को साउथ ब्लॉक अपने कार्यालय में मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच बिजनेस, एनर्जी, तकनीक, कृषि और सहयोग को लेकर चर्चा की।

पीएम मोदी ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को शुभकामनाएं दीं और आने वाली बैठकों का इंतजार करने की बात कही। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि विदेश मंत्री आनंद के इस दौरे से दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री कार्नी से जल्द मिलने को उत्सुक हैं। इससे पहले भारत और कनाडा के विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद साझा बयान जारी किया गया। बयान में कहा गया कि दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर रोडमेप तैयार किया गया। दोनों मंत्रियों ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और तनाव के समय में मजबूत साझेदारी जरूरी है।


**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड बनने के नियमों में बदलाव

**लखनऊ।** प्रदेश में होने वाली 44 हजार पदों पर होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती में अब सार्वजनिक, शासकीय व अर्द्धशासकीय सेवाओं में नियमित रूप से कार्यरत व्यक्ति आवेदन नहीं कर सकेंगे। पहले ऐसे कर्मी होमगार्ड बनने के लिए पात्र होते थे। होमगार्ड विभाग ने इसमें बदलाव करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसे मंजूरी मिलने के बाद सार्वजनिक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत कर्मी होमगार्ड भर्ती के लिए बनने वाले एनरोलमेंट बोर्ड में आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे। होमगार्ड भर्ती के लिए एनरोलमेंट की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। इसके आवेदन जिलेवार ऑनलाइन लिए जाएंगे। एनरोलमेंट वास्तविक रिक्तियों के सापेक्ष होगा, जिससे लाखों युवाओं को आवेदन करने का मौका मिलेगा।

### कैडेट अंतरिक्ष के माता-पिता बोले- बेटे ने नहीं की आत्महत्या

**बहराइच।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के एयरफोर्स कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह के पार्थिव शरीर का रविवार शाम को सुमेरपुर गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। परिवार शोक में डूबा है। परिजनों ने अंतरिक्ष की मौत को आत्महत्या न मानते हुए आरोप लगाया कि सेना के अधिकारियों द्वारा पूरे मामले को छिपाने की कोशिश की जा रही है, उन्हें सीसीटीवी रिकार्डिंग तक नहीं दिखाई गई। माता-पिता और भाई का कहना है कि अंतरिक्ष रात 10.30 बजे तक बिल्कुल सामान्य था, फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि उसने फांसी लगा ली। अंतरिक्ष के पिता रवि प्रताप सिंह, जो असम के गुवाहाटी में सूबेदार पद पर तैनात हैं, ने बेटे को मुखाग्नि दी है।

# किशोर पर बालिग की तरह मुकदमे को आईक्यू-ईक्यू टेस्ट अनिवार्य

**प्रयागराज, वार्ता**



**किशोर न्याय बोर्ड किसी बच्चे पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता: हाईकोर्ट**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जघन्य अपराधों में किशोर पर बालिग की तरह मुकदमा चलाने के लिए आईक्यू और ईक्यू टेस्ट कराया जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजे बोर्ड) किसी बच्चे पर बालिग (वयस्क) की तरह मुकदमा चलाने के लिए आंतरिक भावना पर निर्भर नहीं रह सकता। उसका मानसिक-भावनात्मक परिपक्वता का वैज्ञानिक और कठोर मूल्यांकन आवश्यक है।

कोर्ट ने इसके लिए जेजे बोर्ड और बाल न्यायालयों के लिए 11 अनिवार्य दिशानिर्देशों का एक सेट तैयार किया है जिनका पालन तब तक किया जाएगा, जब तक कि विधायिका इस संबंध में स्वयं कोई कानून नहीं बना लेती। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने प्रयागराज निवासी किशोर की याचिका पर दिया है। जार्जटाउन थाने में 2019 में किशोर पर हत्या सहित विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया था। अपराध के समय किशोर की उम्र 17 साल छह महीने 27 दिन थी। जेजे बोर्ड ने उस पर पहले से दर्ज दो मुकदमों, जिला परिवीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट, प्रारंभिक मूल्यांकन के आधार पर हत्या और अन्य अपराधों के परिणामों को समझने में सक्षम पाते हुए एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। अपीलीय न्यायालय ने भी जेजे बोर्ड के फैसले को बरकरार रखा। इन दोनों आदेशों को किशोर ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि किशोर न्याय बोर्ड, अपीलीय न्यायालय की ओर से उम्र निर्धारण के लिए किया गया प्रारंभिक मूल्यांकन कानून के अनुसार नहीं है और अविश्वसनीय है। बच्चों की उम्र का निर्धारण करने के लिए बौद्धिक क्षमता द्धआईक्यूत्र और भावनात्मक बुद्धिमत्ता द्धईक्यूत्र का मनोवैज्ञानिक परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। मनोवैज्ञानिक परीक्षण के लिए मानकीकृत उपकरणों जैसे बिनेट कामत टेस्ट, विनलैंड सोशल मैच्योरिटी स्केल (वीएसएमएस), भाटिया बैटरी टेस्ट आदि का उपयोग किया जाना चाहिए। साथ ही रिपोर्ट में उपयोग की गई कार्यप्रणाली का उल्लेख होना चाहिए। जघन्य अपराध करने की बच्चे की शारीरिक और मानसिक क्षमता और उसके परिणामों को समझने की उसकी क्षमता के संबंध में स्पष्ट निष्कर्ष दर्ज किए जाएंगे। बोर्ड परिवीक्षा अधिकारी या बाल कल्याण अधिकारी को 15 दिन के भीतर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देगा। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी दो सप्ताह के भीतर बच्चे की और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर एक सामाजिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जघन्य अपराध के मामलों में, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एक महीने के भीतर गवाहों के बयान और जांच के अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा। बच्चे के किसी भी पिछले अपराध में संलिप्तता की संख्या और प्रकृति का विवरण देना होगा।

# एक लाख का इनामी गुरुसेवक ढेर, साथी फरार

**लखनऊ।** लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपए का इनामी बदमाश गुरुसेवक मारा गया जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिमी की क्राइम ब्रांच और लखनऊ कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि बुद्धेश्वर निवासी योगेश पॉल की हत्या कर वाहन लूटने वाला बदमाश गुरुसेवक, शाहजहांपुर के पुवायां में भी अपने साथी के साथ अवनीश दीक्षित की हत्या कर चार पहिया वाहन लूट चुका है। वह उसी वाहन को बेचने के इरादे से मोहान रोड होते हुए आउटर रिंग रोड की ओर जा रहा था। सूचना पर पुलिस टीमों ने जीरो प्वाइंट और आउटर रिंग रोड कट पर घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान जैसे ही संदिग्ध वाहन पहुंचा, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने गाड़ी तेज कर भागने की कोशिश की। पीछा करने पर गाड़ी फंस गई और बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गुरुसेवक गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसका साथी झाड़ियों में भाग निकला। घायल बदमाश को तत्काल रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

**कोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगाई**

कानपुर के सीसामऊ से सपा के विधायक रहे इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रंगदारी और जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ कर रही है। कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र के दुर्गा विहार निवासी विमल ने 25 दिसम्बर 2022 को पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। सोलंकी के साथ ही बिल्डर हाजी वसी, शाहिद लारी और कमर आलम के खिलाफ भी मारपीट, रंगदारी, धमकी समेत सार्वजनिक संपति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादी ने आरोप लगाया था कि उसकी जाजमऊ स्थित आराजी संख्या 963 जिसका रकबा एक हजार वर्ग मीटर जमीन था। विधायक इरफान सोलंकी, हाजी वसी, कमर आलम और शाहिद लारी ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया था। डीएम से शिकायत पर लेखपाल ने जाकर जांच की और पुलिस के द्वारा कार्रवाई करके जमीन कब्जा मुक्त कराने की बात भी लिखी थी। जब इन लोगों ने उसकी जमीन पर कब्जा किया था, तो दर्शाया कि आराजी संख्या 48 की जमीन का हिस्सा है। वादी ने आराजी संख्या 48 के संबंध में जानकारी की गई तो पता चला कि यह जमीन कानपुर डेवलपमेंट अथारिटी के नाम है, जिसका पूरा रकबा 77 सौ वर्ग मीटर का है।

## बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार का किया दावा

# योगी के मंत्री राजभर की भाजपा से बगावत

**बलिया, वार्ता**



**बिहार में लड़ेंगे चुनाव, कल 153 प्रत्याशी उतारेंगे, बोले-जब जरूरत थी तो गिड़गिड़ा रहे थे अभी भी समय**

एनडीए के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने का फैसला किया है।

सुभासपा नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बड़े बेटे अरविंद राजभर ने सोमवार को यह जानकारी ऑनलाइन दी। उन्होंने बताया कि सुभासपा बिहार के चिन्हित जिलों में मजबूत जनाधार के आधार पर अकेले चुनाव लड़ने को तैयार है। अरविंद राजभर सुभासपा के वर्तमान में प्रधान राष्ट्रीय महासचिव है। अरविंद ने एनबीटी ऑनलाइन से कहा कि यूपी की तर्ज पर उनकी पार्टी बिहार में भी एनडीए गठबंधन में रहकर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी थी। इसके लिए एनडीए गठबंधन की अगुआ बीजेपी के सभी संबंधित लीडरों से लगातार संपर्क बना हुआ था। अरविंद ने बताया कि उन्हें जानकारी हुई कि बिहार बीजेपी स्टेट यूनिट से गठबंधन को लेकर सकारात्मक रिपोर्ट बीजेपी टाप लीडरशिप को नहीं दी गयी है। इसके बाद एनडीए की ओर से इस बाबत (बिहार विधानसभा गठबंधन) अब तक कोई सकारात्मक संकेत उन्हें नहीं मिले हैं। इस बाद अरविंद ने बताया कि यूपी में बीजेपी और सुभासपा के कोआर्डिनेटर राज्यसभा सदस्य डाक्टर दिनेश शर्मा को सुभासपा के अकेले बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के निर्णय से उन्होंने भिज्ञ करा दिया है। इस बीच अरविंद ने बताया कि बीजेपी के अन्य शीर्ष नेताओं को भी निर्णय से संबंधित सूचना उनकी ओर से भेज दी गयी है। अरविंद ने बताया कि उनके पार्टी की ओर से सोमवार को 35 विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की तैयारी है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए जाएं। अरविंद राजभर ने कहा कि सुभासपा किसी समझौते या दावे के बजाय बिहार में अपने संगठन की ताकत पर भरोसा करती है। बिहार में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। ओमप्रकाश राजभर ने एनडीए की तरफ से सीटों में हिस्सेदारी नहीं मिलने पर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि बिहार के भाजपा नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व को गलत फीडबैक दिया है। इसकी सज़ा बिहार के लोगों को मिलेगी। उन्होंने 153 सीटों पर लड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि बिहार में हम एक मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेंगे।

### राजनीति के दगे हुए कारतूस हैं ओपी राजभर: सपा सांसद पांडेय

**बलिया।** सपा सांसद सनातन पांडेय ने भाजपा के स्वदेशी अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग और देश के पीएम वही कहते हैं, जो नहीं करते हैं। इन लोगों ने कहा था कि दीपावली में चीन से आने वाली लाइटों का उपयोग नहीं किया जाएगा। हकीकत यह है कि आज पूरे देश में चीन की लाइटें बिक रही हैं। सांसद सनातन पांडेय ने डाक बंगले में बातचीत में कहा कि कहा कि मुझे भी स्वदेशी की बात पसंद है। हम भी स्वदेशी अपनाना चाहते हैं, लेकिन भाजपा को देश और स्वदेशी पर विश्वास ही नहीं है। चीन से सटी हमारी सीमाएं कम हुई हैं। इन्हें बताना चाहिए था कि भारत की सीमाएं क्यों घटी हैं। ओमप्रकाश राजभर द्वारा आजमगढ़ की एक सड़क के विकास को मॉडल के रूप में दिखाते हुए योगी सरकार की तारीफ पर सांसद ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर का यह बयान बता रहा है कि वह अंदर से डरे हुए हैं। भाजपा में मंत्री बनने के बाद जहुराबाद का उन्होंने कितना विकास कराया।



**सेंसेक्स** 82327.05
**निफ्टी** 25227.35



**सोना रु.** 124155
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 175325
प्रति किलो



# आईटी कंपनियों के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के दबाव में सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के पहले ही दिन 173.77 अंक (0.21 प्रतिशत) उतरकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ।

पिछले दो कारोबारी दिवसों पर हरे निशान में बंद होने वाला सूचकांक आज 450 अंक से ज्यादा की गिरावट में खुला था, लेकिन बाद में कुछ हद तक उबरने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 58 अंक यानी 0.23 फीसदी की गिरावट में 25,227.35 अंक पर बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,118 के शेयर हरे निशान में, 1,974 के लाल निशान में बंद हुए, जबकि 109 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु और तेल एवं गैस समूहों में बिकवाली का जोर ज्यादा रहा।

वहीं बैंकिंग एवं वित्तीय सेक्टरों के शेयरों में लिवाली अधिक हुई। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली कंपनियों के सूचकांक मिडकैप-50 में 0.23 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.17 प्रतिशत गिर गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 2.67 फीसदी की गिरावट रही। हिदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 1.46 प्रतिशत और इंफोसिस का 1.40 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड, बीईएल, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। मुनाफे में रहने वालों में अडानी पोर्ट्स का शेयर सबसे अधिक 2.04 प्रतिशत चढ़ा। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.32 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 0.93 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 0.79 प्रतिशत की तेजी में रहा। भारती एयरटेल और एनटीपीसी में भी तेजी रही। अन्य एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट हावी रही। जापान का निक्केई 1.01 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.19 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 प्रतिशत की बढ़त में थे।

### चांदी एक दिन में 10,825 महंगी 1.75 लाख पार पहुंची, सोना 2,630 बढ़कर 1.24 लाख के पार

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ए 1,64,500 रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। इस साल अब तक सोने की कीमत 47,993 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,155 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 89,308 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,75,325 रुपए प्रति किलो हो गई है। गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा।

# चावल, चीनी, दालें मजबूत खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेंहू में मंदी रही। चीनी और दालों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 48 रिंगिट घटकर 4,496 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.20 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 107 रुपए बढ़कर 3,852.25 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं का भाव 13 रुपए टूटकर 2,851.67 रुपए प्रति क्विंटल रहा। आटे की कीमत भी 22 रुपए घटी और यह 3,303.82 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 78 रुपए और सोया तेल की 41 रुपए प्रति क्विंटल घट गयी। पाम ऑयल 89 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल 28 रुपए और वनस्पति 68 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 135 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल की औसत कीमत 127 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल भी 143 रुपए महंगी हुई। मूंग दाल की औसत कीमत 125 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ी। तुअर दाल 193 रुपए और उड़द दाल 39 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 83 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी 17 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7903.22 रुपए, मसूर काली 8153.44 रुपए, मूंग दाल 10118.90 रुपए, उड़द दाल 10429.94 रुपए, तुअर दाल 10536.24 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पाकिस्तान में...**

प्रदर्शन 9 अक्टूबर से जारी है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के प्रदर्शनकारियों के बीच सोमवार को हिंसक झड़पें हुईं। इसमें 2 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दर्जनों दूसरे अधिकारी घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन रात 2 बजे शुरू हुआ और सुबह 7 बजे तक चला। मुरीदके में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की। पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर कैंप लगाए थे, लेकिन भारी बैरिकेडिंग के बावजूद हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने शनिवार को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 170 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने उनके खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल किया। यहां मीडिया कवरेज भी बैन है। वहीं, टीएलपी नेता साद रिजवी ने प्रदर्शनकारियों से कहा था कि गिरफ्तारी कोई समस्या नहीं है, गोलियां कोई समस्या नहीं हैं, शहादत हमारी नियति है। इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। साद निकल गया, लेकिन पुलिस और साद समर्थकों के बीच हुई झड़पों में कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शहर के अंदर और बाहर की सड़कें बंद कर दी थी। दंगा रोकने के लिए पुलिस को प्रमुख रास्तों पर तैनात किया गया और सरकारी दफ्तरों व विदेशी दूतावासों वाले रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया। टीएलपी की स्थापना 2015 में खादिम हुसैन रिजवी ने की थी। वे पंजाब के धार्मिक विभाग में काम करते थे, लेकिन 2011 में सलमान तासीर की हत्या करने वाले मुमताज कादरी का समर्थन करने पर नौकरी से निकाले गए। 2016 में कादरी को सजा होने पर टीएलपी ने ईश निंदा के मुद्दे पर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए। खादिम ने फ्रांस के खिलाफ भी भड़काऊ बयान दिए। उनकी मृत्यु के बाद 2021 में बेटे साद रिजवी ने संगठन संभाला।

### पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह गोपीनाथन हुए कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह और पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुके केरल मूल के के. गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। गोपीनाथन कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, कांग्रेस सांसद शशि कांत सेंथिल की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। गोपीनाथन ने 2019 में नौकरी से त्यागपत्र दिया था, लेकिन उनका इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं किया गया। वेणुगोपाल ने कांग्रेस का अंग वस्त्र पहनाते हुए उनका परिचय देते हुए कहा कि देश के दलित और हाशिए पर पड़े लोगों के प्रति जुनून रखने वाले और हमेशा न्याय और एकता के लिए लड़ने वाले बहादुर नौकरशाहों गोपीनाथन की पहचान है। गोपीनाथन का कांग्रेस में शामिल होना स्पष्ट संदेश है कि यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जो न्याय के लिए लड़ रही है।

# नकली कफ सिरप: यूपी में नारकोटिक्सस टीमों के ताबड़तोड़ छापे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ सहित कई जिलों में पड़ताल, मेडिकल स्टोर सील**

**लखनऊ।** कोडिन कफ सिरप की धरपकड़ के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीम ने जिले भर में छापे मारे।

लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में टीमों ने 10 जगह पर छापा मारकर जांच की। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर (एक लखनऊ व एक सीतापुर में) सील किए गए। अफसरों का कहना है कि गुजरात की एक फर्म जिसका डिपो लखनऊ में है, के जरिए नारकोटिक्स की दवाओं व कफ सिरप की आपूर्ति कई जिलों में की गई थी। एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि छापे के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों को लखनऊ बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म की जांच की। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर जांच की गई जिसमें फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। नारकोटिक्स औषधियों का भंडारण संतोषजनक नहीं था। फर्म के जरिए भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप विक्रय में अनियमितता मिली। बिक्री से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं। ब्रजेश ने बताया इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं, जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो है। गुजरात की इस फर्म के जरिए बड़ी तादाद में कोडिन सिरप प्रदेश के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा था। अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का कहना है इस मेडिकल स्टोर ने बड़ी तादाद में कफ सिरप व नारकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बाटल कोडिन कफ सिफ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने शव पीएम को भेजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** बिजनौर-नहटौर मार्ग स्थित मक्का वाली पर पुरानी आरा मशीन के पास आम के बाग में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार प्रातः झालू में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक आम के बाग में पेड़ पर फंदे से लटका हुआ देखा गया। सूचना पुलिस चौकी को दी गई। तुरन्त पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को नीचे उतारा गया। जब मृतक की जानकारी की गई है तो उसकी पहचान हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम रुकनपुर नंगला निवासी शेखर (25 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय चंद्र प्रकाश के रूप में हुई। जब मृतक के फांसी के फंदे पर लटका होने की खबर उसके गांव पहुंची तो उसके गांव में कोहराम मच गया। उसके परिजन और ग्रामवासी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर हल्दौर थाना प्रभारी संजय कुमार भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लेने के लिए पहुंचे। इसी के साथ-साथ फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर शव का बारीकी से निरीक्षण किया। घटना से 20 कदम की दूरी पर एक शराब का पव्वा व पानी की बोतल और गिलास भी पड़ा मिला है। शेखर रविवार को घर से नजीबाबाद के लिए काम पर जाने को निकाला था। वह देर शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि शेखर पहाड़ों पर रहकर जेसीबी मशीन चलता था। वह तीन-चार दिन से नजीबाबाद काम पर जा रहा था। मृतक के चार भाई व एक बहन बताई जा रही है। मृतक के परि. जनों ने अपनी पुत्र की हत्या की आशंका जताई है।

वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का सही पता चल पाएगा।

# दो पक्षों में जमकर मारपीट एक युवक गंभीर घायल

## पांच नामजद सहित आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर के गांधी नगर मौहल्ले में रविवार की शाम दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह हालात पर काबू पाया। पुलिस ने पांच नामजद सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला गांधी नगर निवासी मौहम्मद राजा की आराजी (जमीन) पर कुछ किरायेदार रहते हैं। बताया जा रहा है कि रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे नल पर पानी भरने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ते ही एक पक्ष के लोगों ने पूर्व नियोजित तरीके से लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर दिया। इस घटना में एक पक्ष के हाजी निसार व एहतेशाम के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके सिर में करीब 20 टांके लगाए गए। सूचना मिलते ही थाना नूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पांच नामजद और पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट, धमकी और शांति भंग करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी जे. भगवान सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जा सकें।

## एक नजर

### अनामिका का फाइनल ट्रायल में चयन



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में कल (आज) से कानपुर के कमला क्लब स्टेडियम में आयोजित होने वाले महिला अंडर 19 के फाइनल ट्रायल के लिये वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर की अनामिका सिंह का चयन हुआ। एकेडमी कोच मौ. मोहसिन ने बताया पिछले महीने मेरठ में आयोजित जोनल ट्रायल के मैचों मे प्रदर्शन के आधार पर अनामिका सिंह का चयन फाइनल ट्रायल के लिये हुआ। एकेडमी सचिव डॉ. जयदीप शर्मा एवं बीसीए सलाहकार अमित श्रीवास्तव और सीनियर व जूनियर खिलाड़ियों एवं समस्त स्टॉफ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम चौहड़पुर निवासी मनोज (40 वर्ष) पुत्र हरि सिंह नहटौर ब्लॉक में ग्राम पंचायत सचिव के पास अस्थाई रूप से सहयोगी के रूप में काम करता था। सोमवार की सायं वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम समसपुर के पास ढाबे के सामने अज्ञात कार ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत का पता चलने पर परिवार में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल बना है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि कार्रवाई की जा रही है।

### डिलीवरी ब्वाय नाबालिग को लेकर फरार

**नूरपुर।** नगर के एक मौहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत शुक्रवार की सुबह चार बजे उसकी नाबालिग बेटी घर से पूजा पाठ करने के लिए गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। पीड़िता का आरोप है कि उसकी बेटी को एक पिज्जा की दुकान पर डिलीवरी ब्वाय का काम करने वाला युवक गुरदीप पुत्र पम्मा उर्फ परमजीत निवासी गुमथला गढ़ु, थाना पिहवा, जनपद कुरुक्षेत्र (हरियाणा) बहला-फुसला कर ले गया। पीड़िता का आरोप है कि उसकी बेटी को भगाने में पिज्जा दुकान स्वामी ने युवक की सहायता की है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गई है। नगर में प्रेमी जोड़ों का भागने का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आयेदिन युवक-युवतियां अपने मां बाप की इज्जत को नीलाम करने में लगे हुए हैं। इन प्रेमी जोड़ों को मां-बाप की इज्जत का कोई ख्याल नहीं है। पुलिस भी इन प्रेमी जोड़ों की हरकतों से परेशान हैं।

### आवरा कुत्तों को पकड़वाने की मांग




**नहटौर।** नगर में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन ये कुत्ते छोटे-छोटे बच्चों सहित राहगीरों पर भी हमला कर रहे है। जिससे स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं में डर बना रहता है। इस समस्या के चलते समाजसेवी रब्बानी अंसारी व उमैर अख्तर ने नगर पालिका परिषद पहुंचकर नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों की समस्याओं को लेकर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी को ज्ञापन सौंपकर आवारा कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

### भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

**धामपुर।** कोतवाली परिसर में सोमवार की देर शाम शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नागरिकों से आप नागरिकों से आपसी मेलजोल व भाईचारे के साथ त्यौहार को मनाने का आह्वान किया। साथ ही व्यापारियों से मुख्य बाजार में अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अतिक्रमण ने किए जाने पर भी जोर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चौहान ने कहा कि नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन का कार्य है। उन्होंने नागरिक और व्यापारियों से प्रशासन का सहयोग किया जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वीडियो पंचायत अनिल कुमार, मौलाना असलम कासमी, मुफ्ती मौहम्मद फैजान कासमी, कारी राशीद हमीदी, वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद, सतवंत सिंह सलूजा, विद्युत विभाग के जेई राजेश कुमार, पूर्व पलिकाध्यक्ष मह्मूद हसन कस्सार, शमीम अहमद फल वाले, जावेद रहमान शमसी, मनोज चौहान आदि शामिल रहे। संचालन इरशाद धामपुरी ने किया।

### युवती को नशीला पदार्थ सुंघाया

**हल्दौर।** देर शाम क्षेत्र के एक गांव की युवती साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रही थी। बिजनौर-मुरादाबाद स्टेट हाईवे से गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर पीछे से एक बाइक सवार युवक ने युवती को पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती के विरोध करने व आसपास के लोगों को आता देख आरोपी भुगत लेने की धमकी व नशीला पदार्थ सुंघाकर मौके से भाग गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने मामले की सूचना फोन पर पुलिस को दी और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर सीओ सिटी गौतम राय व थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने मौके पर पहुंचे और जांच शुरु कर दी है।

### शिविर में 40 ने किया रक्तदान

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के मिर्जापुर सैद उर्फ भूड्डी में संजीवनी सेवा फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम आयोजक मनोज त्यागी ने बताया कि रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिलता है, हमें अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान एक महान दान होता है। रक्तदान सेवा चैरिटेबल ब्लड सेंटर के डायरेक्टर स्पर्श भटनागर के निर्देशन में डॉ. सोनिका, मौहम्मद आलम, निखिल, दीपशिखा आदि की टीम ने रक्तदान शिविर में आए रक्तदाताओं से रक्तदान कराया। रक्तदान करने के महत्व को बताया। शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों को रक्तदान सेवा चेरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से प्रशस्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम आयोजक मनोज त्यागी के साथ राजीव त्यागी, शेषपाल राठी, सुमित त्यागी, विचित्र देशवाल, दीपक देशवाल, हनी जटराणा, मौहम्मद असलम, आशीष त्यागी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में व महाराजा अजमीढ़ की जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। 14 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में निकलने वाली शोभायात्रा और 15 अक्टूबर को महाराजा अजमीढ़ जयंती की शोभायात्रा को लेकर यह शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने आयोजकों से शोभा यात्रा के संबंध में जानकारी ली। समिति की बैठक में आयोजकों ने झांकियों व मार्गो के संबंध में बताया। साथ ही मार्केट में लटके विद्युत तारों को सही करने की मांग की। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नगर पालि. का की ओर से विशेष उपाध्याय के अलावा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष सिद्धांत जैन, अशोक मलिक, सुभाष वाल्मीकि, रमेश चंद, राजेश पवार, प्रकाश वाल्मीकि, रवि कुमार, नरेंद्र कुमार, दीपक वाल्मीकि, गौरव वाल्मीकि, विपिन वर्मा व कृष्ण वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मुख्य मंडल प्रभारी राजेंद्र का स्वागत

## सरकार बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा के मुख्य मंडल प्रभारी राजेंद्र सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। श्री राजेंद्र ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से कार्य करें।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर बसपा के जिला कार्यालय में नवनियुक्त मुख्य मंडल प्रभारी राजेन्द्र सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें मालाओं से लाद दिया। अपने स्वागत से गद्‌गद्‌ राजेंद्र सिंह ने कहा कि हमें प्रदेश में पार्टी की सरकार बनानी है। आम जनता चाहती है कि प्रदेश में बसपा की सरकार बननी चाहिए। प्रदेश में जंगलराज चल रहा है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। जनता बसपा सरकार के कार्यकाल को याद कर रही है। हमें बूथ स्तर तक पहले की तरह संगठन को मजबूत करना है। आपसी मतभेद भुलाकर पूरी ताकत से कार्य करना होगा। दूसरे दलों की साजिशों से भी सावधान रहना होगा।

इस मौके पर पार्टी के जिला प्रभारी जितेंद्र सागर, जिला अध्यक्ष अखिलेश हितैषी, जिला प्रभारी कवि राज सिंह, विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, खजान सिंह, विपिन कुमार, इंदर सिंह, दिलशाद अहमद, अमर सिंह, लवकुश आदि मौजूद थे।

# नवजात शिशु की मौत पर हंगामा

## परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में एक महिला के प्रसव के थोड़ी देर बाद नवजात शिशु की मौत हो जाने से हंगामा खड़ा हो गया। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और थाने में तहरीर दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर क्षेत्र के सरहदी ग्राम पीपला जागीर निवासी व वर्तमान प्रधान शाह आलम मलिक के भतीजे फहीम अहमद पुत्र निसार अहमद की पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर नूरपुर-धामपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें डराकर ऑपरेशन के लिए तैयार किया और बाहर से डॉक्टर बुलाकर ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन के कुछ समय बाद ही नवजात शिशु की मृत्यु हो गई। जब परिजनों को इस बात की जानकारी मिली, तो उन्होंने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर नूरपुर थाना प्रभारी जे. भगवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी जे. भगवान सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में यदि अस्पताल प्रबंधन या डॉक्टरों की लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली रेलवे ट्रैक पर फंसने से रुकीं ट्रेनें

## फाटक के दोनों तरफ जाम लगने से हुई भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगीना कोतवाली मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक खराब हो गई, जिससे वह रेलवे लाइन के बीच में फंस गई। जिससे रेलगाड़ियों के आवागमन में समस्या उत्पन्न हो गई। साथ ही फाटक के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगीना-बिजनौर रेलवे फाटक के ट्रैक नंबर 471बी पर रेत से लदी एक ट्रॉली के फाटक पार करते समय उसका अचानक धुरा टूट जाने से वह रेलवे लाइन के बीच में खड़ी हो गई। रेलवे कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाल लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

ट्रॉली फंसने के कारण 64566 मेमो ट्रेन और 4649 सहारनपुर-मुरादाबाद एक्सप्रेस ट्रेनें रुक गईं। रेलगाड़ियों के रुकने से जहां रेलयात्रियों को असुविधा हुई। वहीं फाटक पार करने वाले यात्रियों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा। खबर मिलते ही रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई। वहीं काफी देर तक मशक्कत के बाद हाइड्रा मशीन का उपयोग कर फंसे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को हटाया गया।

# दीपावली के मद्‌देनजर वाहनों के प्रवेश बंद

## बाजार में नहीं चलेंगी रिक्शा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दीपावली के मद्‌देनजर बाजारों में उमड़ रही भीड़ एवं व्यापारियों के द्वारा प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए अपनी दुकानों व प्रतिष्ठानों का ज्यादातर सामान सड़कों पर रख कर बेचने की वजह से लग रहे जाम को देखते हुए पुलिस ने सिविल लाइन व मुख्य बाजार में ई-रिक्शाओं तथा कारों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध दिया है।

गौरतलब है कि नगर के मुख्य बाजार, सिविल लाइन, पालिका चौराहा, बुल्ला का चौराहा, डाकघर चौराहा, घंटा घर एवं जेल रोड पर जबरदस्त अतिक्रमण है। अतिक्रमणकारियों को विभिन्न संगठनों का खुला संरक्षण मिला हुआ है। अतिक्रमणकारी अपनी जान बचाने के लिए विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए है। प्रशासन हमेशा इन संगठनों के दबाव में रहता है। भ्रष्ट अफसर अपनी कुर्सी बचाने के लिए अतिक्रमणकारियों पर कतई सख्ती नहीं कर पाते है। अतिक्रमणकारी काफी दबंग एवं मुंह जोर है। त्योहारों के सीजन में अतिक्रमणकारियों ने पूरी गुण्डागर्दी कर रखी है। इनकी दुकानें तो छोटी-छोटी है। इसलिए इन्होंने भारी मात्रा में सामान ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए बाहर सजा रखा है। दुकानदारों में एक-दूसरे से ज्यादा अतिक्रमण करने की होड़ लगी हुई है। अगर एक दुकानदार तीन मीटर तक अतिक्रमण करता है, तो दूसरा पांच मीटर तक अतिक्रमण कर लेता है। जिससे हालात बद से बदत्तर हो गए है।

प्रशासन भले ही अतिक्रमणकारियों के सामने सरेंडर कर चुका है, मगर पुलिस ने दीपावली के मद्‌देनजर नगर में कारों व ई-रिक्शाओं के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। शक्ति चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड के समीप कुंदन हास्पिटल तिराहा, रोडवेज बस स्टैंड चौराहा, राम का चौराहा, मोईन का चौराहा एवं बुल्ला के चौराहे से नगर के अंदर कारों एवं ई-रिक्शाओं सहित हल्के वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। हल्के माल वाहन वाहनों के बाजार क्षेत्र में प्रवेश पर सुबह आठ बजे से रात्रि दस बजे तक पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

# अतिरिक्त परिवार न्यायालय की स्थापना की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बढ़ती हुई आबादी और मामलों की संख्या के मद्देनजर नगीना में अतिरिक्त परिवार न्यायालय की स्थापना की मांग एक लंबे समय से उठती चली आ रही है। नगीना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार त्यागी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिकारियों से मिलकर विभिन्न मांगों को रखा।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार को नगीना बार एसोसिएशन का चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल इलाहाबाद हाईकोर्ट में नगीना सिविल कोर्ट से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार त्यागी के नेतृत्व मे रजिस्ट्रार जनरल हाईकोर्ट मंजीत सिंह श्योराण एवं प्रशासनिक न्यायमूर्ति संजय कुमार से मिला और उन्हें मांग पत्र प्रस्तुत किया। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष के साथ महासचिव एडवोकेट नईम अहमद, कोषाध्यक्ष एडवोकेट शरद थापन एवं निवर्तमान महासचिव व पदेन सदस्य एडवोकेट फरीद अहमद खान शामिल रहे। इससे पूर्व प्रतिनिधि मंडल ने बार काउंसिल ऑफ यूपी के पदाधिकारियों से मिलकर नगीना बार एवं अधिवक्ताओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं का निराकरण कराया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगीना में अतिरिक्त परिवार न्यायालय की स्थापना, अपर सिविल जज की रिक्त कोर्ट में न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति, अपर जिला जज नगीना में क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले जमानत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण ला अधिकार प्रदान करने आदि की मांग की गई। अध्यक्ष अधिवक्ता अशोक कुमार त्यागी द्वारा किए जा रहे कार्यो के लिए जहां नगीना बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उनका आभार प्रकट किया है। वहीं नगीना की जनता व कई जन प्रतिनिधियों ने उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की है।

# सरकार को महंगाई कम करनी चाहिए : अमीरूद्‌दीन

**नजीबाबाद।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष अमीरूद्‌दीन ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन की मजबूती के लिए लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग काफी समय से सेकुलर तरीके से काम करते हुए मुस्लिमों के साथ दलित व सिखों के हितों के लिए भी लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई चरम पर पहुंच गई है। गरीब आदमी का जीना काफी मुश्किल हो गया है। सरकार की महंगाई कम करने के लिए कदम उठाने चाहिए। तभी गरीब व समाज का भला होगा।

# मॉडर्न एरा में छात्राओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला प्रशासन बिजनौर के निर्देशन में आज मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और सुरक्षित बनाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा नारी शक्ति के अधिकारों के संबंधित बाते समझा कर किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन का सशक्त संदेश दिया गया। मुख्य वक्ताओं ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला पुलिस हेल्पलाइन 112, आश्रय गृह 1076, तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को इन नंबरों के प्रयोग की जानकारी देते हुए कहा कि 'सुरक्षा और सहायता के ये नंबर प्रत्येक महिला और बालिका के मोबाइल में सुरक्षित होने चाहिए।' वक्ताओं ने यह भी कहा कि मिशन शक्ति का लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और समान अवसरों की दिशा में ठोस परिवर्तन लाना है। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता दोनों को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा विश्वास ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और 'नारी शक्ति का जयघोष' के साथ हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बम रखने के मैसेज से मचा हड़कंप

## एटीएस, एलआईयू और आईबी संयुक्त रूप से जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** जनपद बिजनौर के चांदपुर में उस समय हड़कंप मच गया। जब चाय कैफे के स्वामी के नंबर पर चांदपुर को बम से उड़ाने का मैसेज आया और हिंदुओं को निशाना बनाने की बात कही गई। पीड़ित ने तुरंत पुलिस से शिकायत की और पुलिस जांच में जुट गई।

प्राप्त समाचार अनुसार जनपद बिजनौर के चांदपुर के मौहल्ला काजीजादगान निवासी मौहम्मद शफी ने 11 अक्टूबर 2025 को पुलिस को सूचना दी। उन्हें बताया कि उनका मोबाइल नंबर (9389 40 44 48) पर एक पाकिस्तानी नंबर (+92 3180 120229) नंबर से व्हाट्सएप पर धमकी भरे संदेश प्राप्त हुए। संदेश में लिखा था 'हां भाई काम हो गया बम रख दिया चांदपुर पर मकसद याद रखना हिंदू को मारना है पाकिस्तान जिंदाबाद'। जांच में पता चला कि यह विवाद इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड करने से शुरू हुआ था। चांदपुर के मौहल्ला चाहसंग निवासी साहिल (27 वर्ष) ने 21 सितंबर 2025 को अपनी इंस्टाग्राम आईडी साहिल अली से ढाली बाजार स्थित शंकर मूर्ति मंदिर के इतिहास पर एक वीडियो अपलोड किया था। इसके विरोध में मौहम्मद शफी ने 11 अक्टूबर 2025 को अपने इंस्टाग्राम आईडी 'कैफ हबीबी चांदपुर' से एक वीडियो अपलोड किया। मौहम्मद रफी की वीडियो से क्षुब्ध होकर साहिल ने अपने पाकिस्तानी इंस्टाग्राम फॉलोअर आतीफ अहमद भट्ट से(+923180120290) संपर्क किया। साहिल ने आतिफ से मौहम्मद सफी के वीडियो के खिलाफ गलत जानकारी की रिपोर्ट करने को कहा। इसके बाद आतीफ अहमद भट्ट मौहम्मद सफी के इंस्टाग्राम वीडियो पर नकारात्मक संदेश भेजें और 11 अक्टूबर 2025 को मौहम्मद सफी के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरे मैसेज भेजें गये। आतिफ द्वारा भेजे गए इन धमकी भरे मैसेज के स्क्रीनशॉट साहिल को भेजे गए थे, जो साहिल के फोन से बरामद हुए हैं। मौहम्मद रफी की तहरीर के आधार पर चांदपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार साहिल से एसटीएफ, एलआईयू और आईबी जैसी सुरक्षा एजेंसी संयुक्त रूप से पूछताछ कर रही है।



## चंदक-बुडगरा सड़क गड्ढों में हुई तब्दील

**चंदक।** चंदक से ग्राम बुडगरा जाने वाला मार्ग खस्ता हाल हो चुका है। चंदक रेलवे स्टेशन से बुडगरा को जाने वाली पूरी सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है। बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क छोटे-छोटे तालाबों में बदल जाती है। इससे वाहन चाल. कों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के समय सड़क पर भरे पानी के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। कई बार दोपहिया वाहन इन गड्ढों में फिसल चुके है, जिससे बाइक सवार चोटिल हो जाते हैं। पिछले काफी समय से सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

# ग्रामों में होगा अधिवक्ता संघ का विस्तार

## अधिवक्ता संघ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** अधिवक्ता संघ की बैठक में अधिवक्ताओं की एकता बनाए रखने पर बल देते हुए संघ का क्षेत्रीय ग्रामों में भी विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के संस्थापक सदस्य उमेंद्र अग्रवाल के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया गया।



सरस्वती विद्या केंद्र झालू के प्रांगण में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संघ को मजबूत बनाए रखने के लिए अधिवक्ताओं को एकजुट रहना होगा तथा एक दूसरे के सुख दु:ख में साथ रहना होगा। अधिवक्ताओं ने संघ का क्षेत्रीय ग्रामों में विस्तार करने का निर्णय लेते हुए कहा कि क्षेत्र के अधिवक्ताओं को भी संघ का सदस्य बनाया जाएगा। बैठक में अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि संघ हमेशा सभी धर्म के पर्वों को धूमधाम से मनाता है।

बैठक के अंत में संघ के प्रमुख संस्थापक सदस्य उमेंद्र अग्रवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दारुण दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु परम. पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। उमेंद्र अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अधिवक्ताओं ने कहा कि वह संघ के संस्थापक सदस्य थे तथा बेहद सरल, सौम्य, हंसमुख तथा मिलनसार अधिवक्ता थे। उनके निधन से संघ को अपूरणीय क्षति हुई है। संघ उनकी कमी हमेशा महसूस करेगा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष करतार सिंह एड. की अध्यक्षता तथा सचिव फहीम अहमद के संचालन में आयोजित बैठक को साजन सिंह, इसरार अहमद, अनिल चौधरी, यशपाल सिंह, अजीत सिंह उर्फ रूबी, हितेश अग्रवाल, मौहम्मद शादाब शाह, मौहम्मद फैज, अभिषेक अग्रवाल, मौहम्मद इकराम उर्फ सोनू आदि अधिवक्ताओं ने संबोधित किया किया।

## नसीम फारूकी बने नूरपुर कांग्रेस सेवादल के नगराध्यक्ष

### कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर के प्रख्यात समाजसेवी एवं सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्ता नसीम अहमद फारूकी को जिला कांग्रेस सेवादल का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष की लहर दौड़ गई। नगर में बधाइयों का तांता लग गया और जगह-जगह मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया गया।



जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अफजल कुरैशी ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए कहा कि नसीम फारूकी एक ऊर्जावान, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने सदैव कांग्रेस की विचारधारा और सेवा भावना को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने कहा कि संगठन को नई दिशा देने और युवाओं को कांग्रेस की नीति-रीति से जोड़ने में नसीम फारूकी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। मनोनयन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नसीम अहमद फारूकी ने जिला अध्यक्ष अफजल कुरैशी एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह दायित्व मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कांग्रेस की नीति, सिद्धांत और सेवा के भाव को जनता तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि वह नगर के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं और जरूरतमंदों की आवाज को बुलंद करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्यरत रहेंगे।

# आइजीआरएस से संबंधित कार्यों की समीक्षा

## शिकायतों का सही प्रकार से निस्तारण करना सुनिश्चित करें : एडीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक आंशिक दीक्षित की अध्यक्षता में आज शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



अपर जिलाधिकारी ने आबकारी पंचायत राज बेसिक शिक्षा तथा सिंचाई विभाग की आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का असंतोष जनक फीडबैक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की सही प्रकार से जांच करते हुए उनका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप उसी शिकायत के निस्तारण को निस्तारित माना जाएगा, जिस पर शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्राप्त हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत की मौके पर जांच करने से पूर्व शिकायतकर्ता और जिनके विरुद्ध शिकायत की गई दोनों पक्षों को सूचित करें। दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद जांच की प्रक्रिया को पूर्ण करें। जांच पूरी होने के बाद शिकायतकर्ता द्वारा शिकायती पत्र पर दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करें और ओटीपी नंबर सहित उसकी संतुष्टि प्राप्त करने के बाद संबंधित अधिकारी उस पर अपनी टिप्पणी अंकित कर आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत को निस्तारित करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण कार्य को पूर्ण गंभीरता और गुणवत्ता के साथ संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि शिकायत का प्रकरण अदालत में विचाराधीन है, तो शिकायतकर्ता को उसके बारे में संज्ञानित करते हुए निस्तारण न होने का स्पष्ट कारण बताएं और उसकी संतुष्टि भी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विकास, स्वास्थ्य पंचायत राज बेसिक शिक्षा आईसीडीएस लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### शिविर में 215 मरीजों की जांच

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर में देहरादून के प्रसिद्ध कैलाश हॉस्पिटल के सौजन्य से एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ इंजीनियर कौशल सिंह, ग्राम प्रधान नजाकत अली, भारतीय हिंदू परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रताप द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। साथ में अतिथि के रूप में दीपक कश्यप जिला अध्यक्ष भारतीय हिंदू परिषद व आसिफ अली आदि रहे। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. यज्ञा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित व जनरल फिजिशियन डॉ. नितिन द्वारा लगभग 215 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभ दिलाया गया। साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, आंखों की जांच, हृदय की जांच, टेंपरेचर चेक, वजन की जांच नि:शुल्क कर दवाई भी नि:शुल्क दी गई।

### लावारिस वाहनों की नीलामी



**स्योहारा।** स्थानीय थाना परिसर में वर्षों से खड़े लावारिस वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया सोमवार को पूरी पारदर्शिता और प्रशासनिक निगरानी में संपन्न हुई। इस दौरान उपजिलाधिकारी (एसडीएम) स्योहारा, पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय कुमार पांडे और थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह की अगुवाई में 12 मोटरसाइकिलों और एक कार की नीलामी की गई। जिससे कुल रुपए 1,25,000 की राशि प्राप्त हुई। सीओ अभय कुमार पांडे ने बताया कि यह नीलामी शासन के निर्देशानुसार निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कराई गई है, ताकि थाना परिसर में लंबे समय से पड़े लावारिस वाहनों को हटाया जा सके और जगह का सदुपयोग हो। उन्होंने कहा कि ऐसे कदमों से पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली में जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होता है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि सभी वाहनों की उचित प्रक्रिया के तहत नीलामी की गई है। उन्होंने कहा कि थाना परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना पुलिस की प्राथमिकता में है। निरीक्षक सत्येंद्र सिंह की सख्त लेकिन जनहितैषी कार्यशैली के कारण थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था का माहौल बेहतर बना हुआ है। नीलामी प्रक्रिया में कई गणमान्य नागरिकों, पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। पूरी कार्यवाही शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हुई।

### त्यौहारों के मद्देनजर फ्लैग मार्च



**स्योहारा।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर नगर की शांति व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय कुमार पांडे के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह, एसआई कुलवीर सिंह सहित समस्त पुलिस बल द्वारा नगर के मुख्य मार्गों बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने पैदल गश्त करते हुए क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया और जनता से सीधा संवाद भी किया। सीओ अभय कुमार पांडे ने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है। उन्होंने ऐसे लोगों को सख्त चेतावनी दी कि यदि किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस बल दिन-रात क्षेत्र में सक्रिय है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वह त्यौहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सीओ अभय कुमार पांडे की सक्रियता और नेतृत्व में स्योहारा पुलिस इन दिनों लगातार क्षेत्र में गश्त बढ़ा रही है। उनकी सख्त कार्यशैली और सक्रिय निगरानी से नगर में लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

# क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधानों की बैठक

## विकास कार्यों के लिए सदस्यों से प्रस्ताव मांगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड के सभागार में क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में विकास खंड क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के लिए सदस्यों से प्रस्ताव मांगे गए।




प्राप्त समाचार के अनुसार विकास खंड के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों पर ग्राम प्रधान की आयोजित बैठक में मंडोरी फजलपुर मार्ग से फिरोजपुर तक कच्चे मार्ग पर खंड़जा निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने कहा कि इस कच्चे मार्ग पर कई गांवों के ग्रामीणों का आवागमन रहता है। बैठक में एडीओ कृषि अनमोल तोमर ने फसलों में लगने वाले कीट के बारे में इसकी रोकथाम हेतु विस्तार से जानकारी दी तथा गेहूं के रखने के लिए टंकी पर 75 प्रतिशत की छूट मिलने की जानकारी दी। पशु चित्साधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी ने पशुओं में होने वाले खुरपका मुंहपका टीकाकरण के बारे में समय से लगवाने को कहा और सर्दी को देखते हुए पशुओं की देखभाल की जानकारी दी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार आर्य ने आयुष्मान कार्ड, संचारी रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सीएचसी पर होने वाले प्रसव में दी जाने वाली धनराशि के बारे में जानकारी देते हुए प्राइवेट नर्सिंग होम में प्रसव न कराकर सीएचसी पर कराने की जानकारी दी। जेई नलकूप नरेंद्र कुमार बोरिंग योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बाल विकास परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही भारत को आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि मध्यम वर्ग, किसानों एवं व्यापारियों को जीएसटी की दरों को कम करने का जो सरकार ने काम किया है वह ऐतिहासिक कार्य किया है। साथ ही इससे देश, प्रदेश में आत्मनिर्भरता व खुशहाली आएगी। उन्होंने क्षेत्र में होने वाले प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों की सूची मांगी, जिस पर सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों की सूची दी। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी व संचालन एडीओ ग्रामीण दीनदयाल ने किया।

## श्मशान घाट मार्ग उपेक्षा का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय से मात्र पांच सौ गज की दूरी पर ग्राम पंचायत मानियावाला में बनैली नदी के तट पर स्थित शमशान घाट को जाने वाला मार्ग जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा का शिकार है, जिसको लेकर हिंदू समाज में भारी रोष व्याप्त है।



एक कहावत है की चिराग तले अंधेरा यह कहावत ग्राम पंचायत मानियावाला पर सटीक बैठती है। उक्त ग्राम पंचायत ब्लॉक मुख्यालय से मात्र पांच सौ गज की दूरी पर स्थित है जो कि आज भी तमाम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। हिंदू समाज के मृतक शवों के अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट बनैली नदी के तट पर दक्षिण की ओर स्थित है जो की बस स्टैंड से शमशान घाट तक की लगभग छह सौ मीटर की दूरी है। इस रास्ते के ऊपर से फोर लाइन गुजर रही है। शमशान घाट जाने के लिए फोर लाइन के नीचे अंडर पास से होकर गुजरना पड़ता है। शमशान घाट को जाने वाला यह मार्ग हमेशा ही जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा का शिकार रहा है। दुर्भाग्य की बात यह है की वर्तमान में सत्ताधारी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख तक होने के बावजूद भी इस मार्ग से हिंदू समाज के लोग बरसात आदि प्रत्येक मौसम में कीचड़ और धूल भरे रास्ते से शवों को अंतिम संस्कार को लेकर गुजरते हैं, जिसको लेकर हिंदू समाज में रोष व्याप्त है।

## नारी स्वावलंबन मिशन शक्ति कार्यक्रम

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के अन्तर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम के पांचवे चरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप वन्दना के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह, मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अवनीत मान, प्रबंधक डॉ. संदीप शर्मा एवं डॉ. बालेश विश्नोई (कोषाध्यक्ष) द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित थाना प्रभारी अवनीत मान, उप निरीक्षक सुरेन्द्र पाल, मिशन शक्ति दल के सदस्यों साक्षी, प्रवीण, रुमा, प्रियान्शु, प्रदीप कुमार, हरमेन्द्र कुमार को विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. बालेश विश्नोई, विद्यालय की आचार्या पूनम गुप्ता, मृदुला शर्मा और प्रतिभा चक्रवर्ती ने अंग वस्त्र और गीता साहित्य भेंट कर उनका स्वागत किया। मिशन शक्ति दल की सदस्या साक्षी ने नारी सुरक्षा हेतु महिला हेल्पलाइन की विस्तृत जानकारी दी। थाना प्रभारी ने नारी सुरक्षा के क्रम में आत्म रक्षा की विभिन्न युक्तियों को सिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी बहिनों को आत्म रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया।

# अस्थाई गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा आज जिला बिजनौर भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड नूरपुर के ग्राम फीना स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। डॉ. विनय कुमार पशु चिकित्साधिकारी नूरपुर द्वारा दीपक कुमार का स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. स्वाति सचान पशुचिकित्सा अधिकारी फीना, रजनी जौहर, आर के शर्मा, ग्राम प्रधान फीना, ग्राम सचिव तथा एडीओ पंचायत उपस्थित रहे। उन्होंने गौ आश्रय स्थल में गौ पूजन तथा हवन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि गौ आश्रय स्थल का संचालन श्रीमती रजनी जौहर, प्रबंधक गोपी श्याम समिति द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के समय गौ आश्रय स्थल पर भूसा लगभग 125 क्विंटल हरा चारा 30 कुंतल व चौकर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाए गए। गौवंशों के पीने के पानी की व्यवस्था ठीक है। उन्होंने सचिव एवं खंड विकास अधिकारी नूरपुर को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में घूम रहे छुट्टा गौ वंशों को गौ आश्रय स्थल में संरक्षित किया जाए तथा गौ आश्रय स्थल को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए गौ उत्पाद, वर्मिकंपोस्ट आदि कार्य अपनाने के लिए कहा गया।



**आदेशानुसार बुशरा खुर्शीद**
**सिविल जज ( जू.डि. ) चांदपुर,**
**जिला बिजनौर**

नम्बर मुकदमा 63/2025

**बहादुरशाह जफर बनाम**
**शाहबाज आलम**

बहादुर शाह जफर आयु व्यस्क पुत्र श्री मौ. उमर निवासी मौहल्ला चिम्मन, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर

**बनाम**

शाहबाज आलम आयु व्यस्क पुत्र सरफराज निवासी मौहल्ला सराय रफी, कस्बा चांदपुर, जिला बिजनौर

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 16.10.2025 ई. वक्त 10 बजे दिन के अदालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात को दे सके हाजिर और जवाब देही का दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बाईद अपनी जवाब देही का इस्तेमाल करना चाहते हों।

आपका इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजरी आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक 16.10.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**चांदपुर**

## कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी विकास क्षेत्र बुढ़नपुर, जनपद-बिजनौर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर के परिसर में स्थित एक जर्जर किचन कम स्टोर की नीलामी 15 अक्टूबर, 25 को विद्यालय परिसर में सुबह दस बजे समिति की मौजूदगी में की जायगी। शर्तें विद्यालय में उपलब्ध है। इच्छुक बोलीदाता शर्तों का पालन करते हुए समय पर इसमें भाग ले सकते है।

**खंड शिक्षा अधिकारी, बुढ़नपुर**

## संबंध विच्छेद सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र गुरमीत सिंह, उसकी पत्नी इशिका कौर व उसके पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। गुरमीत सिंह को नशे व जुए की लत लग गई है। मैं इनकी हरकतों से तंग आ चुका हूं। इनके किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **महेंद्र सिंह पुत्र अमीर सिंह, निवासी मौहल्ला गोविंदनगर, कस्बा व थाना नूरपुर, जनपद-बिजनौर ( उ.प्र. )**

# भाकियू प्रधान की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आज भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की मासिक बैठक में संगठन विस्तार और किसान-मजदूरों की समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया। बैठक में प्रशासन की लापरवाही और किसानों की उपेक्षा पर तीखी नाराजगी व्यक्त की गई।



मुख्य मुद्दों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध, अनैतिक रूप से संचालित होटलों पर प्रतिबंध, गन्ने का रेट रुपए 500 प्रति क्विंटल घोषित कर मिल शुरू होने से पहले दर तय करने, जिला को गुलदार मुक्त घोषित करने, राशन वितरण की गड़बड़ियों का निस्तारण, जगदीशपुर में हाईवे किनारे पक्का नाला निर्माण कराया जाए। जिससे हाईवे का पानी ग्राम में न जाए और खसरा-खतौनी संशोधन में हो रहे गठजोड़ को समाप्त करने की मांगें प्रमुख रहीं। बैठक की अध्यक्षता पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष दयाराम सिंह ने की तथा संचालन तहसील अध्यक्ष नीरज बालियान ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष हेमंत सिंह धनकड़, मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी, प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राठी, जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार, रहीसुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मौहम्मद सरफराज अहमद, युवा प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी, मंडल प्रभारी दलवीर सिंह, शाकिर अली, शहजाद खान, महिला तहसील अध्यक्ष भारती, नगर अध्यक्ष फैसल, कुलदीप, राजेंद्र सिंह, जिला मंत्री शकील, युवा तहसील अध्यक्ष मुकुल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक के उपरांत किसानों ने कहा कि ज्ञापन उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को नहीं सौंपा गया, क्योंकि किसानों का कहना है कि जब तक एसडीएम का रवैया किसानों के प्रति सही नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा। किसानों ने आरोप लगाया कि अवैध खनन में उप जिलाधिकारी की मिलीभगत है और अवैध रूप से संचालित होटलों में भी एसडीएम का हाथ बताया जा रहा है। किसानों ने मांग की कि एसडीएम को तत्काल पद से हटाया जाए, अन्यथा धरना और अधिक उग्र किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक भ्रष्टाचार और प्रशासनिक मनमानी पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक किसान धरने से नहीं हटेंगे और आंदोलन अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा। उधर भारतीय किसान यूनियन प्रधान की जो मासिक बैठक आज नजीबाबाद तहसील में हो रही थी, उसमें एसडीएम ने सब शर्तें मान ली और धरने की जो घोषणा की गई थी। वह समाप्त कर दिया गया।

## एक नजर

### शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम पुरैनी में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे डॉक्टरों की टीम ने 120 रोगियों का सकुशल इलाज किया। शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. इलमा परवीन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ एमएम गिल, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, शानू, वर्षा चौहान, निशु रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉक्टर एनपी सिंह भी मौजूद रहे।

### हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। धामपुर की राजपूत विहार कॉलोनी में शैलेंद्र कुमार गहलोत के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति भक्ति प्रचार मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन राम भक्त हनुमान की जय बोलो श्री राम की यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार को भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में शैलेंद्र कुमार गहलोत, निर्मल चौहान, आकांक्षा चौहान, दीप सौरभ, आकाश चौहान, राहुल, नंदकिशोर सिंह आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, आचार्य दिनेश. चंद्र भारद्वाज, मास्टर सुनील कुमार, मनोज कुमार रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, सतेंद्र शर्मा, मनोज रस्तोगी, संदीप भारद्वाज, नीरज कुमार, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### कड़ी मशक्कत कर रात में ही जोड़ी पाइप लाइन

**बिजनौर।** शक्ति चौक के निकट पाइप लाइन फट जाने के कारण कई घंटे नगर में पानी की आपूर्ति बंद रही। नगर पालिका की टीम ने कड़ी मशक्कत कर पाइप लाइन को जोड़ा, तब रात्रि लगभग नौ बजे पेयजल आपूर्ति शुरू की गई। रविवार दोपहर को अचानक पीने के पानी की लाइन फट गई, जिससे पानी का तेज रिसाव शुरू हो गया। सूचना मिलने पर नगर प्रशासन ने टीम को मौके पर भेजा। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाइप लाइन को जोड़ा जा सका। इस दौरान सभासद कुंवर राजवीर सिंह लगातार मौके पर मौजूद रहे।

### हरे-भरे पेड़ों पर चल सकता है आरा



**चांदपुर।** ग्राम बागड़पुर निवासी सागर सिंह जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने उप जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा है कि उनके गांव में मार्ग पर कई हरे-भरे पुराने पेड़ खड़े है, जिनको ग्राम प्रधान कटवाने की फिराक में लगे हुए है। सागर सिंह का आरोप है कि उन पेड़ों के खड़े रहने से किसी भी गांव वाले को कोई ऐतराज नहीं है। साथ ही पेडों के वर्षो पुराने होने से छाया भी रहती है। यह पेड़ गर्मी के मौसम में रोड पर गांव में हरियाली की बयार का प्रमाण देते हैं। सागर सिंह के अनुसार स्कूल की जमीन की खेत की मेंढ पर खड़े पेड़ नाला निर्माण होने से कुछ पेड़ उधर हो गये, कुछ खेत की मेंढ पर रह गये तो कुछ सड़क साईड में आ गये है, जिन्हें कटवाने के फिराक में लगे हुए है। सागर सिंह द्वारा एक वीडियो भी बनाई गई है और सम्बंधित अधिकारियों तक पहुंचाने की बात भी कही है। उधर ग्राम प्रधान बागड़पुर का कहना है कि यह आरोप बेबुनियाद है। उनका कहना है कि गांव के ही कुछ लोगों की आदत गंदी राजनीति करने की रहती है। यह सब उन्हीं का बनाया हुआ खेल हो सकता है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**बिजनौर।** सुसंस्कारिता स्वास्थ्य सेवा बिजनौ विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय मंडावली प्रथम में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मेजर अभिनव सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ. शैलेन्द्र दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. हिमांशु राठी ने रोगियों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में 100 मरीजों की जांच की गई।

### युवक दुर्घटना में घायल

**पैजनिया।** देर शाम को हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर कालिया निवासी शादाब पुत्र मसूद अपनी रिश्तेदारी हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मारूफपुर से बाइक से घर लौट रहा था। जब वह ग्राम पावटी के पास इंडियन पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचा, तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### रुद्राक्ष का नेशनल डिफेंस एकेडमी में चयन

**बिजनौर।** साहित्य विहार निवासी स्वामी बिजनौरी के सुपौत्र एवं राहुल पंडित तथा डॉ. शालिनी शर्मा के सुपुत्र रुद्राक्ष पंडित का चयन नेशनल डिफेंस एकेडमी में हुआ है। रुद्राक्ष ने इसी वर्ष इंटर की परीक्षा डीडीपीएस बिजनौर से उत्तीर्ण की है। रुद्राक्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। रुद्राक्ष का डिफेंस एकेडमी में चयन होने से परिवार में हर्ष का माहौल है। स्वामी बिजनौरी ने रुद्राक्ष की इस उपलब्धि पर परमात्मा की विशेष कृपा बताया है।

### नवमनोनीत पदाधिकारी सम्मानित

**नजीबाबाद।** इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मान्यता संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसो. जनपद बिजनौर के तत्वावधान में एक सभा का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रो होम्योपैथी के वरिष्ठ चिकित्सक जुनैद अंसारी ने कहा कि राजस्थान राज्य की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी का सरकारी बोर्ड गठित होना चाहिए। आगामी दिनों में लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण भी भाग लेंगे। इलेक्ट्रो होम्योपैथी मान्यता संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के नव मनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दिले राणा जिला अध्यक्ष एवं संचालन डॉ. अरविंद कुमार ने किया। कार्यक्रम में डॉ. भूपेन्द्र कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. एहसान उस्मानी, डॉ. ऋषिपाल कश्यप, डॉ. शहाना परवीन, डॉ. अंजुम फातिमा, डॉ. हुमा, डॉ. सुमेरा, डॉ. पंकज, डॉ. गोविंदा, डॉ. मौहम्मद फारूक, डॉ. मौहम्मद यूसुफ, डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. अजीत सैनी, डॉ. महेंद्र सिंह, राहुल आदि चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

# वेल्डिंग करते समय संतुलन बिगड़ने से मजदूर गिरा, गंभीर

## प्राथमिक उपचार के बाद किया मुरादाबाद रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल धामपुर में वेल्डिंग करते समय संतुलन बिगड़ने से एक मजदूर नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे प्राथमिक उपचार के लिए निजी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहड़ा निवासी दिनेश कुमार (40 वर्ष) धामपुर शुगर मिल में ठेकेदार सरवर के अंडर में काम करता है। बताया जाता है कि सोमवार को वह मिल के अंदर झूले पर चढ़कर वेल्डिंग करने का कार्य कर रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से दिनेश झूले से नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद अन्य मजदूरों ने उसे संभालने का प्रयास किया। धामपुर शुगर मिल की एंबुलेंस से उसे तुरंत ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

उधर घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। दिनेश की गंभीर अवस्था को देख कर परिजन दहशत में है।

## कांग्रेस नेता के चाचा पूर्व प्रधान अब्दुल सत्तार का इंतकाल

**नजीबाबाद।** कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व जिला पंचायत सदस्य कानपुर निवासी हाजी नसीम अंसारी के चाचा पूर्व प्रधान अब्दुल सत्तार का अचानक इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल से उनके परिवार में दुख की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रधान के इंतकाल से गांव शोक में डूब गया। नगर नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कांग्रेस नेता नसीम अंसारी के चाचा के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार करते हुए उनकी मगफिरत व मरहूम को जन्नत में आला मुकाम अता फरमाने के लिए अल्लाह से दुआ की है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधान अब्दुल सत्तार ग्राम के ही नहीं मंडावली क्षेत्र के जाने-माने मिलनसार व्यक्ति थे। क्षेत्र में उनके इंतकाल की खबर मिलते ही काफी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया।

# पुलिस के संरक्षण में अवैध मिट्टी खनन



## माफिया कर रहे लाखों के वारे-न्यारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में सत्ता के नशे में चूर अवैध मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा कायदा कानून को ठेंगा दिखा कर, कुछ चर्चित पुलिस कर्मियों के संरक्षण में बेखौफ होकर अवैध खनन द्वारा भरान कार्य को अंजाम देकर लाखों के वारे-न्यारे कर रहे हैं।

सूत्रों की माने तो स्थानीय थाना क्षेत्र में नगर के आस-पास भूतपुरी, हिदायतपुर, चौहड़वाला एवं कासमपुर गढ़ी क्षेत्रों में काटी जा रही है कालोनियां और निर्माणाधीन भवनों में अवैध मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा बेरोकटोक कानून को धता बताकर मिट्टी भरान का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। बताया गया कि रविवार को कासमपुर गढ़ी चौकी से मात्र 500 गज की दूरी पर कासमपुर गढ़ी-सीरवासुचन्द जाने वाले अति व्यस्त मार्ग पर दिन में कई ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा निर्माणाधीन भवन में अवैध मिट्टी भरान किया जा रहा था। उक्त भीड़भाड़ वाले मार्ग पर पैदल व दुपहिया वाहनों का तीव्र गति से चलने वाले मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्रालियों की चपेट में आने का खतरा बना हुआ था, परंतु सत्ता के नशे में चूर खनन माफिया कुछ चर्चित पुलिस कर्मियों की शह पर अवैध मिट्टी भरान के कार्य को अंजाम दे रहे थे।

उक्त खनन माफिया गरीब किसानों को धमका कर या उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर पांच से छह फिट मिट्टी खेतों से उठाकर भरान के कार्य को अंजाम देते हैं। यह लोग कानूनी दांव पेंच से बचने के लिए घरेलू इस्तेमाल के लिए मिट्टी उठाने का ऑनलाइन परमिट बना लेते हैं। बाकेट लगाकर ट्रैक्टर को जेसीबी का रूप देकर ट्रैक्टर ट्रालियों को मिट्टी से लोड किया जाता है। जिससे कृषि भूमि की ऊपरी सतह जो बेहद उपजाऊ होती है खेती के काबिल नहीं रहती है। किसान थोड़े से लालच में आकर अपने आपको बर्बाद कर लेता है और अवैध खनन माफिया पूंजीपति होता जाता है। अवैध खनन माफिया विरोध करने वाले आमजन हो चाहे मीडिया कर्मी सत्ता की गुंडई दिखाकर अंजाम भुगतने को धमकाते भी हैं। क्योंकि फिलहाल भ्रष्ट अधिकारियों का बोलबाला है।

## बिना रिश्वत के नांगल थाने में नहीं हो रहा काम: चौधरी दिगम्बर सिंह

### जमीनी विवाद में पुलिस पर हमसाज होने का आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने ट्रेनी सीओ/सहायक थाना प्रभारी नांगल पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें दिगंबर सिंह सीओ पर खानपुर में एक जमीनी मामले में जबरन एक पक्ष को कब्जा कराने का आरोप लगा रहे हैं।

नांगल थाना क्षेत्र के खानपुर मौजे में अतुल अग्रवाल व राजवीर काकरान पक्ष में जमीनी विवाद चल रहा है। अतुल अग्रवाल पक्ष ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की थी। मामले में मंगलवार को भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह नांगल थाने पहुंचे और पुलिस पर एक पक्ष के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वह सीओ/सहायक थाना प्रभारी कुलदीप यादव पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगा रहे हैं। वीडियो में दिगंबर सिंह कह रहे हैं कि राजवीर काकरान उनके संगठन का कार्यकर्ता है, दूसरा पक्ष सत्ता से जुड़ा है। सीओ दूसरे पक्ष से हमसाज होकर जबरन राजवीर की जमीन पर कब्जा दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि जब से सीओ नांगल थाने में आए हैं तब से भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने सीओ पर बिना रिश्वत के कोई कार्य न करने का आरोप भी लगाया है।

## बदलते मौसम में बच्चों का रखें खास ख्याल: डॉ. रोहित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बदलते मौसम ने अब ठंड की दस्तक दे दी है। दिन में हल्की गर्मी और सुबह-शाम ठंडी हवाओं का एहसास लोगों को सर्दी की शुरुआत का संकेत दे रहा है। ऐसे समय में बच्चों की सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। क्योंकि सात वर्ष तक की उम्र के बच्चे मौसम के प्रभाव में जल्दी आ जाते हैं।

स्थानीय प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित ने बताया कि इस मौसम में बच्चों में सर्दी-जुकाम, खांसी, गले में खराश, बुखार और एलर्जी जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे अपनी असुविधा को सही ढंग से व्यक्त नहीं कर पाते। इसलिए माता-पिता को उनके स्वास्थ्य में होने वाले छोटे-छोटे बदलावों पर भी नजर रखनी चाहिए। डॉ. रोहित ने कहा कि माता-पिता को चाहिए कि बच्चों को इस मौसम में सुबह-शाम ठंडी हवा से बचाएं। उन्होंने सलाह दी कि बच्चों को घर का बना ताजा और पौष्टिक भोजन जैसे दूध, दालें, फल और हरी सब्जियां नियमित रूप से खिलाएं, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे। उन्होंने बताया कि अगर बच्चे को लगातार खांसी जुकाम या तेज बुखार की शिकायत हो तो घरेलू नुस्खों पर निर्भर न रहें, बल्कि तुरंत नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें। देरी करना कभी-कभी गंभीर संक्रमण का रूप ले सकता है। डॉ. रोहित ने सलाह दी कि बच्चों को न तो ज्यादा गर्म कपड़ों में लपेटें और न ही बहुत हल्के कपड़े पहनाएं, संतुलन बनाए रखें। दिनभर पर्याप्त पानी पिलाएं और उन्हें साफ-सफाई की आदत डालें। थोड़ी-सी सावधानी पूरे मौसम में बच्चों को स्वस्थ रख सकती है।

# आबादी में गुलदार आने से ग्रामीणों ने जाग कर गुजारी रात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एक गांव में आबादी में गुलदार घुस जाने के कारण ग्रामीणों ने पूरी रात पहरा लगाकर गुजारी।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव माननगर की आबादी में बीती रात गुलदार घुस गया, जिसे देखकर ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर गुलदार मौके से भाग गया। गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। देर रात 9:00 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव माननगर राजकीय आदर्श इंटर कालेज के समीप पुन: गुलदार दिखाई दिया। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर गुलदार भाग गया। ग्रामीण अभी सोए भी नहीं थे कि गुलदार आधे घंटे बाद फिर से आबादी की ओर आ गया। ग्रामीणों गोपी, खेमराज, हेमराज, कपिल, हरपाल, जयप्रकाश, गोपाल आदि ने जंगल की ओर गुलदार को खदेड़ दिया। गुलदार की दहशत से ग्रामीणों ने पहरा लगाते हुए पूरी रात जागकर गुजारी।

गौरतलब है कि इस समय गन्ना व धान की फसल तैयार खड़ी है जो कि गुलदार आदि जंगली जानवरों को छिपने के लिए पर्याप्त है। जंगली जानवर भूख और प्यास की शिद्दत से आबादी की ओर आ जाते हैं। प्रात: ग्राम प्रधान ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

# दीपावली के पर्व को मिलजुलकर मनाएंगे



## स्योहारा में दिखी गंगा-जमुनी एकता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रोशनी और खुशियों का पर्व दीपावली नजदीक आते ही नगर में भाईचारे और सौहार्द का सुंदर संदेश फैल रहा है। नगर के विभिन्न समाजसेवियों, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और एकता का प्रतीक है।

वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि दीपावली बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलजुल कर दीप जलाने चाहिए, ताकि समाज में नफरत की नहीं प्रेम और भाईचारे की रोशनी फैले।

व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि दीपावली पर हर वर्ग के लोग एक-दूसरे के घर जाएं मिठाइयां बांटें और आपसी संबंधों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि स्योहारा हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब की धरती रही है। यहां दीप हर दिल में जलता है।

बसपा के युवा नेता इफ्तेखार चौधरी ने कहा कि स्योहारा की पहचान ही आपसी भाईचारे से है। चाहे होली हो या दीपावली मुस्लिम भाई हमेशा अपने हिंदू भाइयों के साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं। यही हमारे नगर की असली पहचान है।

कांग्रेस नेता नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि दीपावली का संद.ेश यही है कि हम सब एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल रहें। इस त्यौहार पर हमें नफरत की दीवारें गिराकर मौहब्बत के दीए जलाने चाहिए।

भाजपा नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि स्योहारा में सभी धर्मों के लोग जिस तरह एकजुट होकर त्यौहार मनाते हैं। वह देश के लिए मिसाल है। उन्होंने कहा दीपावली सिर्फ एक धर्म का पर्व नहीं, बल्कि उजाले और आशा का त्यौहार है जो सबके जीवन में नई ऊर्जा लाता है।

कांग्रेस नेता खलीक चौधरी ने कहा कि दीपावली का त्यौहार अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है। हमें समाज में फैल रही नफरत के अंधकार को मिटाकर इंसानियत के दीए जलाने चाहिए। उन्होंने कहा त्यौहार के इस मौके पर नगर के सभी वर्गों में उत्साह का माहौल है।

बाजारों में रौनक लौट आई है और सभी लोग दीपावली को आपसी एकता और भाईचारे के साथ मनाने की तैयारी में जुटे हैं।

## एक नजर

### इंडियन यूथ आर्मी संगठन की सभा



**नगीना।** इंडियन यूथ आर्मी अराजनैतिक संगठन की एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव रोहित कुमार रवि ने की एवं संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक प्रधान ने किया। सभा में संगठन के प्रचार-प्रसार, साधारण एवं सक्रिय सदस्य जोड़ने के अभियान, संगठन के लिए आवश्यक सामग्री एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने संबंधित विभिन्न सामाजिक कार्यों के विषय पर सभी इंडियन यूथ आर्मी अराजनैतिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने विचार किया एवं सर्वसम्मति से इन प्रस्तावो पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। अंकुर कुमार को राष्ट्रीय उपमहासचिव एवं मीनाक्षी चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा के पद पर नियुक्त कर फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इब्राहिम प्रधान एवं अनुज कुमार ने भी सदस्यता ग्रहण की, जिनका स्वागत भी फूलमालाओं से किया गया। इस मौके पर इंडियन यूथ आर्मी अराजनैतिक संगठन के संस्थापक एड. विसवास राव, राष्ट्रीय महासचिव युवा नेता रोहित कुमार रवि, राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि मालवा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देशराज सिंह, राष्ट्रीय सचिव रामगोपाल सिंह, राष्ट्रीय सूचना मंत्री रोहित कुमार, राष्ट्रीय सचिव सुमित पाल आदि मौजूद रहे।

### लेख संग्रह 'कलम गोयद' का विमोचन




**नगीना।** स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, शायर अब्दुल गफ्फार दानिश नूरपुरी के लेख संग्रह 'कलम गोयद' का विमोचन नगीना एजुकेशनल एवं सोशल ट्रस्ट के बैनर तले यहां राकिम मंजिल पर मौहम्मद दाऊद नूर, डॉ. अरशद उर्फ शेख नगीनवी, परवेज आदिल माही, इरशाद मुल्तानी, इरफान फलाही, नाजिर वहीद, मुकीध्म मंडावरी, डा. एहतेशाम नौमानी, तनवीर आलम अंसारी के कर कमलों द्वारा किया गया। उर्दू साहित्यकार डॉ. शेख नगीनवी ने पुस्तक का परिचय कराते हुए कहा कि दानिश नूरपुरी का यह संग्रह विभिन्न समाचार पत्रों में उनके प्रकाशित 78 चुनिंदा लेखों का संग्रह है, जिसमें देश दुनियां की ज्वलंत समस्याओं को सकारात्मक सोच के साथ उठाया गया है। शिक्षाविद परवेज आदिल ने संग्रह की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दानिश नूरपुरी ने बड़ी बेबाकी के साथ कलम उठाया है और अपने लेखों में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए हल भी समझाया है। दिल्ली से पधारे नाजिर वहीद ने दानिश नूरपुरी को बधाई देते हुए उनके ऊर्जावान और सकारात्मक सोच के कलम को आगे भी राष्ट्रीय हित एवं जनसेवा के लिए चलाने की कामना की। एहतेशाम नौमानी ने कहा कि दानिश नूरपुरी के लेख हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के बाहर सैकड़ों की तादाद में समाचार पत्रों व सोशल साइट्स पर प्रकाशित होते हैं जो जनपद बिजनौर के लिए गर्व की बात है। विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मौहम्मद दाऊद मुल्तानी नूर नगीनवी ने की। इस अवसर पर शायरों ने अपना कलाम भी पेश किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. शेख नगीनवी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### अटेवा ने की कार्रवाई की मांग



**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा सहारनपुर के जिलाध्यक्ष राजनीश सहगल के स्वास्थ्य की जानकारी के लिए उनके पैतृक गांव पहुंच कर अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, मंडल अध्यक्ष तालिब हसन, मंडल महामंत्री प्रवीण चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन शर्मा, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष दीपक गर्ग, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र मुजफ्फरनगर, जिला संरक्षक सहारनपुर डा. अजय कुमार शर्मा, पंकज सिरोही जिला मंत्री, पंकज कुमार, जिला उपाध्यक्ष, चंचल नागपाल जिला उपाध्यक्ष, ब्रह्मपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बलिया खेड़ी, हरिपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष पुंवारका, धीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सरसावा, प्रमोद कुमार ब्लॉक अध्यक्ष नानौता आदि उपस्थिति रहे। इस अवसर पर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह एवं संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने परिजनों से मिलकर पूरे सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि संगठन आपके परिवार के साथ प्रत्येक स्तर पर खड़ा है। सहारनपुर जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष के मजबूत पदाधिकारी है। वे बड़ी शिद्दत के साथ पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होकर संघर्ष कर रहे हैं। हमेशा पेंशन विहीन शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा के लिए किया है। संगठन उन पर हुए हमले की घोर निंदा करता है। प्रशासन से हमलावरों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग करता है।

### दिशा के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के प्रबंधन विभाग के छात्रों ने बीएचईएल (हरिद्वार) का शैक्षिक भ्रमण किया। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्राओं को भ्रमण के लिए रवाना किया। संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने बताया कि बीएचईएल जैसे प्रतिष्ठित उद्योग का भ्रमण छात्रों के कैरियर के लिए लाभकारी साबित होगा। छात्रों ने बीएचईएल के टरवाईन ब्लाक, प्लांट लेआउट, हेवी फेबरीकेशन शॉप, ऊर्जा संरक्षण आदि का अवलोकन किया। जहां ट्रेनर राजकमल ने उन्हें निर्माण प्रक्रिया, मशीन शॉप्स एवं उत्पादन कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। लाइट मशीन शॉप में छात्रों ने शिप्ट समय, कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं आदि से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका उन्हे संतोषजनक उत्तर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख डा. समीर अहमद, विभागाध्यक्ष डा. एकता मलिक एवं दीपक शर्मा एवं छात्र-छात्राएं इति चौहान, खुशी, पूजा प्रजापति, जोहा शरीन, अभिषेक कुमार, आशुतोष चौहान, निकुंज माहेश्वरी, देविका, तृप्ति, प्रतिक्षा चौहान, अलफिसा, शुभाग्नि शर्मा, नैना, अभय शर्मा, आदित्य कुमार, फातिमा निशा, खूशी चौहान, मौ. उमैर, सस्कृति अग्रवाल, अब्दुल कादिर, मौ. फेज, मौ. फैजान, मौ. जिशान, निशांत सिंह, ध्रुव यादव, मनीषा रानी, भीष्म शर्मा, सायना अंसारी, कृतिका अग्रवाल, कृतिका शर्मा आदि भी उपस्थित थे। इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

# छापामारी रूटीन प्रक्रिया विरोधियों को मिला मौका

**○ सोशल मीडिया पर फैलायी जाती रहीं तरह-तरह की अफवाहें**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उद्यमी हों या बड़े कारोबारी किसी न किसी मामले अथवा टैक्स आदि ओर लेन-देन को लेकर सरकार की एजेंसियों के रडार पर रहते है। जबकि समय-असमय छापामार कर जांच होती रहती है। मांस निर्यातक के आवास और प्रतिष्ठान पर की गई छापामार कार्यवाही भी इसी का एक हिस्सा माना जा रहा है,लेकिन निर्यातक के विरोधियों को जैसे मौका मिल गया और वह सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अफवाहें फैलाने से नहीं चूंके।

मीट कारोबारी के यहां छापामार कार्यवाही क्या हुई बस विरोधियों को तो जैसे मौका मिल गया। विरोधी बिना किसी देर गांवाय ऐंसे सक्रिये हुए कि उन्होने इस कार्रवाई को किसी न किसी माध्यम से फैलाना शुरू कर दिया। जबकि मीडिया को भी विभिन्न माध्यमों से तरह-तरह की जानकारियां दी जाने लगी। इतना ही छापामार कार्रवाई की आड़ में निर्यातक को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया को हथियार बनाकर अफवाहें फैलायी जाती रहीं, जबकि बंद घर और प्रतिष्ठान पर छापमार कार्रवाई में क्या-क्या हुआ इसकी जानकारी अंदर से बाहर नहीं आ सकी। जबकि इनकम टैक्स विभाग और उसकी सहयोगी ऐंजसियां इस तरह की कार्यवाहियां शिकायत मिलने पर अमल मे लाती रहती हैं, जो एक प्रक्रिया का हिस्सा भी होता है साथ ही इसे कोई कोई बड़ी बात भी नहीं कहा जा सकता। वित्त मंत्रालय द्वारा शिकायत मिलने पर इस तरह की छापेमारी का होना भी कोई बड़ी बात नहीं हैं क्योंकि देश की नामचीन व्यवसाय करने वाली हस्तियां रूटीन की चैकिंग का हिस्सा बनती रहती हैं। इससे पूर्व भी अन्य शहर व स्थानों पर ऐंसी कार्रवई सामने आती रही हैं, लेकिन यहां जिस तरह से सोशल मीडिया को हथियार बनाकर अफवाहें फैलायी गई उससे लगा कि जैसे विरोधियों को अच्छा मौका मिल गया और तरह की अफवाहें फैलाकर कुछ अलग ही हवा देने का कुत्सित प्रयास किया।

# मांस निर्यातक के यहां छापामारी

**❍ छापामार कार्रवाई पूरी तरह से रखी गई गोपनीय ❍ वाहनों के लम्बे काफिले से पहुंचे अधिकारी और कर्मचारी ❍ निर्यातक के कर्मचारियों के घरों पर भी पहुंची टीमें**



सम्भल- मांस निर्यातक के आवास के बाहर निगरानी करते पुलिसकर्मी।

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मांस निर्यातक के निवास और फैक्ट्री समेत कई स्थानों पर बड़े स्तर पर छापमार कार्रवाई की गयी है। छापामार एजेंसी का स्पष्ट पता नहीं चल सका है लेकिन सुबह सवेरे प्रवर्तन निदेशालय (ई डी), आयकर विभाग (आई टी) और सीबीआई की टीमों द्वारा एक साथ छापामार कार्रवाई करने की चर्चायें की जा रही हैं। छापमारी करने लगभग 70 कारों के साथ पहुंचे टीमों में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या सौ होना बताया जा रहा है।

सोमवार की सुबह सवेरे लोग नींद से जाग भी नहीं सके थे कि हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला भूड़ा में कारों का बड़ा काफिला वहां पहुंच गया। मांस निर्यातक के आवास के बाहर आकर रूके कोई कुछ समझ पाता, आनन-फानन में वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मौजूद पीएसी के जवानों ने मांस निर्यातक की कोठी को चारों ओर से घेर लिया जबकि अंदर से बाहर और बाहर से अंदर प्रवेश करने से रोक दिया। कोठी के अंदर प्रवेश कर अधिकारियों और कर्मचारियों ने मांस निर्यातक की कोठी के गेट को अंदर से बंद कर दिया गया और जांच में जुट गई। बड़े स्तर पर मांस निर्यातक के आवास पर छापामार कार्रवाई की भनक लगते ही मीडिया का जमावड़ा भी मौहल्ला भूड़ा पर लग गया, लेकिन टीमों में शामिल अधिकारियों ने किसी को कुछ नहीं बताया और जानकारी दिए बिना अंदर जांच पड़ताल में जुट गई। अंदर क्या कार्रवाई की गयी और टीमों में किन-किन विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे इसकी भी कोई जानकारी किसी को नहीं हो सकी। बल्कि अंदाजा लगाया जा रहा है कि छापमार कार्रवाई में ईडी, सीबीआई और आईटी के अधिकारी शामिल हैं। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने व छापामार कार्रवाई के दौरान किसी तरह का कोई विघन नहीं पड़े इसके लिए बड़ी संख्या में पीएसी के जवानों को तैनात किया गया। चर्चा है कि मांस निर्यातक का बड़ा कारोबार है और उनका करीब एक हज़ार करोड़ की कारोबार है। टीमों ने उनके आवास, फैक्ट्री के अलावा अन्य घरों पर भी छापा मारा। छापामारी देर शाम तक जारी रहने की संभावना है। समाचार लिखे जाने तक छापामार कार्रवाई किसी की शिकायत अथवा खातों से लेन-देन पर की गई इसकी अधिकारिक कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी।

# मीडिया के साथ स्थानीय पुलिस को भी रखा गया कार्रवाई से दूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मांस निर्यातक के आवास और प्रतिष्ठान पर छज्ञपमारी कारवई को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया। किसी को इसकी कानो-कांन खबर नहीं लग सके इसके लिए स्थानीय पुलिस भी साथ नहीं थी। बल्कि छापामारी के दौरान थानों की पुलिस के बजाये पीएसी के जवान शामिल रहे।

सुबह सवेरे मांस निर्यातक के आवास और प्रतिष्ठानों तथा कर्मचारियों पर छापा मार कार्रवाई करने पहुंची टीमों में शामिल अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को भी पूरी तरह से दूर रखा, जबकि कार्रवाई के दौरान पी ए सी के जवानों की तैनाती रही। पीएसी के जवानों ने मौहल्ले के मुख्य मार्ग व मांस निर्यातक की कोठी के पास भी किसी को फटकने नहीरं दिया जबकि भीड़ भी नहीं लगने दी। पीएसी के जवान मांस निर्यातक की कोठी के बाहर के अलावा आसपास फैल गए।

## देर सांय तक दस्तावेज़ों को खंगालती रही टीमें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अफसरों की बड़ी फौज के साथ मांस निर्यातक के आवास और प्रतिष्ठान पर छापामार कार्रवाई करने पहुंची टीमों ने मांस निर्यातक के आवास और प्रतिष्ठान पर छापामार कार्रवाई के दौरान जांच आदि की जबकि देर सांय तक दस्तोवज़ों को खंगालने में जुटी रहीं।

## छापे में कुछ खास नहीं मिलने की चर्चाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मांस निर्यातक के आवास और प्रतिष्ठान पर छापमार कार्रवाई में अधिकारियों को कितना कुछ मिल सका इसकी जानकारी नहीं मिल सकी लेकिन सूत्रों की माने तो अधिकारी कुछ खास नहीं पकड़ सके इसलिए छापामारी देर तक जारी रही।

# सपा ने बसपा व भाजपा पर साधा निशाना

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सपा नेता के बेटे के शादी समारोह में शामिल होने आए सपा नेताओं ने बसपा और भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

समाजवादी पार्टी के नेता उप नगरी सराय तरीन स्थित नूरी पैलेस में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी के सदस्य फिरोज खां के बेटे की शादी समारोह में शामिल होने आये थे। मुरादाबाद की सांसद रूचीवीरा एवं क्षेत्रीय सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क व शहर विधायक इकबाल महमूद एवं पूर्व मंत्री एवं विधायक शाहिद मन्जूर, विधायक पिंकी यादव, पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आंवला साजिद अली खां समेत कई राजनीतिक हस्तियां शामिल रहीं। इस दौरान मुरादाबाद की सांसद रूचीवीरा ने मीडिया से वार्ता करते हुए बसपा सुप्रीमों मायावती द्वारा सपा को दलालों की पार्टी कहे जाने पर कहा कि वो भाजपा की तारीफ कर रही है खुद अंदाजा लगा सकते हैं कि इसके क्या मायने हैं। 09 साल से कोई रैली नहीं की वह खुद कह रहीं है सारा इंतेजाम बीजेपी ने किया है और योगी जी की तारीफ ने इसे साफ कर दिया है कि कौन दलालों की पार्टी है। मौलाना मोहिबुल्ला नदवी और आजम खां के बीच रार पर उन्होने कहा कि आजम साहब सपा के संरक्षक और संस्थापक सदस्य हैं। कोई तकरार नहीं है बड़े होने के नाते कुछ कह दिया तो कोई बात नहीं है हम लोग छोटे हैं हम उस पार्टी से सांसद बने हैं जिसको खून पसीने से सींचा है हमे कोई गैर मुनासिब बात करने की जरूरत नहीं है। मौलाना को नहीं जानते के सवाल पर कहा कि जेल मे थे न अखबार था, न मोबाईल और न टी वी उनको क्या मालूम। गुटबाजी पर कहा कि रिश्ते अच्छे होने चाहिए हमे लड़ाई भाजपा से लड़नी है आपस मे नहीं। कोई शिकायत है तो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से करे। आजम खां देश के बड़े नेता हैं। जयप्रदा, बेगमनूर बानो, आकाश सक्सैना और मौलाना मोहिबुल्ला से ठनने के सवाल पर कहा कि मीडिया ज्यादा बाते करता है। उन पर 114 मुकदमे लगे हैं परिवार तकलीफ मे हैं। जयप्रदा को लेकर कहा कि 20 साल पुरानी बातो से कुछ हासिल नहीं होगा। आने वाले वक्त मे हम सरकार बनायेंगे हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करेंगे। पूर्व मंत्री शाहिद मन्जूर ने कहा कि हिन्दुस्तान की आवाम का जो रूख है वह भाजपा के खिलाफ हैं किसान मजदूर को लेकर जो जुम्ले कहे थे उसको पूरा नहीं किया। बिहार मे भाजपा को नाकार कर जनता सबक सिखायेंगी। बिहार मे बुर्का हटाकर वोट डालने के सवाल पर कहा कि चुनाव आयोग हो या कोई और आयोग है इनका काम खत्म हो गया सरकार के इशारे पर काम करने का रह गया है।



## बिन छुट्टी के मांस के लिए तरसे शौकीन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** धार्मिक त्यौहार अथवा राष्ट्रीय पर्व पर मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगता रहा है लेकिन मांस फैक्ट्री में की गई छापमार कारवाई ने मांस के शौकीनों को तरसा दिया।

रविवार की सुबह सवेरे की गई छापामार कार्रवाई में कुछ अधिकारी चिम्यावली स्थित मांस फैक्ट्री भी पहुंच गयी। जिस समय अधिकारी फैक्ट्री से मांस दुकानदार मांस लेकर आते हैं उस समय ही अधिकारियों का फैक्ट्री पर अधिकारियों का जमावड़ा लग गया। फैक्ट्री में मौजूद मांस दुकानदारों ने बताया कि सुबह सवेरे ही वह मांस लेने फैक्ट्री जाते है। जैसे हीर अधिकारी वहां पहुंचे उन्होने सभी को वहां से बाहर कर दिया। छापमार कार्रवाई के चलते उन्हे मांस की आपूर्ति नहीं मिल सकी। जिसके चलते दिन भर मांस की दुकानें बंद रहीं और मांस से बने व्यंजनों के शौकीनों को तरसना पड़ा।

## सबके अम्बेडकर पर विचार गोष्ठी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि महोत्सव में तीसरे सत्र में सबके अम्बेडकर डा. भीमराव आंबेडकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# संतान की समृद्धि का पर्व है अहोई अष्टमी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के सन्तोषी माता श्रीबाँके बिहारी मन्दिर में अहोई अष्टमी पर्व का महत्व बताया गया। पण्डित श्याम बिहारी महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में परिवार और रिश्तों का विशेष स्थान है, जहाँ प्रत्येक संबंध की सुरक्षा और खुशहाली के लिए कई व्रत और त्योहार मनाए जाते हैं। खासकर माता-पिता अपनी संतान की लंबी उम्र, सफलता और कल्याण के लिए गहरी श्रृद्धा के साथ उपवास रखते हैं। ऐसे ही व्रतों में अहोई अष्टमी का व्रत अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिसे माताएं अपनी संतान की रक्षा और उन्नति की कामना से करती हैं। अहोई अष्टमी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन माताएं सूर्योदय से लेकर रात में तारे निकलने तक व्रत रखती हैं और शाम को तारे निकलने के बाद उनकी पूजा-अर्चना कर व्रत खोलती हैं। ऐसा माना जाता है कि अहोई अष्टमी का यह व्रत संतान के जीवन से जुड़ी सभी बाधाओं को दूर करता है। यह व्रत मातृत्व की शक्ति और संतान के प्रति अपार प्रेम का सुंदर प्रतीक है। इस दौरान पूजा गोयल, गार्गी गोयल, नीरज शर्मा, चित्र शर्मा, काजल, हेमलता आदि मौजूद रहीं।

## महिलाओं ने की पुत्रों की दीर्घायु की कामना

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर में अहोई अष्टमी मनाई गई। महिलाओं ने अपने पुत्रों की दीर्घायु की कामना की।

करवाचौथ पर जहां महिलाएं पति की दीर्घायु को व्रत रखती हैं। वहीं अहोई अष्टमी पर्व पर महिलाएं पुत्र के लिए व्रत रखकर उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं। वह घरों में अहोई अष्टमी की पूजा करती हैं। उसके बाद बायना निकालती हैं। सूरज को अर्क देती हैं। यह पर्व पुत्रों के लिए होता है।

## एक नज़र इधर भी

### दो दिन गुन्नौर क्षेत्र में रहेंगे बदायूं सांसद

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** समाजवादी पार्टी के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव 14 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक अपने संसदीय क्षेत्र में रहेगें।सांसद बदायूँ आदित्य यादव 14 अक्टूबर को अपरान्ह 12 बजे कलेक्टेट सभागार बहजोई में आयोजित भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक में उपस्थित रहेगें। तत्पश्चात् विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर में आयोजित विभिन्न राजनैतिक व निजी कार्यक्रमों में सम्मिलित होगे। रात्रि विश्राम यारा फर्टिलाइजर बबराला जनपद सम्भल में करेंगे। 15 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन, बबराला में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व आम जनता से भेंट करेगे व उनकी समस्याओं को सुनेगें। यह जानकारी उनके सचिव अनिल गोस्वामी ने दी है।



सम्भल-संगठन के विस्तार को दायित्वधारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते

### भाकियू महाशक्ति ने सौंपी जिम्मेदारियां

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जनपद में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिला अध्यक्ष मिथिलेश शास्त्री के नेतृत्व में व राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह की उपस्थिति में संगठन का विस्तार करते हुए किसानों से संबंधित समस्याओं का मुद्दा उठाया गया।गुन्नौर तहसील क्षेत्र के कैल गांव में बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह द्वारा प्रेमपाल यादव को जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव को जिला महामंत्री तथा तरुनेश को बबराला नगर अध्यक्ष बनाया गया तथा इसके अलावा अन्य गांवों से भी ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किए गए। बैठक में आवारा गौवंशों तथा डीएपी खाद को लेकर समस्याओं का मुद्दा उठाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मिथिलेश शास्त्री, ठाकुर सुनील सिंह, बंटी सिंह लोधी, शैलेंद्र, जितेंद्र ठाकुर, लव कुश आदि उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने की सरकार के निर्णय की सराहना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर जारी किया विशेष सिक्का और डाक टिकट की सराहना की। भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शताब्दी पर सम्मानित करने के लिए 100 रुपये का विशेष सिक्का और डाक टिकट जारी किया। इस सिक्के पर अशोक स्तंभ और भारत माता को नमन करते स्वयंसेवक दिखाई दे रहे हैं। जबकि डाक टिकट देश भर के डाक संग्रहालय से उपलब्ध है। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान को सराहा। इस दौरान हर्षित वार्ष्णेय, जूलियस सीजर, इंदीवर सिंह, राहुल कुमार, उमेश चन्द्र आदि रहे।



सम्भल-रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इं. का. में बालिकाओं को जागरूक करते।

### बालिकाओं को स्वालंबी बनाने को किया जागरूक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सोमवार को सौंधन स्थित रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक आंचल सिद्धू ने छात्रओं को विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा साइबर सुरक्षा से लेकर अपराधों से बचने के तरीके बताए। महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन तथा यातायात के सभी नियमों की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जबकि बालिकाओं को उनकी सुरक्षा सम्मान के प्रति जागरुक करते हुए विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराते हुए छात्रओं को उनकी सुरक्षा सम्मान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कैला देवी थाने से महिला सुरक्षा विशेष दल प्रभारी उपनिरीक्षक आंचल सिद्धू कांस्टेबल रजत चौधरी उपस्थित रहे।

# भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की राष्ट्रीय पहल

**○भाजपा कार्यालय पर राज्यमंत्री व जिलाध्यक्ष ने की प्रेस कान्फ्रेंस**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भारत को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की राष्ट्रीय पहल है इसका उद्देश्य है हर नागरिक को आत्मनिर्भर के संकल्प से जोड़ना, हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी, की भावना को सशक्त करना और वोकल फार लोकल का संदेश जन जन तक पहुंचाना है।

उक्त वक्तव्य भाजपा के जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में माध्यमिक शिक्षामंत्री गुलाब देवी और जिलाध्यक्ष हरेन्द्र चौधरी ने संयुक्त रूप से दिए। उन्होने कहा कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। जिला एवं मंडल की अभियान समिति का गठन 1033 जिलों में से 938 जिलों और 17702 मंडलों में से 15675 मंडलों में अभियान की समितियों का गठन सफलता पूर्वक हो चुका है 28 सितंबर को बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम के दौरान देश भर में स्वदेशी उपकरणों को बढावा देने का संकल्प अभियान आयोजित किया गया। जिसमें नागरिकों द्वारा स्वदेशी संकल्प पत्र भरे गये प्रेस वार्ता में परमेश्वर लाल सेनी, मुकुल कुमार रस्तोगी, प्रभात शर्मा, मनोज ांजीमतपलं, विपिन गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, सनी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# आतिशबाजी के अवैध भंडारण पर रहेगी पुलिस की नज़र

**○डीजीपी ने अभियान चलाकर जांच के डीएम एसपी को दिए निर्देश ○ पूर्व में गुन्नौर में पटाखों से हो चुकी है बड़ी दुर्घटना**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध अतिशबाज़ी के भंडारण पर जल्द ही कार्रवाई की जा सकेगी। डीजीपी के निर्देश पर पटाखा गोदामों और अवैध भंडारण रोकने को अभियान चलाकर जांच की जायेगी।डीजीपी ने प्रदेश के सभी डीएम और एसपी को निर्देश जारी किये।

प्रदेश केडीजीपी राजीव कृष्णा ने लोगों की सुरक्षा को देखते हुए पटाखों की अवैध बिक्री व भंडारण को अभियान चलाकर रोकने के निर्देश दिए है। जाए। उन्होंने यह भी कहा का जहां बस्ती हो वहां बिक्री को तुरंत रोका जाऐ। उन्होंने आदेश दिया कि जिले के आला अधिकारी टीम गठित कर लोगों की जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक सघन चेकिंग अभियान चलाऐ। जहां जिस जगह अवैध पटाखों के भंडारण की सूचना मिले उसे जब्त कर कड़ी कार्रवाई की जाये। कहीं किसी जिले में कोई दुर्घटना होती है तो जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। इसलिए समय रहते इस पर रोक लगाई जाए। जिससे दीपावली का पर्व शांति पूर्वक लोग मना सकें। इन निर्देशों के तहत अधिकारी पालन करने में लगे हैं। गुन्नौर में आतिशबाजी दीपावली को लेकर बन रही है। पुलिस इन पर निगाह रखे है। पूर्व में पटाखे से गुन्नौर में दुर्घटना हो चुकी है।

## भाजपा नेता ने मीट बोन उत्पाद जीएसटी के तहत लाने की मांग को वित्तमंत्री को सौंपा पत्र

**सम्भल।** वरिष्ठ भाजपा नेता ने वित्तमंत्री सुरेश खन्ना से भेंटकर मीट बोर्न उत्पादों को जीएसटी के तहत लाने का मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उन्होने व्यापार की कीजनपद सम्भल की सचल दल इकाई को जनपद सम्भल से ही संचालित किये जाने की भी मांग की। साथ ही जी एस टी विभाग द्वारा निरंतर व्यापारियों को नोटिस एवं उत्पीड़न से भी अवगत कराया। भाजपा नेता संजय सांख्यधर ने बताया कि वित्तमंत्री सुरेश खन्न ने मीट एवं बोर्न उत्पादों को जी एस टी काउंसिल की बैठक में रखने तथा ट्रैड टैकस अधिकारी को व्यापाररियों के साथ समन्वय बनाने के निर्देश दिए है।

## लैंगिक समानता के बारे में किया गया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी रायसत्ती ने एंटी रोमियो टीम मिशन शक्ति टीम व चौकी प्रभारी रायसत्ती ने ग्राम सदीरनपुर में पंचायत भवन पर चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/ बच्चों को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने और उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया। जबकि बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है तथा उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181 वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन की जानकारी दी।

# खाद और बीज लेकर पंजाब को रवाना हुई कोर्डिनेशन कमेटी

**○पंजाब में गोद लिए गए बाढ़ पीड़ित चार गांवों में होगा वितरण**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पंजाब बाढ़ सहायता कोर्डिनेशन कमेटी, मुरादाबाद मंडल (उ प्र) का बाढ़ सहायता वाहन किसान हाट कम्प्लेक्स, एचोड़ा कंबोह, जनपद सम्भल से डेरा बाबा नानक, जिला गुरुदास पुर के लिए रवाना हो गया।

रविवार को पंजाब बाढ़ सहायता कोर्डिनेशन कमेटी, मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह, जनरल सेक्रेटरी डी एन सिंह, पनसुखा मिलक सम्भल निवासी, गुरुद्वारा साहिब छावी और फूल पुर के प्रतिनिधि एवं आस पास के गावों के निवासी, गुरुद्वारा साहिब जगुआ के प्रतिनिधि, गुरुद्वारा साहिब खनसाल, नगलिया, ढकिया आदि गावों के निवासी गोद लिए गए चार गांव में खाद बीज की सेवा देने जा रहे है। गांव मन्नीखेड़ा और गुरुद्वारा साहिब भड़वाड़ा के प्रतिनिधि कल डेरा बाबा नानक गुरु द्वारा साहिब पहुंचेंगे। कोर्डिनेशन कमेटी के उपाध्यक्ष मुशीर तरीन, शाहनवाज सम्भली, विजय पाल सिंह, राजवीर सिंह, बड़ा ताजुद्दीन और लवकुश शर्मा ग्राम सभा एचौड़ा कंबोह के प्रधान ने राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर सहायता वाहन को रवाना किया।



सम्भल-खाद बीज लेकर पंजाब रवाना होती कोडिनेशन टीम।

# मां भगवती के भजनों पर झूमे श्रृद्धालु

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा दुर्गा अष्टमी के मौके पर निकाली गई मां भगवती की 50 वीं शोभायात्रा के सफल आयोजन और समिति के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के तत्वावधान में मां भगवती का विशाल जागरण कराया गया।

महिला मंडल मंदिर पर आयोजित मां भगवती के विशाल जागरण में मां भगवती के भव्य दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। तत्पशचात समिति के सदस्य सत्य प्रकाश शर्मा, विवेक गोयल, नवनीत कुमार, मनोज मित्तल, शशांक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, अभिनीत माथुर, राजेश सिंघल, नीरज रस्तोगी, अनुज रस्तौगी, अमित अग्रवाल, आलेश गुप्ता, मयंक गुप्ता, प्रवीण रस्तौगी, अनुज गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, राजू अरोड़ा, अभिनव माथुर, आशु गुप्ता, गौरव कुमार के द्वारा मां दुर्गा का विधि विधान से पूजन किया गया। वही मेरठ से आए हुए पंडित राम वशिष्ठ के द्वारा पूजन के दौरान मंत्रोच्चारण किया जबकि बाल कन्या आराध्या नाम ने मां भगवती के दरबार में ज्योत प्रज्वलित की। गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए मां भगवती के जागरण में भजन गायिका निशा अरोड़ा के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति पर मौजूद श्रृद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा अतुल अग्रवाल शशांक अग्रवाल और हरवंश अरोड़ा ने मां के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायिका कंचन नरूला भी मां भगवती के दरबार में पहुंची। जहां भजन गायिका कंचन नरूला के द्वारा भी सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति पर सभी झूम उठे। प्रात: 4 बजे पंडित राम वशिष्ठ के द्वारा तारा रानी की कथा सुनाई गई। इस दौरान मां भगवती के विशाल जागरण में श्री नव दुर्गा महोत्सव समिति के संस्थापक रहे स्वर्गीय प्रेम शंकर अग्रवाल के परिवार की महिला को भी समिति के सदस्यों के द्वारा चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जागरण में मोहित आर्य, प्रभात रस्तोगी, कशिश कौशल, विजय चंद्रा,शैलेन्द्र अग्रवाल,अर्पित सक्सेना, समीर गुप्ता, विकास गोयल, वीरेंद्र गोयल,सजन गोयल, रामविलास मित्तल, सचिन, देवांश, शुभम, रोहित, अंशी अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, नितोष अग्रवाल, शुभम गुप्ता, एकांश गुप्ता, गर्व गोयल, देव अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली हाईवे पर कार डिवाइडर से टकराई, बदायूं के युवक की मौत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली हाईवे पर शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में बदायूं निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, बदायूं जनपद निवासी अमितोष रॉबर्ट पुत्र अमित रॉबर्ट बरेली से बीए की पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है कि शनिवार को वह अपनी कार से कहीं जाने के लिए निकला था। जैसे ही उसकी कार मुरादाबाद जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित दिल्ली हाईवे के पास पहुंची, अचानक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और अमितोष गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पाकबड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद अमितोष को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।इधर हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिवारजन बदहवास हालत में मुरादाबाद पहुंचे। परिजनों ने बताया कि अमितोष पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा था। उसकी अचानक मौत की खबर से गांव और रिश्तेदारों में भी शोक की लहर दौड़ गई।वहीं हादसे के बाद कुछ देर के लिए दिल्ली हाईवे पर जाम जैसी स्थिति भी बन गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

# पंचायत भवन में माटीकला मेले का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि उ०प्र० माटीकला बोर्ड द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर जनपद मुरादाबाद में क्षेत्रीय माटीकला मेला-2025 दिनांक 13 अक्टूबर 2025 से 19 अक्टूबर 2025 तक स्थान नुमाईस ग्राउंड, पंचायत भवन, परिसर, मुरादाबाद में आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 13.10. 2025 को माटीकला मेला-2025 का उद्घाटन मुख्य अतिथति श्रीमती डॉ० शैफाली सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष, मुरादाबाद द्वारा फीता काट कर किया गया। माटीकला मेला 2025 में मण्डल के समस्त जनपदो से आये माटीकला शिल्पकारो द्वारा अपने मिट्टी से निर्मित उत्पादो का प्रदर्शन किया गया। माटीकला से सम्बन्धित सांस्कृतिक कार्यकय का आयोजन भी किया गया। उक्त में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह अधोहस्ताक्षरी द्वारा माटीकला मेले के आयोजन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए धन्यवाद किया गया तथा माटीकला मेले को भव्य बनाने हेतु जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक लोगो को माटीकला मेले में भाग एवं उत्कृष्ठ उत्पादो को कय करने हेतु अनुरोध किया गया। माटीकला मेले मे श्री योगेश कुमार, उपायुक्त उद्योग, मुरादाबाद भी उपस्थित रहे।

● मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने समस्त पेंशनरों एवं आहरण वितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि कोषागार मुरादाबाद बिल्डिंग में पुर्ननिर्माण/मरम्मत कार्य होने के कारण कोषागार के कार्यों का संचालन सदर तहसील मुरादाबाद से किया जा रहा है। वर्तमान में समस्त राजकीय कार्यों के लिए सदर तहसील परिसर में अस्थाई रूप से संचालित कोषागार कार्यालय में सम्पर्क करें।

## एक नजर

### खाद्य विभाग के संचालित धान क्रय केंद्र का एसडीएम तहसीलदार ने कराया शुभारंभ



**कांठ( शाह टाइम्स )।** मंडी समिति कांठ में खाद विभाग द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र का आज एसडीएम संत दास पवार और तहसीलदार राज. कुमार सिंह ने शुभारंभ किया। पहले दिन आए किसान विनोद नंबरदार निवासी पट्टीवाला ने अपना धान बेचा। अधिकारियों ने किसान का माला पहनाकर सम्मान किया। एसडीएम ने कहा कि धान खरीद में किसी प्रकार की कोताही न होने पाए और मानक के मुताबिक ही धान खरीदा जाए। उन्होंने बताया कि धान बेचने से पहले किसान को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है और रजिस्ट्रेशन करते वक्त ही किसान को पता लगेगा कि उसका धान कौन से केंद्र पर बेचा जाना है उन्होंने बताया कि इस बार हर केंद्र के लिए गांव आवंटित किए गए हैं और निर्धारित गांव का निर्धारित केंद्र पर ही धान बेचा जाना है। उन्होंने बताया कि मंडी समिति में इस बार 6 अलग-अलग एजेंसियों के धान क्रय केंद्र स्थापित हुए थे लेकिन उनमें से एक को हटाकर कुचावली स्थापित कराए जाने के लिए विभाग को लिखा है जिससे दूर दराज के किसानों को लंबी दूरी तय करने से छुटकारा मिल जाए। उन्होंने सभी किसानों से अपना धान सरकारी तोल पर ले जाकर ही बेचे जाने का आह्वान किया है।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

### पुराने मीटर ही लगाए जाने की मांग, विद्युत विभाग के कार्यकर्ताओं पर फूटा गुस्सा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** नागरिकों ने स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए सोमवार को विद्युत विभाग के कार्यकर्ताओं के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन कर वापस कर दिया है बीते दिन सुरजन नगर में विद्युत विभाग के कार्यकर्ता सुरजननगर में स्मार्ट मीटर लगाने आये जब ग्रामीणों को इस बात का पता लगा तब किसान किसान यूनियन के कार्यकर्ता और ग्रामीण एकत्रित हो गये। और स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध-प्रदर्शन करने लगे। स्मार्ट मीटर का विरोध करने पर स्मार्ट मीटर लगाने आये विद्युत विभाग के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को स्मार्ट मीटर के बिषय में समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते रहे। ग्रामीणों को विरोध करता देख व विद्युत विभाग के कार्यकर्ता बिना स्मार्ट मीटर लगाये वापस चले गए।

# ई-रिक्शा और सरकारी बसों के कारण लगता है मुख्य मार्ग पर जाम, आखिर कब मिलेगी लोगों को इस जाम से मुक्ति

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर के मुख्य मार्ग पर जाम लगने का कारण ई रिक्शा और सरकारी बसें बनी हुई है आज शाह टाइम्स की टीम ने जाम के कारण खोजने का प्रयास किया तो पाया की मुख्य मार्ग पर सरकारी बस चालक बसों को दोनों तरफ खड़ी करके सवारी उतारने और चढाने का काम करते हैं सड़क के दोनों और बसें खड़ी हो जाने के कारण रोड जाम हो जाता है और यह जाम मोडी तिराहा से लेकर पेट्रोल पंप के सामने तक पहुंच जाता है। जिससे छुटकारा मिलने में घंटो का समय लगता है इसके साथ-साथ गांधी आश्रम के सामने खड़े होने वाले ई रिक्शा सड़क पर खड़ा करके सवारी आने का इंतजार करते हैं हालात इतने खराब हैं कि पीछे से यदि कोई बड़ा वहां होरन देता है तो रिक्शा वाले सड़क से अपना रिक्शा नीचे नही करते है और उसे हाथ का इशारा करके बचा कर ले



जाने को कहते हैं। जबकि बचकर निकलने की जगह न होने के कारण वाहन चालक रिक्शा हटने का इंतजार करता है और उसके पीछे फिर एक बहुत बड़ी लंबी लाइन लग जाती है। परेशानी तो यह है कि सरकारी अस्पताल के बराबर में पुलिस चौकी होने के बावजूद भी वहां तैनात सिपा. हियों का ध्यान इस और नहीं जाता और कांठ के मुख्य मार्ग पर लगने वाला जाम लगातार बढ़ता चला जाता है। अगले महीने गन्ने का सीजन शुरू होने वाला है और सीजन चलने के बाद गन्ने से भरी ट्राली और ट्रकों का भी आवागमन इस मार्ग से होना है आज के हालात देखकर लगता है कि शायद आने वाला समय कांठ को पूरी तरह से जाम करने वाला है मुख्य मार्ग से जाम हटाने के लिए नगर के लोग काफी समय से मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन कुछ समय के लिए तो थोड़ी राहत मिलती है मगर इसके बाद जाम के हालत वही बन जाते हैं और अधिकारी देखकर भी इसे अनदेखा करते रहते हैं।

भ्रमण के दौरान शाह टाइम्स की टीम को रोडवेज बस चालकों और रिक्शा चालकों की मनमानी देखने को मिली। कहीं बिना किसी जगह के रिक्शा वाले सड़क पर रिक्शा घूमाते दिखाई दिए तो कहीं तीन चार चार रिक्शाओं की लाइन सड़क पर लगी मिली और दिनभर लोगों को दोनों साइडों पर लगे जाम से जूझने को मजबूर होना पड़ा। तो क्या क्षेत्र के लोगों को इस जाम से कभी मुक्ति मिल पाएगी इसे लेकर आज बड़ा सवाल खड़ा हुआ है।

## तहसील सभागार में महिला खातेदारों को निशुल्क खतौनी का वितरण



**कांठ।** तहसील सभागार में जिला अधिकारी के निर्देश से महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंब हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू के द्वारा निशुल्क खतौनी का महिला खातेदारों को वितरण किया गया। बताया गया कि इससे पहले अविवादित विरासत दर्ज की गई उसके बाद खातेदारों को खतौनी का वितरण किया गया। एसडीएम ने कहा कि सरकार की योजनाएं आम जनता के लिए होती है और उसी के तहत काम करते हुए आज इस कार्य को संपन्न किया गया है। इस अवसर पर महिला खातेदारो के साथ-साथ तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# बाईपास पर चल रहे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए ग्रामीणों ने सवाल



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गढ़ी से कांठ रेलवे स्टेशन रोड बाईपास पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है आज संबंधित विभाग की टीम सड़क निर्माण के लिए वहां पहुंची तो ग्रामीणों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए ग्रामीणों का कहना था कि सड़क निर्माण में जबरदस्त लाप. रवाही की जा रही है और इसमें लगी हुई सामग्री मानक के अनुरूप नहीं है। जिसके कारण सड़क निर्माण के साथ-साथ ही उखड़नी शुरू हो गई है ग्रामीणों ने सड़क पर डाले जा रहे माल को लेकर भी सवाल खड़े किए और कहा कि सड़क निर्माण के नाम पर केवल लीपा पोती करके सरकार के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत अधिकारियों से कर गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कराए जाने की मांग उठाई है।

# महिलाओं ने संतान की दीर्घायु को रखा अहोई अष्टमी व्रत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में अहोई अष्टमी त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। पुत्रवती महिलाओं ने मां पार्वती, मां यशोदा ,भगवान शिव व गणेश भगवान मां गायत्री की पूजा अर्चना कर संतान की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना की। पुत्रवती महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रख अहोई अष्टमी व्रत कथा के पश्चात श्री गणेश की पूजा के बाद अहोई माता की पूजा दूध, शक्कर और चावल का भोग लगाकर की। सोमवार को महिला संस्कृति जागरण मंच की अध्यक्ष रुचि राघव ने अहोई अष्टमी व्रत के महत्व को समझाते हुए बताया कि अहोई अष्टमी का त्यौहार कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को होता है। इस दिन पुत्रवती महिलाएं निर्जला व्रत रख संतान की दीर्घायु ब सुखमय जीवन की कामना करती हैं। इस दिन श्री गणेश,मां पार्वतीमां यशोदा ब शिव की पूजा कर दूध भात का भोग लगाते हैं तथा तारे के दर्शन के बाद अर्घ देकर परिक्रमा कर आशीर्वाद लेते हैं। इस दिन माता अहोई व चांदी के दानों के साथ पिरोकर अर्पित करने का भी विधान है। दिनभर निर्जला उपवास रखने के बाद कथा श्रवण कर दूध भात का भोग लगाकर संतान की दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना करते हुए अपनी संतान और उसके जीवन साथी



को प्रसाद के रूप में दूध भात खिलाने का प्रचलन है। कार्यक्रम में श्वेता सिंह दीपा राघव प्रियंका सिंह अनीता आदि सहित अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

## शादी की जिद पर अड़ी प्रेमिका प्रेमी के घर धरने पर बैठी

**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी के निकटवर्ती गांव में सोमवार को एक युवती प्रेमी के घर धरने पर बैठ गई। युवती का कहना है कि प्रेमी ने उसके साथ शादी करने का वादा किया था, लेकिन उसने शादी से इंकार कर दिया। थक हारकर युवती प्रेमी के घर के सामने धरने पर बैठ गई। दोनों के परिजनों ने उसे समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह अपने जिद पर अड़ी रही।

जानकारी के अनुसार,सुरजननगर चौकी क्षेत्र के निकटवर्ती गांव की युवती का गांव के ही युवक से करीब समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों मिलते-जुलते थे। सोमवार को युवती ने प्रेमी पर शादी का दबाव बनाया तो प्रेमी ने शादी करने से इंकार कर दिया। नाराज होकर प्रेमिका प्रेमी के घर पहुंच गई। प्रेमी के परिजनों ने उसे जबरन घर से बाहर भगाने की कोशिश किया तो युवती ने आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। उसे समझाने की कोशिश करने का मामला करीब तीन घंटों तक चलता रहा। सोमवार की शाम तक युवती प्रेमी के घर पर ही बैठी रही।

## ओडीएफ प्लस के 23 लाख रुपये अब किए जाएंगे वापस

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुरादाबाद जनपद की 37 ग्राम पंचायतों के लिए मिला धन खर्च नहीं हो पाया। अब शासन से ओडीएफ प्लस की बची धनराशि वापस मांगी गई है। इसके लिए दो दिन का समय दिया है। पंचायती राज विभाग के निदेशक ने जिला पंचायत राज अधिकारियों को पत्र जारी किया है।अभियान के तहत जनपद को 53,67704 रुपये की धनराशि दी गई थी।

इस धन से जिले की चयनित 37 ग्राम पंचायतों में आरआरसी निर्माण, बर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए पिट निर्माण और पत्ते से खाद बनाने के लिए गड्ढे का निर्माण कराया जाना था। इस कार्य में जिम्मेदारों की सुस्ती से सरकार को इस मद का धन वापस करना पड़ रहा है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस मद का करीब 23 लाख रुपये खर्च नहीं हो पाया है। जिसे विभाग की ओर से शासन को वापस करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा का कहना है कि ओडीएफ प्लस योजना का पूरा धन खर्च नहीं हो पाया है। 23 लाख रुपये वापस किए जाएंगे। नया प्रस्ताव भेजकर इस कार्य के लिए धन मांगा जाएगा।

## धान के खेत में सोते समय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**बिलारी।** अल्हैदादपुर देवा गांव निवासी वीरपाल (40 वर्ष) पुत्र भारत सिंह की रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वीरपाल रविवार रात करीब 12:30 बजे अपने धान के खेत पर सोने गया था। सोमवार सुबह लगभग आठ बजे जब परिजन खेत पर पहुंचे तो वीरपाल चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर पुराने नाखून के निशान के अलावा कोई जाहिरा चोट का निशान नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक अत्यधिक शराब का सेवन करता था। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## ग्वारखेड़ा में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा का चतुर्थ दिवस, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का अलौकिक वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ग्राम ग्वारखेड़ा में जारी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास प्रीति शास्त्री जी ने भगवान शिव एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के भव्य प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं अलौकिक वर्णन किया। उनके मधुर वचनों और भावपूर्ण कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्ति के रंग में रंग उठा। श्रद्धालु भजनों की मधुर धुनों पर झूम उठे और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर बिलारी मंदिर पौंडा खेड़ा के अध्यक्ष पंकज चौहान, पीसीएस कॉलेज के प्रबंधक विजेंद्र चौहान एवं दुष्यंत चौहान ने दीप प्रज्वलित कर चतुर्थ दिवस की कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में भाग लेना जीवन को सकारात्मक दिशा देता है और हमें सदैव ईश्वर की भक्ति में लीन रहना चाहिए। कार्यक्रम में देवकीनंदन, भूपाली, पूर्ण मौर्य, राजपाल, वृद्धाश्रम संच. ालक रोहन देव, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष मौर्य, राजेंद्र मौर्य, लकी मोर्य भुवनेश मौर्य खीलेंद्र प्रधान जी अंकित मौर्य गंगा प्रसाद राजेंद्र ओमप्रकाश मौर्य, ग्वारखेड़ा डीलर सीपी मौर्य, सोमपाल नेताजी, रामअवतार साहू, काल महेंद्र सिंह, लाला हरिद्वारी, खेमचंद सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एवरग्रीन कॉलेज में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश सरकार के पॉश अभियान एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत एवरग्रीन को. हिनूर इंटर कालेज में बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं यौन उत्पीड़न से बचाव के प्रति जागरूक करना था। मिशन शक्ति अभियान महिलाओं एवं बालिक. ाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं कानूनी अधिकारों को मजबूत करने पर केंद्रित है। कार्यक्रम में एन्टी रोमियो स्क्वायड टीम की प्रभारी मीनू चौधरी ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर विस्तार से प्रकाश डाला। मीनू चौधरी ने बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया और पूछा क्या तुम्हें कोई डर या समस्या तो नहीं? क्या कोई तुम्हारे साथ छेड़छाड़ कर रहा है, धमकाने-प्रलोभन देने की को. शिश कर रहा है या तुम्हारे मोबा. इल पर अश्लील मैसेज भेज रहा है?

उन्होंने तत्काल सहायता के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। जिनमें विमेन पावर 1090, विमेन हेल्पलाइन 181 एवं साइबर अपराधों के लिए 1930 प्रमुख हैं। इसके अलावा,



अन्य उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों का भी उल्लेख कर बालिकाओं को सतर्क रहने एवं शिकायत दर्ज करने की सलाह दी। ह्यूमन राइट्स डिफेंडर प्रेम कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि पॉश अभियान का मुख्य मकसद कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकना एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने पॉस्को एक्ट को एक मजबूत एवं सशक्त कानून बताते हुए कहा कि यदि किसी बालिका के साथ छेड़छाड़, गंदे इशारे, अश्लील मैसेज, प्राइवेट पार्ट्स को छूना, नाम लेकर तंग करना या कोई भी यौन उत्पीड़न होता है, तो इसके विरुद्ध पॉस्को एक्ट की धाराओं में तुरंत मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। प्रेम कुमार ने जोर देकर कहा, आप सीधे हेल्पलाइन नंबर पर फोन करें। यह कॉल लखनऊ सीधे पहुंचेगी, जहां मुख्यमंत्री जी द्वारा गठित हेल्प डेस्क पर आपके शिकायत के आधार पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित होगी। महिला सुरक्षा टीम की सदस्य प्रीति कुमारी ने भी जानकारी दी।जागरूकता कार्यक्रम में मेहँदी हसन अजमेरी एडबोकेट कॉलेज प्रवन्धक, फिरोज खान प्रधनाचार्य, राजदीप गौतम, मुकेश बाबू, मीनाक्षी, आयशा, रंजीता,मौर्य, मिस्वाह, आरिफा जैनब, राधा राम, अर्शी खान,फतेह अली खान, तस्लीम बाबू,अनम ,रीतिका, आदि ने भाग लिया।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौ. दानिश व पुत्र सुहेल को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**मौ. अल्ताफ पुत्र नब्बन हुसैन निवासी मौहल्ला घास मंडी, कस्बा भोजपुर-धर्मपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मिन्हाज अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
शोएब अली पुत्र स्वर्गीय श्री शराफत अली निवासी मुगलपुरा द्वितीय हाजी शहजादे का चौक निकट मुगलों वाली मस्जिद थाना मुगलपुरा शहर व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुमित चौहान व पुत्रवधू श्रीमती रचना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
श्रीमती विनेश पत्नी स्वर्गीय मिन्टू निवासी: 77 नौशना शेखूपुर मैनाठेर तहसील बिलारी, मुरादाबाद, हाल निवासी: मझोला पुतली घर रोड गली नम्बर-1, लाईनपार, थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।

# कटघर इलाके में खाद्य विभाग की टीम की बड़ी कार्रवाई, अवैध घी कारखाना किया सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों पर शिकंजा कसते हुए मुरादाबाद में बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को सहायक आयुक्त खाद्य–प्प मुरादाबाद और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने थाना कटघर क्षेत्र के ग्राम देवापुर में छापा मारकर बिना लाइसेंस चल रहे घी निर्माण कारखाने का भंडाफोड़ किया। टीम ने मौके से करीब 155.7 किलोग्राम घी जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 78,250 बताई गई है। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी मुरादाबाद के निर्देश पर की गई। टीम ने आरोपी मोहन पुत्र तस्वीर



हुसैन के घर पर चल रहे अवैध कारखाने को सील कर दिया और उत्पादन तुरंत बंद करा दिया। मौके से घी के पांच नमूने एकत्र किए गए जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार और प्रजन सिंह मौजूद रहे।विभाग ने जिलेभर में सघन अभियान चलाते हुए कुल 16 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और 12 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए एकत्र किए। इनमें लड्डू, शकरपारा, रसगुल्ला, गुड़, बर्फी और क्रीम जैसे उत्पाद शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर मिलावटखोरी की संभावनाओं को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी गई है।विभागीय सूत्रों के अनुसार, यदि जांच रिपोर्ट में नमूने असुरक्षित या मिलावटी पाए जाते हैं, तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना और जेल दोनों शामिल हैं।सहायक आयुक्त खाद्य ने कहा कि देवापुर की यह कार्रवाई अभियान की शुरुआत मात्र है आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी छापेमारी जारी रहेगी। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे खाद्य सामग्री खरीदते समय लाइसेंस नंबर, पैकिंग और ब्रांड की जांच अवश्य करें तथा किसी भी संदिग्ध उत्पाद की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

## शिवसेंट जोसेफ कालेज में एफएआई परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों को आरआरएस प्रांत प्रमुख ने किया सम्मानित



**ठाकुरद्वारा।** आरएसएस उत्तराखंड प्रांत प्रमुख व दक्षिणेश्वरी काली पीठ बाजपुर के प्रमुख महंत का नगर के शिवसेंट जोसेफ इण्टर कालेज में प्रथम बार आगवन पर शिक्षको और छात्र–छात्राओं ने फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। आरएसएस उत्तराखंड प्रांत प्रमुख व दक्षिणेश्वरी काली पीठ बाजपुर के प्रमुख महंत विकासनाथ महाराज सोमवार को नगर के मोहल्ला काशीपुर चुंगी स्थित शिव सेंट जोसेफ इण्टर कालेज में पहुंचे। जहां पर कालेज शिक्षकों और छात्र–छात्राओं ने कक्षाओं के भ्रमण के दौरान फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान एफएआई परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्र–छात्राओं को प्रांत प्रमुख विकासनाथ महाराज ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। श्री महाराज ने बताया कि आज बच्चों को संस्कार देना जरूरी हो गया है।

साथ ही कालेज के छात्रों की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश प्रताप के बारे में कहा कि बच्चों द्वारा दिए गए सम्मान से काफी प्रसन्न हूं। कभी मेरी जरूरत होगी तो मैं आश्वय आऊंगा । इस दौरान प्रांत प्रमुख का कालेज की एमडी रेखा रानी ने बच्चों को हौंसला अफजाई करने पर आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### दो बाइको में आमने–सामने की भिड़ंत में तीन घायल



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पराग फैक्ट्री दलपतपुर के पास दो बाईकें आपस में आमने–सामने से भिड़ गई,भूरा पुत्र मुनव्वर निवासी सिल्लाऊ अपनी बाइक से दलपतपुर की तरफ से रॉंग साइड से आ रहा था, साजिद पुत्र शाहिद निवासी वीरपुर थान,थाना मूंढापांडे मुरादाबाद से अपने घर जा रहा था, पराग फैक्ट्री के सामने दोनों बाइकों की आमने–सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई, बाइकों की टक्कर में बाइक सवार साजिद गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक सवार भूरा एक अन्य चोटिल हो गया,हादसे की सूचना राहगीरों ने दलपतपुर पुलिस को दी सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दलपतपुर गौरव कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, और लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल भेज दिया, साजिद की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने हाई सेंटर रेफर कर दिया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है,पुलिस ने दोनों बाइको को कब्जे में लेकर चौकी परिसर में खड़ा कर दिया है।

### संतान की दीर्घायु की कामना के लिए माताओ ने की अहोई माता की पूजा



**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में अहोई अष्टमी का पर्व आस्था के साथ मनाया गया। महिलाओं ने संतान की खुशहाली, सुख समृद्धि और दीर्घायु के लिए निर्जल व्रत रखा। अहोई माता की पूजा अर्चना कर उनसे संतान के लिए आशीर्वाद मांगा। पूरे दिन महिलाओं ने निर्जल व्रत रखा। शाम को तारे निकलने पर पर विधिविधान से पूजा अर्चना की।

अर्घ्य देकर अपना व्रत खोला। अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने अपने बच्चों का तिलक किया और उनकी खुशहाली सुख समृद्धि और दीर्घायु के लिए अहोई माता से प्रार्थना की और उनका आशीर्वाद मांगा। पेली बिश्नोई, मुख्तियारपुर नवादा, सलेमपुर, मुजफ्फरपुर टांडा, मिश्रीपुर आदि स्थानों से अहोई अष्टमी का पर्व आस्था के साथ मनाए जाने की खबर है।

### मदरसा जाने के लिए घर से निकले तीन किशोर हुए गायब, दर्ज कराई गई गुमशुदगी

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सिहाली उर्फ गनीमत नगर से मैट्रो में बैठकर गांव गोधी में स्थित दीनी मदरसे को शिक्षा हासिल करने जा रहे तीन किशोर रास्ते में ही गायब हो गए। पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर किशोरों की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मुरादाबाद टिहरी हाइवे के किनारे स्थित थाना क्षेत्र के गांव गोधी में दीनी मदरसे में गांव सिहाली उर्फ गनीमतनगर निवासी ग्रामीणों रईस पाशा उर्फ भूरा का बेटा मोहम्मद रजा एवं अशरफ अली के दो बेटे हसनैन व मोहम्मद रजा दीनी तालीम हासिल करते हैं। जुम्मे के दिन साप्ताहिक छुट्टी में तीनों अपने घर को आए थे। रविवार की सुबह को 9 परिजनों ने तीनों को गनीमतनगर चौराहे पर मैट्रो में बैठाकर मदरसे को भेजा था। शाम तक किशोर मदरसे नही पहुंचे तो परिजनों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि रिश्तेदारों एवं उनके सहपाठी किशोरों से गायब छात्रों की जानकारी जुटाई पर उनका कहीं पता नहीं चला। रविवार को गायब किशोरों के पिता ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को बच्चों के गायब होने की तहरीर दी। इस पर पुलिस ने तीन बच्चों के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। परिजन भी अपने स्तर से गायब छात्रों का पता लगाने में जुटे हैं।

### विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से की शिकायत

**भोजपुर।** पुलिस ने मोहल्ला फतेहपुरी निवासी विवाहिता की तहरीर पर पति सास–ससुर समेत पांच के खिलाफ दहेज में पांच लाख की मांग करने को लेकर प्रताड़ित करने एवं तीन तालाक देकर घर से बाहर निकाल देने के आरा. प में मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में मोहल्ला फतेहपुरी निवासी विवाहिता सीमा पुत्री इस्माइल ने बताया है कि दो वर्ष पहले कोतवाली ठाकुरद्वारा के गांव बंकावाला निवासी आजम से लव मैरिज की थी।

ससुराल वाले विवाह से खुश नहीं थे। वह पिता के घर से पांच लाख रुपए नकदी लाने की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। कुछ दिनों पहले पति आजम,सास भूरी,देवर अयान, ननद शबाना और बिजनौर के गांव शहाद. तपुर निवासी ननदोई शकील ने एक राय होकर मारपीट की। पति ने उनका साथ देते हुए तीन तालाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराने को कहा तो उसने यह कहते हुए मेडिकल परीक्षण कराने से मना कर दिया की उसके कोई आंतरिक एवं बाह्य चोट नहीं है। केस की विवेचना उप निरीक्षक बृजपाल कर रहे हैं।

### निजी हॉस्पिटल में चोरी करते पकड़े गए तीन युवकों को दी तालिबानी सजा



**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर में कमालपुरी रोड स्थित एक हॉस्पटल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। निजी हॉस्पिटल में तीन युवकों को चोरी करते हुए पकड़ लिया गया। गार्ड ने कानून व्यवस्था को अपने हाथो में लेते हुए पुलिस को बुलाने के बजाय खुद ही कानून अपने हाथ में ले लिया और तीनों को लाठी डंडों से पीटने और मुर्गा बनाकर सजा दी। जिसकी वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।

नगर के कमलापुरी मार्ग पर स्थित निजी हॉस्पिटल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान तीन युवक हॉस्पिटल परिसर से लोहे का सामान चोरी करने की कोशिश कर रहे थे। तभी वहा पर मौजूद गार्ड ने तीनों को रंगे हाथों पकड़ लिया और पुलिस को सूचना देने के बजाय उन्हें कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसने तीनों की डंडों से जमकर पिटाई की और मुर्गा बनाकर सजा दी।

वीडियो में गार्ड युवकों को बेरहमी से पीटते हुए देखा जा सकता है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग टीम का बिना किसी रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल पर छापा



**सुरजननगर।** सुरजननगर में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ठाकुरद्वारा क्षेत्र के सुरजन नगर मे स्थित ए वन नाम से संचालित अस्पताल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा प्रभारी शिल्पी चौधरी के नेतृत्व में छापा मारा ।छापा मार कार्रवाई के दौरान वहां पर मौजूद स्टाफ अस्पताल को खाली छोड़ फरार हो गया। अस्पताल में बिना किसी रजिस्ट्रेशन बिना किसी डॉक्टर की डिग्री के खुले आम अस्पताल संचालित होता पाया गया। यहाँ आप को बता दें कि इससे पूर्व यह अस्पताल सीज किया जा चुका है। एक बार अस्पताल संचालक ने अस्पताल की सील तोड़कर अस्पताल को संचालित कर दिया गया था। करीब 5 वर्ष से उक्त अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन बिना अनुभवी चिकित्सकों के संचालित हो रहा है आखिरकार अस्पताल किसके संरक्षण में चल रहा है। यह एक सोचनीय प्रश्न है।

## आईएफटीएम के स्कूल ऑफ लॉ में महिला शिकायत निवारण प्रणाली के लिए सरकारी पहल विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा शासन की ओर से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5 अभियान के अंतर्गत ''महिला शिकायत निवारण प्रणाली हेतु सरकारी पहल" विषय पर एक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलसचि डॉ. संजीव अग्रवाल ने किया। उन्होंने वैदिक काल से वर्तमान काल तक भारत में महिलाओं की विशेष स्थिति पर प्रकाश डालने के साथ ही शासन द्वारा वर्तमान में चलायी गयी विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस सत्र में स्कूल ऑफ लॉ की डॉ. मनीषा मटोलिया कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रहीं। मुख्य वक्ता डॉ. मटोलिया ने अपने वक्तव्य में महिला सुरक्षा, समानता और न्याय सुनिश्चित करने में सरकार की नीतियों तथा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत लागू की गई विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने महिला शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में शासन द्वारा किए जा रहे अन्य प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एस.बी. मिश्रा ने भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाई गयी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करते



हुए महिलाओं के लिए कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत करने हेतु चलाए गए 'शी–बॉक्स' पोर्टल की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने महिला अधिकारों के संरक्षण और उनके संवैधानिक हितों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल ऑफ लॉ के शिक्षक श्री विवेकानन्द द्वारा किया गया। अंत में कार्यक्रम के सह–संयोजक व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र सिंह द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ लॉ 65 प्रतिभागी विद्यार्थियों समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत कृष्णा इंटरनेशनल कॉलेज में महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण व जेंडर मुद्दों पर संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति कृष्णा इंटरनेशनल कॉलेज की प्रतिबद्धता को नए आयाम प्रदान करते हुए सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी आशिष प्रताप सिंह ठाकुरद्वारा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मिशन शक्ति फेज 5.0



के तहत "महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और जेंडर मुद्दों पर संवाद" का भव्य आयोजन कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, ठाकुरद्वारा में किया गया। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशिष प्रताप सिंह एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल ने मिशन शक्ति अभियान की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब पुलिस केवल कानून–व्यवस्था की नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की भी वाहक बन रही है। कार्यक्रम में कृष्णा इंटरनेशनल कॉलेज के प्रबंधक नरेश सिंह चौहान, चेयरमैन गौरव चौहान, डायरेक्टर वरुण राय, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा, ज्ञान प्रकाश चौहान, सहित अन्य इंटर कॉलेजों के सम्मानित प्रधानाचार्य गण एवं कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के समस्त छात्र छात्राएं व स्टाफ उपस्थित रहे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र शिव कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में शिव कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती वीना पत्नी भैरो प्रसाद निवासी नियर जीवन दायिनी पब्लिक स्कूल, सम्राट अशोक नगर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 112 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 18.10.2025
**मधुबाला बनाम चन्द्रमोहन आदि।**
**बनाम**
1. चन्द्रमोहन पुत्र श्री भूप सिंह, 2. कमलेश पत्नी श्री चन्द्रमोहन, 3. फूलवती पत्नी भूप सिंह निवासीगण ग्राम मीरपुर मझौली तहसील व जिला मुरादाबाद–**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपर्रिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 10 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 24 को निकाली गयी है।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू०डि० ) जनपद–मुरादाबाद।**

**तारीख पेशी:** 11.12.2025 W.S.Issues
**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 )
**न्यायालय M.A.C.T ( जनपद न्यायाधीश ) महोदय, मुरादाबाद।**
**M.A.C.P. No.:** 400 सन् 2023
**राजवीर बनाम संजय**
1. संजय पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम सौगांव पुलिस स्टेशन एत्माद्दौला जिला आगरा। 2. दिनेश सिंह भदौरिया पुत्र हकीम भदौरिया निवासी 43 खेड़ा अंबेडकर पार्क फिरोजाबाद, हाल निवासी जी/717 फ्रांस यामुना कालोनी फेस–द्वितीय रामबाग कुबेर पुर जिला आगरा–282006।

**राजवीर** ने आपको विरूद्व मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 11.12.2025 W.S.Issues को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपकों उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया। है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी। तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थित में किया जाएगा।

यह आज तारीख 13 अक्टूबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय को मुद्रा लगाकर दिया गया।

**READER**
**M.A.C.T.**
**MORADABAD.**

## अखिल भारतीय विश्नोई रेल कर्मचारी संघ का सम्मेलन संपन्न

### आगामी सम्मेलन हरिद्वार में करने का हुआ निर्णय



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** अखिल भारतीय विश्नोई रेल कर्मचारी संघ का तृतीय वार्षिक सम्मेलन जाम्भोलाव जाम्भा फलोदी राजस्थान मे संपन्न हो गया जिसमे देश भर से अनेक रेल कर्मचारियों ने हिस्सा लिया सम्मेलन में अनेक विषयों पर चर्चा हुई। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण समाज के राजनीतिक एवं सामाजिक व्यक्ति रहें। संघ के उपाध्यक्ष मुरादाबाद जनपद के गांव लालापुर पीपलसाना निवासी राहुल बिश्नोई ने लौटकर बताया कि मुख्य अतिथि के रूप मे फलोदी विधायक पब्बा राम, लोहावट के पूर्व विधायक किसनाराम, नोखा के पूर्व विधायक बिहारीलाल,केंद्रीय पर्यटन संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व प्रधान भागीरथ वेनिवाल, जिला परिषद सदस्य रावल ज्याणी, ओंकार सिंह बिश्नोई हरिद्वार, युधिष्ठिर सिंह जीआरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष बिश्नोई जी रहें। कार्यक्रम में पधारे सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों का संघ के अध्यक्ष इंस्पेक्टर कँवर लाल विश्नोई एवं पदाधिकारियो ने आभार प्रकट किया। अगला संघ का सम्मेलन हरिद्वार में करने का निर्णय लिया गया।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में अधिकारियों ने सरकार की संचालित योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सोमवार को ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख संजना सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें



विकास कार्यो पर चर्चा कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानक. ारी दी गई। ब्लाक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में ब्लॉक प्रमुख संजना सिंह ने बताया कि राज्य सरकार व केंद्र सरकार ने पात्र लोगो को लाभ पहुंचने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रखी है। सभी ग्राम पंचायतो में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। धरातल पर संचालित योजनाओं से लोगों को जागरूक करे। बैठक में खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल, एडीओ समाज कल्याण विख्यात चौहान, एडीओ कॉपरेटिव राम आशिष प्रजापति, एडीओ पशु चिकित्सक शिव कुमार राणा, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह व मिशन प्रबंधक ज्ञानेंद्र शुक्ला ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी मोहिता चौहान, मिनी चौधरी, जसपाल सिंह, ग्राम प्रधान महेश चौहान, कुलदीप त्यागी एडवोकेट व क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591–2313314
मुख्यालय:
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कोचिंग संचालकों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी ने की बैठक

**ठाकुरद्वारा।** नगर में स्थित कोचिंग सेंटरों और शिक्षण संस्थाओं के संचालकों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने शुक्रवार को विशेष बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थाओं और पुलिस के बीच समन्वय बढ़ाना और शहर में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करना था। बैठक में कोचिंग संचालकों ने अपने अनुभव और समस्याएं साझा कीं। इस पर क्षेत्राधिकारी ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस हर संभव सहायता करेगी। उन्होंने संचालकों से अपील की कि वे न केवल छात्रों को जागरूक करें बल्कि किसी भी संदिग्ध या असामान्य गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।बैठक में कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल, कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित सक्सैना, उपाध्यक्ष परवेज खान, सदस्य संदीप गोला, रवि वर्मा, परवेंद्र सिंह, मोहम्मद रफी, आदिल अहमद, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज से विनीता देवी और शिव सेंट जोसेफ इण्टर कॉलेज से राजू सिद्दीकी समेत अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डेनमार्क ओपन में लक्ष्य, चिराग व सात्विक की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** लक्ष्य सेन और देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। लक्ष्य सेन ने पिछले साल पेरिस 2024 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद से वह सीजन अब तक 10 बार पहले दौर से बाहर हो चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने हांगकांग ओपन में रहा, जहां वे उपविजेता रहे। पुरुष एकल वर्ग में सेन के साथ आयुष शेटी भी होंगे। इस साल की शुरुआत में आयुष ने यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल स्पर्धा का खिताब जीता था।

### हरिहरन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज में जीते दो युगल खिताब

**तुर्की, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हरिहरन अम्मसकरुनन ने तुर्की इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिश्रित युगल और पुरुष युगल के दो खिताब जीते। मिश्रित युगल के फाइनल में हरिहरन अम्मसकरुनन और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने 52 मिनट तक चले मुकाबले में इंडोनेशिया के एम नवाफ खोइरियानसयाह और नहया मुहयिफा की जोड़ी को 21-14, 18-21, 21-11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल में जीत के तुरंत बाद हरिहरन ने एमआर अर्जुन के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल का खिताब भी जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने आधे घंटे से भी कम समय तक चले मुकाबले में जापान के यूटो नोदा और शुन्या ओटा की जोड़ी को 21-13, 21-6 से मात दी।

# भारत टेस्ट जीतने से 58 रन दूर





- **दूसरी पारी में स्कोर 63/1 राहुल-सुदर्शन नाबाद लौटे विंडीज ने 121 रन का लक्ष्य दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह (तीन-तीन) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन के शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को स्टंप के समय एक विकेट पर 63 रन बना लिए और उसे अभी जीत के लिए 58 रनों की दरकार है।

उसके पास अभी नौ विकेट शेष हैं। चायकाल के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया। उन्होंने 85 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 119वें ओवर की पांचवी गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने जेडेन सील्स (32) को आउट कर 390 के स्कोर पर फालोऑन खेल रही वेस्टइंडीज की दूसरी पारी का अंत किया। भारत को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला। जस्टिन ग्रीव्स और जेडेन सील्स ने 10वें विकेट के लिए 79 रन जोड़े। इस जोड़ी ने 22 से अधिक ओवरों तक मिलकर बल्लेबाजी की। इसके बाद 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी ने नौ रन बनाए थे कि दूसरे ओवर में जोमेल वारिकन ने यशस्वी जयसवाल (आठ) को एंडरसन फिलीप के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए रन जोड़े। दिन का खेल समाप्त होने के समय भारत ने एक विकेट पर 63 रन बना लिए है और उसे जीत के लिए 58 रनों की जरूरत है। केएल राहुल (नाबाद 25) और साई सुदर्शन (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले शाई होप ने भोजनकाल के बाद अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद मोहम्मद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 214 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 103 रनों की पारी खेली। यह शाई होप ने टेस्ट करियर का तीसरा और भारत के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट शतक था। होप के बल्ले से आठ साल के इंतजार के बाद यह शतक आया है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में शतक लगाया था। इसके बाद कुलदीप यादव ने टेविन इमलाक (12), कप्तान रोस्टन चेज (40) और खारी पिएर (शून्य) को अपना शिकार बनाया। वहीं जोमेल वारिकन (तीन) को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड आउट किया। एंडरसन फिलीप (दो) को भी बुमराह ने आउट किया। चायकाल तक वेस्टइंडीज ने नौ विकेट पर 361 रन बना लिए थे। आज सुबह वेस्टइंडीज ने कल के दो विकेट पर 173 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जॉन कैंपबेल ने छक्का लगाकर अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक के लिए 174 गेंदों का सामना किया। इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ वह सात साल बाद भारत के खिलाफ सेंचुरी लगाने वाले वेस्टइंडीज के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले रोस्टन चेज ने यह कारनामा किया था। 64वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने उन्हें पगबाधा आउटकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। उन्होंने 199 गेंदों में 12 चौको और तीन छक्को की मदद से 115 रनों की पारी खेली।लंच के समय तक वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 252 रन बनाए थे। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को दो-दो विकेट मिले। वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित कर दी थी।

### जॉन कैंपबेल ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज़ जॉन कैंपबेल ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन धैर्य और दृढ़ता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा। इसी के साथ वह दक्षिण अफ्रीका के ट्रेवर गोडार्ड के बाद अपना पहला शतक बनाने वाले, दूसरे सबसे धीमे सलामी बल्लेबाज बन गए। कैंपबेल ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह उपलब्धि 50वीं टेस्ट पारी में हासिल हुई, जो कि उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए 174 गेंदों का सामना किया और इस दौरान नौ चौके और तीन छक्के लगाए। मार्च 2023 के बाद से यह किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का सभी टेस्ट मैचों में पहला शतक है। दक्षिण अफ्रीका के गोडार्ड ने 58 पारियों में अपना पहला शतक बनाया था। 2006 में बासेटेरे में डैरेन गंगा के 135 रनों के बाद भारत के खिलाफ पहला शतक था। यह 2002 में ईडन गार्डन्स में वेवेल हिंड्स के शतक के बाद भारतीय धरती पर किसी वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज का पहला टेस्ट शतक भी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह शतक केवल एक व्यक्तिगत जीत से कहीं बढ़कर है। इसने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम में एक पुनरुत्थान का संकेत दिया हैं।

# जोशना चिनप्पा ने जीता जापान ओपन का खिताब

- **भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त हया अली को 11-5, 11-9, 11-6 व 11-8 से हराया**

**जापान, वार्ता।** दो बार की एशियन चैंपियन भारत की जोशना चिनप्पा ने सोमवार को एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन 2025 स्क्वैश टूर्नामेंट में मिस्र की हया अली को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां खेले गए मुकाबले में 39 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने तीसरी वरीयता प्राप्त दुनिया की 53वें नंबर की मिस्र की हया अली को 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराकर पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन का समापन किया। यह उनके करियर का 11वां पीएसए खिताब है।

उल्लेखनीय है कि जोशना चिनप्पा की यह हया अली के साथ दूसरी भिड़ंत थी। इससे पहले दोनों स्क्वैश खिलाड़ी ने इस साल बरमूडा ओपन के दूसरे राउंड में एक-दूसरे का मुकाबला किया था। इस मुकाबले में जोशना को 11-8, 10-12, 5-11, 11-9, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व विश्व नंबर 10 स्क्वैश खिलाड़ी, जोशना हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 के बाद घुटने की सर्जरी के बाद से शानदार वापसी कर रही हैं। एशियन गेम्स में वह भारत की कांस्य पदक विजेता महिला टीम का भी हिस्सा थीं। जोशना ने इस साल की शुरुआत में युवा स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह के साथ जून में एशियन चैंपियनशिप में महिला युगल का खिताब जीता था। इसके अलावा इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी, जहां उन्हें अनाहत से हार का सामना करना पड़ा और अनाहत चैंपिनय बनीं।

इससे पहले जापान ओपन में, जोशना ने क्वार्टरफाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नारदीन गरास को 11-8, 15-13, 11-9 से हराया था। इसके बाद सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मिस्र की राणा इस्माइल को 11-7, 11-1, 11-5 से शिकस्त दी। उन्होंने दूसरे राउंड में फ्रांस की पांचवीं वरीयता प्राप्त लॉरेन बाल्टायन को 11-7, 11-4, 11-9 से और अपने पहले मैच में मलेशिया की एनरी गोह को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया था।



# द. अफ्रीका ने पाक को 378 पर रोका



**लाहौर, वार्ता।** सेनुरन मुथुसामी (छह विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पाकिस्तान को 378 के स्कोर पर समेटने के बाद लंच तक बिना कोई विकेट खोए 10 रन बना लिए है।

पाकिस्तान ने कल के पांच विकेट पर 313 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मुथुसामी ने मोहम्मद रिजवान (75) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को छठे सफलता दिलाई। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर नोमान अली (शून्य) और अगली गेंद पर साजिद खान (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। पाकिस्तान का नौवां विकेट शाहीन शाह अफरीदी (सात) के रूप में गिर। उन्हें भी मुथुसामी ने आउट किया। इसके बाद 111वें ओवर की चौथी गेंद पर प्रीनेलान सुब्रायेन ने शतक की ओर बढ़ रहे आगा सलमान (93) को आउटकर पाकिस्तान की पारी का 378 के स्कोर पर अंत कर दिया।

### सैंटनर होंगे टी-20 में टीम के कप्तान

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए मिशेल सैंटनर को टीम का कप्तान बनाया है और स्टार ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को भी टीम शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार रविंद्र चेहरे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला से बाहर होने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सैंटनर हाल ही में हुई पेट की सर्जरी से उबर चुके हैं और शनिवार से क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। गुरुवार को विदेश से लौटे विलियमसन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों से बाहर रहेंगे और 26 अक्टूबर से तौरंगा में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान उनके अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रवींद्र की जगह आखिरी समय में टीम में आए जिमी नीशम को तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में चुना गया है। उनके साथ जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाज भी होंगे। सेंटनर के साथ स्पिन विभाग में माइकल ब्रेसवेल शामिल होंगे। टिम सीफर्ट विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। टीम को लेकर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद, एक और विश्व स्तरीय टीम का हमारे यहां आना बहुत अच्छा है। हम जानते हैं कि हैरी ब्रुक और उनके टी-20 खिलाड़ी कितना रोमांचक क्रिकेट खेलते हैं और मुझे यकीन है कि हमारे खिलाड़ी इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए उत्सुक हैं। मिशेल की वापसी बहुत अच्छी है। हमारे कप्तान होने के साथ-साथ, वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सीमित ओवरों के स्पिनरों में से एक हैं और उनका कौशल और अनुभव स्वागत योग्य होगा। इसी तरह, रचिन का भी स्वागत है, जो दुर्भाग्य से ऑस्ट्रेलिया दौरे से चूक गए थे और मुझे पता है कि वह इस श्रृंखला के लिए बहुत उत्साहित हैं। इंग्लैड के खिलाफ न्यूजीलैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है :- मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक आदि।

# शैनन टैन ने जीता गोल्फ महिला इंडियन ओपन का खिताब

- **आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और 5 अंडर का स्कोर बनाया**

**गुरुग्राम, वार्ता।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ का खिताब अपने नाम किया। जीतकर लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रही। टैन ने पिछले साल मैजिकल केन्या महिला ओपन में अपना पहला एलईटी गोल्फ खिताब जीता था और जून में अमुंडी जर्मन मास्टर्स में जीत दर्ज की थी।


उन्होंने रविवार को गुरुग्राम के डीएफएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल सात अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। रविवार को आखिरी राउंड से पहले संयुक्त चौथे स्थान पर चल रही टैन ने आखिरी राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और पांच अंडर का स्कोर बनाया। आखिरी होल में हेवसन ने टैन पर एक शॉट की बढ़त बनाए रखी, लेकिन डबल बोगी के साथ सीधे पानी में चली गईं। टैन आखिरी होल में बर्डी पुट चूक गईं, लेकिन फिर भी नाटकीय अंदाज में खिताब जीत लिया। जीत के बाद टैन ने कहा कि मैं अभी भी सदमे में हूं। इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ, शुरुआत में वीजा मिलने में देरी और मंगलवार को यहां पहुंचने तक। जो कुछ हुआ उससे मैं सदमे में हूं, लेकिन मैं सचमुच आभारी हूं और खुश हूं कि मुझे यहां खेलने का मौका मिला। शीर्ष पर चल रही भारत की हिताशी बख्शी का अंतिम राउंड कुछ खास नहीं रहा और वह चार ओवर 76 का स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर रहीं। हिताशी 54 होल के बाद दो शॉट की बढ़त बनाए हुए थीं और टैन से सात शॉट आगे थीं। अंततः वह सिंगापुर की खिलाड़ी से दो शॉट पीछे रहीं और अपना पहला एलईटी खिताब जीतने से चूक गईं। दो अन्य भारतीय गोल्फर शीर्ष पांच में रहीं, प्रणवी उर्स (चार अंडर) चौथे स्थान पर रहीं और अवनि प्रशांत (तीन अंडर) ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वाणी कपूर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर रहीं। दो बार की दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 10 ओवर के कुल स्कोर के साथ 41वें स्थान पर रहीं।

### भारत की पुरुष टेबल टेनिस टीम को हांगकांग ने 3-0 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय पुरुष टीम की एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में पदक जीतने की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में हांगकांग से 3-0 से हार के साथ खत्म हो गईं। रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में विश्व के 72वें नंबर के खिलाड़ी मानुष शाह ने घरेलू टीम के लिए पुरुष एकल टेबल टेनिस रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज वोंग चुन-टिंग के खिलाफ शुरुआत की और 3-0 (11-5, 11-9, 13-11) से हार गए। विश्व के 39वें नंबर के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल खिलाड़ी मानव ठक्कर ने दूसरे मैच में 59वें स्थान पर काबिज चैन बाल्डविन को कड़ी टक्कर दी, लेकिन 3-2 (11-8, 11-8, 10-12, 9-11, 11-8) से हार गए। भारत को मुकाबले में बनाए रखने के लिए खेलते हुए, युवा अंकुर भट्टाचार्य ने जोरदार प्रयास किया, लेकिन अंततः लैम सियु हांग के खिलाफ 3-2 (7-11, 11-9, 12-14, 11-6, 11-7) से हार गए।

# सूर्यवंशी बने बिहार रणजी टीम के उपकप्तान

- **बीसीसीआई के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोशिएशन को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा**



**पटना, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी को बुधवार से शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के शुरुआती दो राउंड्स के लिए बिहार की टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम की कमान साकिबुल गनी को दी गई है।

सीजन के शुरु होने से दो दिन पहले यह घोषणा हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिशन (बीसीबी) को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा। बीसीबी को जल्द पांच सदस्यीय चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है। सूर्यवंशी की यह नियुक्ति उनकी शानदार फॉर्म के कारण हुई है। उन्होंने हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शीर्षक्रम में तेज शुरुआत दी। उन्होंने ब्रिसबेन में पहले चार दिवसीय मैच में 78 गेंदों में शतक जड़ा और तीन पारियों में 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले इंग्लैंड दौरे पर भी सूर्यवंशी का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने वॉर्सेस्टर में 143 रन की पारी खेली, जो युवाओं के एकदिवसीय मुक़ाबलों में सबसे तेज शतक था। पांच मैचों में उन्होंने 174-01 की स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए और सीरीज के सर्वाधिक रन स्कोरर रहे। 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। अब तक वह पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 10 पारियों में 100 रन बना चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक स्कोर 41 है। भारत अंडर-19 की प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें रणजी में लगातार खेलने का अवसर नहीं मिला है। इस साल की शुरुआत में सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ़ 101 रन (38 गेंद) बनाकर इतिहास रचा था। वह पुरुषों के टी-20 में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज़ बने। आईपीएल 2025 में उन्हें 13 वर्ष की उम्र में चुना गया था, जिससे वह लीग के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने 7 मैच खेले, सभी में ओपनिंग की, और 206-55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। बिहार ने 2024-25 रणजी सीजन में बेहद खराब प्रदर्शन किया था और टीम को एक भी जीत नहीं मिली। सात में से छह मैच हारने के बाद उन्हें केवल एक अंक मिला और टीम प्लेट ग्रुप में चली गई।

# आखिरी छह ओवरों में खराब बल्लेबाजी से हारे: हरमनप्रीत कौर

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि आखिरी ओवरों में निचले क्रम की बल्लेबाजी के अचानक ढह जाने से हम 30 से 40 रन पीछे रहे गए और इसी कारण हमें हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह हमने शुरुआत की, लगा था कि अगर हम 30-40 रन और जोड़ पाते तो फर्क पड़ता। आखिरी छह-सात ओवर में हम रन नहीं बना सके और वही हमें महंगा पड़ा।

विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था, लेकिन आखिरी छह ओवरों का हम पूरा लाभ नहीं ले पाए।पहले 40 ओवर बहुत अच्छे रहे, लेकिन अंतिम 10 ओवरों में हम सही तरीके से एक्सिक्यूट नहीं कर पाए। मैचों में ऐसा होता है, हर दिन शत प्रतिशत नहीं हो सकता, लेकिन यह अहम है कि वापसी कैसे करें। भारतीय टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि मेरे हिसाब से क्रिकेट में फिनिश बहुत अहम होता है। मैं हमेशा कहता हूं। हां, अच्छी शुरुआत चाहिए लेकिन उससे भी बेहतर अंत चाहिए। दक्षिण अफ्रीका मैच में हमने आखिरी पांच ओवर में खराब गेंदबाजी की और वो गेम गंवाया। आज भी अगर हम 20 रन और बना लेते,



तो नतीजा अलग हो सकता था। लेकिन यह सब प्रक्रिया का हिस्सा है। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। हमारी सबसे बड़ी सीख यही है कि हमें बेहतर फ़िनिश करना सीखना होगा। मजूमदार ने कहा कि इस मैच के बाद हम निश्चित रूप से इसका विश्लेषण करेंगे। टीम प्रबंधन इस पर चर्चा करेगा और अगले मैच के लिए सही फैसला लेगा। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच के बाद हमने लंबी चर्चा की कि बल्लेबाजी अप्रोच कैसी होनी चाहिए।

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर चार वर्षीय मासूम की मौत, तीन घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र में देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। आशियाना चौकी के पास गौर ग्रेसियस सोसाइटी के सामने एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार वर्षीय मासूम बच्ची काशवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, काजीपुरा निवासी प्रणव कुमार अपनी दो बहनों रुचि और रोशनी तथा चार वर्षीय भतीजी काशवी के साथ सिविल लाइन क्षेत्र में आयोजित एक पार्टी से स्कूटी से घर लौट रहे थे। जब वह गौर ग्रेसियस सोसाइटी के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और चारों स्कूटी सवार सड़क पर गिर पड़े।दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को आनन-फानन में कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची काशवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रणव कुमार, रुचि और रोशनी की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।सूत्रों के अनुसार, हादसा करने वाली कार में सवार चार युवकख्रसुमित, सतवीर, पिंटू और सचिनख्रअमरोहा जनपद के नौगांवा सादात क्षेत्र के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि चारों युवक नशे में धुत्त थे और तेज रफ्तार में कार चला रहे थे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बड़ी सूझबूझ से चारों कार सवारों को पकड़ लिया और उन्हें सिविल लाइन्स पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना सिविल लाइन्स प्रभारी ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धर्मपुर रत्ता में दो शीशम के पेड़ काटकर ले गए लकड़ी व्यापारी



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धर्मपुर रत्ता में शुक्रवार की रात्रि किसान नत्थू सिंह के खेत के किनारे खड़े दो शीशम के पेड़ों को शाहबाद थाना क्षेत्र के सीमांत गांव खेड़ा निवासी एक लकड़ी व्यापारी काट कर ले गया। अगले दिन किसान खेत पर गया तब उसे खेड़ा निवासी व्यक्ति द्वारा शीशम के पेड़ काटकर ले जाने की जानकारी हुई।

किसान ने पुलिस के साथ वन विभाग को सूचना दी। सोमवार को वन विभाग से दरोगा विकास नेगी अपनी टीम के साथ धर्मपुर रत्ता के जंगल में मौके पर पहुंचे और काटे गये शीशम के पेड़ों की टहनियों व जड़ों को देखा। वन दरोगा विकास नेगी ने बताया कि शीशम के दो पेड काटे गए हैं। टहनियां अभी मौके पर पड़ी हैं। पेड़ चकरोड में है या किसान के खेत में है, इस बारे में जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कार्यवाही की जायेगी। वहीं लेखपाल प्रदीप कुमार चौहान द्वारा पेड़ चकरोड में बताये जा रहे हैं।

## एक नजर

### सपा सांसद ने साधा भाजपा पर निशाना कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल



**ठाकुरद्वारा ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** लोक सभा मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा ने सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष/ कांग्रेस के वरिष्ठ के निधन पर रविवार को उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद नगर निवासी कांग्रेस वरिष्ठ जिला महासचिव संजीव सिंघल, समाजसेवी मोहम्मद रफीक सैफी, सपा के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के आवास पर पहुंचकर आगामी 2027 के चुनाव पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा,इस दौरान उन्होंने यूपी सरकार में खराब कानून व्यवस्था ,महिला शोषण पर सवाल उठा रहे है। उत्तर प्रदेश में कोई भी महिला पुरूष अपने सुरक्षित महसूस नही कर रहा है और भ्रष्टाचार चरम सीमा है। लोग मंहगााई के मार से त्रस्त है। बदल की भावना से कार्य किए जा रहे है जो प्रदेश हित के लिए अच्छा नही है। अब प्रदेश की जनता भतिभांति जान चुकी है इस सरकार में जनता सुरक्षित है। सपा सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य करती है।

साथ ही सपा सांसद ने कहा कि बीजेपी व बहुजन समाज पार्टी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं,उन्होंने आजम खान के बारे मे सवाल करने पर कहा कि आजम साहब पार्टी की जड़ हैं उनके अन्य पार्टी मे जाने की अफवाह बीजेपी व बहुजन समाज पार्टी के लग फैला रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता महमूद हसन सैफी, वीरेंद्र यादव, इकरार उर्फ भोला मलिक,हाजी याकूब कुरैशी,वीरेंद्र यादव,शमीम मंसूरी, जरीफ मलिक,संजीव सिंघल, तौहीद अंसारी, इस्लाम कुरैशी, फैजान सैफी, मौहम्मद आरिफ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को तीन वर्ष का कारावास पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**चन्दौसी।** सम्भल पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध निरंतर की जा रही प्रभावी कार्यवाही एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना के परिणामस्वरूप न्यायालय से एक अभियुक्त को सजा दिलाई गई है। पुलिस व अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी के फलस्वरूप दोषी को तीन वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई। थाना गुन्नौर जनपद सम्भल में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 593/2019, धारा 354 भादवि एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरण में अभियुक्त पीताम्बर उर्फ पीकम उर्फ गूंगा पुत्र रामाबाबू निवासी भौना नगला, थाना गुन्नौर, जिला सम्भल को न्यायालय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, सम्भल ( स्थित चन्दौसी) द्वारा दोषी ठहराया गया।

न्यायालय ने अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास तथा 5,000 रु0 के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों तथा अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के कारण अभियुक्त के विरुद्ध दोष सिद्ध हुआ। सजा कराए जाने में विशेष लोक अभियोजक, पॉक्सो एक्ट नरेन्द्र कुमार यादव का विशेष योगदान रहा। पुलिस प्रशासन ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी ताकि समाज में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास कायम रहे और महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### छाबड़ा में स्वास्थ्य विभाग का छापा

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव छाबड़ा में सोमवार को डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल एवं तहसीलदार सतेन्द्र कुमार ने गांव में रोड किनारे त्रिवेणी हेल्थ केयर नाम से संचालित अस्पताल पर छापा मारा। छापे के दौरान अस्पताल के गेट पर बाहर से तथा अंदर से छत पर जाने के जीना के दरवाजे पर ताला लगा मिला। क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम की गाडिघ्यों को देख झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप मच गया और धड़ाधड़ शटर बंद हो गये। छावड़ा में टीम के पहुंचने से पहले ही महिला चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ के लोग ताला लगाकर भाग गये। नोडल अधिकारी डा. विश्वास अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण की शिकायत पर छाबड़ा में एक क्लीनिक पर गये थे वहां पहुंचने पर क्लीनिक बंद मिला। भनक लगने पर चिकित्सक ताला लगा कर भाग गए।

### समर्पण वेलफेयर सोसाइटी ने दीपावली पर जरूरतमंदों के लिए उपहार योजना बनाई




**चन्दौसी।** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी की बैठक मयूर विहार स्थित समिति की सचिव अभिलाषा प्रजापति के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर ईश वंदना से हुई, इसके बाद सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। बैठक में निर्णय लिया गया कि दीपावली के अवसर पर जरूरतमंदों को उपहार देकर त्यौहार को सामाजिक संदेश के साथ मनाया जाएगा। समिति की अध्यक्ष मीनू अग्रवाल ने इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपीं। बैठक की अध्यक्षता मीनू अग्रवाल एवं संचालन अभिलाषा प्रजापति ने किया। इस अवसर पर सदस्याओं में काजल अरोड़ा, रुचि अग्रवाल, सपना गुप्ता, रश्मि, बबली वर्मा, नीलम कश्यप, साधना शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपने पंजीयन कार्ड का 15 अक्टूबर तक कराएं नवीनीकरण

**मुरादाबाद।** उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के अन्तर्गत श्रम विभाग मुरादाबाद में निर्माण कार्य में लगे हुए श्रमिकों द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया है। श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने बताया कि योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिक सर्वप्रथम अपने पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से करायें। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग द्वारा समय-समय पर तहसील दिवस, लेबर अड्डों एवं अन्य स्थानों पर कैम्प लगाकर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को उनके श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण कराये जाने हेतु जागरुक किया जा रहा है। श्रमिकों द्वारा अपने श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण न कराने के कारण वे श्रमिक बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

# कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव में 'उम्मीद संस्था' को मिला सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बहजोई में आयोजित कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव-2025 के अंतर्गत 'उम्मीद संस्था-भीख से सीख की ओर' कार्यक्रम में संस्था द्वारा समाज और बच्चों के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देते हुए जिलाधिकारी ने संस्था को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल टीम की मेहनत का प्रतीक नहीं, बल्कि उन बच्चों और समुदाय के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है, जिनके लिए यह काम किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सबसे खास क्षण तब आया जब जिलाधिकारी ने बच्चों को आमंत्रित कर मंच पर बुलाया और उनका उत्साहवर्धन किया।

बच्चों की मुस्कान और उनके उत्साहित चेहरे ने यह साबित कर दिया कि सही दिशा में किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। उम्मीद संस्था से जुड़ीं डा. रैना शर्मा ने कहा कि सतत प्रयास, समर्पण और सही मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

इस सम्मान ने टीम को और अधिक प्रेरित किया है कि वे आगे भी हर बच्चे और हर व्यक्ति के बेहतर भविष्य के लिए कार्यरत रहेंगे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को महिलाओं के अधिकारों, समाज में उनकी सशक्त भूमिका, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध तथा लैंगिक समानता के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति फेज-5.0/एंटी रोमियो अभियान के तहत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली का उद्देश्य माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आरंभ की गई इस पहल के माध्यम से महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सशक्त बनाना एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा हेतु जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। इन हेल्पलाइन नंबरों के प्रचार-प्रसार हेतु पंपलेट, होर्डिंग व बैनर भी प्रदर्शित किए गए।

# आईएफटीएम में गर्ल्स हेल्थ क्लब की ओर से महिलाओं के लिए लगाया गया 'निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर'





**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सरकार की ओर से चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज- 5' अभियान के तहत गर्ल्स हेल्थ क्लब की ओर से महिलाओं के लिए ''निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर'' लगाया गया। जिसमें विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं, छात्राओं और समीपस्थ गांवों की महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने शिविर के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के विकास में महिलाओं की विशेष भूमिका है, इसलिए महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। शिविर का संचालन राजकीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल ड्योढ़ी वाजिदपुर, अमरोहा की चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता मुदगिल की देखरेख में किया गया। डॉ. मुदगिल ने बताया कि महिलाओं और छात्राओं ने शिविर में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं और बालिकाएं चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं, क्योंकि वे अपने मन की बातें खुलकर नहीं कह पाती। इस तरह के शिविर के माध्यम से अनेकों महिलाओं और बालिकाओं को लाभ मिलता है। शिविर में स्वास्थ्य जांच के अलावा उन्हें औषधियां और आवश्यक परामर्श भी दिए जाते हैं, जो कि पूर्णतया निःशुल्क रहते हैं। इस मौके पर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका व गर्ल्स हेल्थ क्लब की चेयरपर्सन डॉ. निशा अग्रवाल ने डॉ. मुदगिल को बुके और विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक-चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। डॉ. अग्रवाल ने शिविर में आई सभी शिक्षिकाओं, छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि इस शिविर में 180 से अधिक शिक्षिकाओं, महिलाओं और छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर के सफल आयोजन में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की अपर निदेशिका प्रो. नीलू त्रिवेदी, गर्ल्स हेल्थ क्लब की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय, डॉ. सारिका दुबे समेत विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी के मो. अनीस एवं श्री गोविंद की विशेष भूमिका रही।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की उप्र मंडलवार समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की पश्चिमी उत्तर प्रदेश मंडलवार समीक्षा बैठक सोमवार को मुरादाबाद जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला, विधानसभा, ब्लॉक, महानगर सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।बैठक का संचालन राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता, प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश दयाराम भार्गव ने किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष सुजीत बंजारा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक मजबूती तथा जनसंपर्क अभियानों को गति देने पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी जिलाध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की और भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रही है। पार्टी का उद्देश्य सामाजिक न्याय, समान अधिकार और जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाएं।बैठक में प्रमुख रूप से मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, जिला अध्यक्ष एवं मंत्री प्रति. निधि, अमरोहा जिला अध्यक्ष सतपाल तोमर, रामपुर जिला अध्यक्ष विनोद पटेल, बिजनौर जिला अध्यक्ष अशोक बंजारा, बरेली जिला अध्यक्ष भारतेंदु सोनकर तथा बदायूं जिला अध्यक्ष राजेश कश्यप सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीएमयू की इंटर्नल हैकाथॉन की सॉफ्टवेयर श्रेणी में 90 और हार्डवेयर श्रेणी में 8 टीमें हुईं चयनित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित दो दिनी इंटर्नल हैकाथॉन में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2025 के लिए सॉफ्टवेयर श्रेणी में 90 और हार्डवेयर श्रेणी में 8 टीमों का चयन किया गया। इस आंत. रिक हैकाथॉन में 100 टीमों ने सॉफ्टवेयर श्रेणी और 12 टीमों ने हार्डवेयर श्रेणी में अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। इस वर्ष प्रस्तुत समस्याओं में स्मार्ट स्वचालन, स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल, विरासत और संस्कृति, कृषि तथा ग्रामीण विकास, स्वच्छ एवम् हरित प्रौद्योगिकी, स्मार्ट वाहन एवम् परिवहन प्रणाली आदि प्रमुख विषय रहे। इससे पूर्व कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष प्रो. शंभू भारद्वाज आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके इंटर्नल हैकाथॉन का शुभारम्भ किया। सीओई के डीन प्रो. द्विवेदी ने कहा, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में युवाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है। जब स्टुडेंट्स अपने विचारों को नवाचार के रूप में साकार करते हैं, तब भारत आत्मनिर्भरता की ओर एक और सशक्त कदम बढ़ाता है। आईआईसी की हार्डवेयर श्रेणी की संयोजिका प्रो. गुलिस्तां खान रहीं, जबकि सॉफ्टवेयर श्रेणी का समन्वय आशीष बिश्नोई, राजेन्द्र प्रसाद पांडे और डॉ. प्रियांक सिंघल ने किया। प्रत्येक टीम का मूल्यांकन तीन से अधिक निर्णायकों ने किया। कुल 22 निर्णायकों ने प्रतिभागी टीमों के विच. ारों को नवाचार, उपयोगिता, व्यवहार्यता, प्रभावशीलता, स्थायित्व और सामाजिक प्रभाव जैसे बिंदुओं पर परखा। प्रत्येक टीम को विचार प्रस्तुति हेतु 10 मिनट और प्रश्नोत्तर सत्र के लिए 5 मिनट का समय दिया गया। उल्लेखनीय है, टीएमयू के प्रो. आरके द्विवेदी और राजेन्द्र प्रसाद पांडे की टीमों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2020 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की थी। वर्ष 2020 में उन्होंने दो विजेता टीमों का मार्गदर्शन किया था। उल्लेखनीय है कि अमन अग्रवाल, जो वर्तमान में एस.आई.एच. के मूल्यांकनकर्ता हैं, उसी विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं। संचालन स्टुडेंट्स वत्सल नेगी, अंजली, अभिजीत शर्मा, अगम जैन, वंशिका त्रिपाठी, जीशान मलिक, सुशांत, हार्दिक बलूनी ने किया।

# टिमिट में रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम ने परिसर को रंगों, सृजनशीलता और भारतीय संस्कृति की छटा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, टीम भावना और सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में कॉमर्स और मैनेजमेंट के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कल्पनाशक्ति से ऐसी अद्भुत रंगोलियाँ बनाईं कि हर कोई मंत्रमुग्ध रह गया। रंग-बिरंगे गुलाल और फूलों की पंखुडिघ्यों से बनी रंगोलियाँ मानो बोल उठीं कृ कहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश झलक रहा था, तो कहीं भारत की एकता और विविधता का अद्भुत प्रतीक दिखाई दे रहा था। पूरे कॉलेज परिसर में एक उत्सव जैसा माहौल था। छात्र-छात्राएँ पारंपरिक परिधान में सजे हुए, रंगों से भरे थाल लेकर एक-दूसरे की मदद करते हुए नजर आ रहे थे। रंगोली बनाते समय उनके चेहरों पर झलकता उत्साह और समर्पण, आयोजन की सफलता का सजीव प्रमाण था। कार्यक्रम का संच. ालन शिक्षकों द्वारा अत्यंत उत्कृष्ट ढंग से किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान टिमिट डीन प्रोफेसर विपिन जैन भी उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि "ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क की भावना को सशक्त करते हैं। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और सृजनात्मक सोच का विस्तार भी है। हर किसी के चेहरे पर संतुष्टि और खुशी की झलक थी। यह आयोजन न केवल एक प्रतियोगिता था, बल्कि टिमिट परिवार के लिए एक यादगार अनुभव बन गया, जिसने यह साबित कर दिया कि जब प्रतिभा, परंपरा और टीमवर्क साथ आते हैं, तो नतीजा हमेशा रंगीन और शानदार होता है।

# मां ने मोबाइल पर देखकर की बेटे और बेटी की अहोई अष्टमी की पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बुद्धी विहार मे अहोई अष्टमी पर अहोई माता की पूजा कर तारों को देखकर संतान के दीर्घायु होने की प्रार्थना की व उसके जीवन में खुशहाली एवं उज्जवल भविष्य की कामनाएँ की। कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को अहोई अष्टमी व्रत रखा जाता है। इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी आयु व मंगलकारी जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं।

इसी को सपने को साकार करने के लिए माँ सरिता धर्मेंद्र यादव ने अपने बेटे इंजीनियर निमिष यादव और बेटी को वीडियो कॉल करके तिलक लगाकर पूजा करती हुई मां श्रीमती सरिता यादव को बच्चों की ओर पति धर्मेंद्र यादव ने जल पिलाकर व्रत खुलवाआ निमिष यादव आई आई टी कानपुर से एम0 टेक0 डिग्री प्राप्त कर सेमसंग कम्पनी बेंगलोर मे नौकरी कर रहे हैं। बेटी आयुषी यादव राजस्थान मे वनस्थली एम. एस. सी. की पढ़ाई कर नेट की तैयारी कर रहीं हैं।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025

# बिहार पर नजर

सोमवार को चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा 7 अन्य राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 8 सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को चुनाव कराए जा रहे हैं। बिहार के दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू कश्मीर विधानसभा के उपचुनाव 11 नवंबर को कराए जाने हैं। यह अधिसूचना ऐसे समय में आई है, जब जनता दल आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में उन पर आरोप तय कर बड़ा झटका दिया है। इससे बिहार चुनाव में एक नया मोड़ आ गया है। चुनाव आयोग की घोषणा के अनुसार मतगणना 14 नवंबर को कराई जाएगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों की भी नजर है। यूं भी चुनाव आयोग बिहार में एसआईआर कराने के बाद वहां चुनाव कराने जा रहा है। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर आरोप भी लगते रहे हैं कि उसने अपनी मनमानी के चलते बड़ी संख्या में लोगों को चुनाव से वंचित कर दिया, विशेषकर हाशिए पर पड़े लोगों को। विपक्ष ने इसको बड़ा मुद्दा भी बनाया है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस समय चुनाव आयोग के सामने पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से बिहार के विधानसभा चुनाव कराना बड़ी चुनौती बना है, क्योंकि बिहार ही नहीं कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि वह वोट चोरी कराता है। कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता राहुल गांधी खुलकर इस तरह के सबूत भी दे चुके हैं जिससे संदेह होता है कि कहीं न कहीं वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है या वह हो रही है। जहां तक बात चुनाव आयोग की है वह बराबर राहुल गांधी के आरोपों से इन्कार करता रहा है, लेकिन कोई ठोस तर्क इसकी तरफ से कोई देखने में नहीं आया है। इस बात का चुनाव आयोग ने अब तक कोई ठोस जवाब नहीं दिया है कि एकाएक किसी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता कैसे जोड़े गए या कहीं उनके नाम काट दिए गए। एक नहीं दर्जनों स्थानों पर ऐसा भी देखने में आया है जहां एक ही कमरे के पते पर हजार वोटों से ऊपर दर्ज हैं। होना तो यह चाहिए था कि चुनाव आयोग आगे आकर यह कहता कि वह इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष तरी से जांच कराएगा। इसके उलट वह राहुल गांधी से ही उस संबंध में शपथपत्र मांग रहा है। इससे और संदेह पैदा होता है। जबकि चुनाव प्रक्रिया में किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए और सबसे बड़ी बात चुनाव आयोग को अपनी कार्यशैली से कभी भी ऐसा नहीं लगना चाहिए कि वह सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है, क्योंकि अगर चुनाव ही निष्पक्ष नहीं होंगे, तो यह हमारी पूरी लोकतंत्र प्रणाली के लिए बेहद घातक सिद्ध होगा और उस सरकार की विश्वसनीयता ही क्या रह जाएगी जिस पर धांधली से सत्ता में आने के आरोप लगे हैं। यही कारण है कि बिहार के विधानसभा चुनाव पर सबकी नजर लगी हुई है। यह अच्छी बात है कि पिछली बातों से सबक लेकर इस बार चुनाव आयोग ने वहां दो चरणों में चुनाव कराने का फैसला लिया है, क्योंकि जब पिछले चुनाव हुए थे तो वह सात चरणों में हुए थे। इसको लेकर चुनाव आयोग की आलोचना भी हुई थी। अब जबकि दूसरे चरण की अधिसूचना जारी हो गई है, उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग बेहतर काम करेगा।

## खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं



उप्र सरकार ने विगत 3 वर्षों में 500 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस और विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई है, खेल, व्यक्ति को स्वस्थ रखने का एक माध्यम है, खेल अब केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं है, अपितु यह जीवन की आवश्यकता एवं स्वावलंबन का आधार भी है, विधायक और सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं में आठ खेल विधाओं को हमने शामिल किया है, हमारे युवाओं को प्रतिस्पर्धा का जब उचित अवसर प्राप्त होता है, तो वे अपनी प्रतिभा की छाप राष्ट्रीय स्तर पर छोड़ते हैं, विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप**

# मानव जीवन में मादक पदार्थों से नुकसान तथा उनसे बचाव

**प्रो. आरके सिंह**

भारत में युवा पीढ़ी में मादक द्रव्यों का दुरुपयोग अप्रत्याशित ढंग से बढ़ा है। आधुनिक समय के जीवन के तनाव ने व्यक्ति को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की समस्या की ओर उन्मुख कर दिया है। शराब एवं मादक द्रव्यों की लत से न केवल सेवन करने वाले व्यक्ति बल्कि परिवार एवं समाज को भी बहुत ही प्रभावित करता है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी (10-75 वर्ष के बीच की) विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में है। पूरी दुनिया में लगभग 30 लाख करोड़ का है नशे का कारोबार, जिसके चलते शराब और नशीली दवाओं के सेवन से प्रतिवर्ष 30 लाख से अधिक मौतें होती हैं, जिनमें से अधिकांश पुरुषों की होती हैं। ये आंकड़े हर मां-बाप के लिए चिंता. जनक हैं। इन मादक द्रव्यों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में माता-पिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए माता-पिता को बिना शर्त प्यार देना चाहिए, अपने बच्चे के आत्म-सम्मान को मजबूत करना चाहिए और अच्छे विशेषज्ञों या डॉक्टर की मदद लेने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए।

**मादक पदार्थों के विरुद्ध सरकारी प्रयास**

मादक पदार्थों के विरुद्ध का अर्थ है नशीले पदार्थों के सेवन, निर्माण, तस्करी और व्यापार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए किए जाने वाले प्रयास, जिसमें कानून बनाना, सख्त कानून लागू करना, सार्वजनिक जागरूकता फैलाना और साम. ुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप शामिल है। भारत में 1985 में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस NDPS एक्ट लागू किया गया था, जो मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन के खिलाफ कड़े प्रावधानों वाला एक कानून है। साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां Psychotropic : औषधियों का एक ऐसा समूह होता है जो तन्त्रिका तन्त्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, साइकोट्रॉपिक या नशीली औषधियां कहलाता है। इनको नियमित रूप से प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को इनकी लत पड़ जाती है, इसे औषध व्यसन drug addiction कहते हैं। इसके कारण व्यक्ति शारी. रिक तथा मानसिक रूप से रोगी हो जाता है।

मादक पदार्थों के उपयोग से निपटने के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 15 अगस्त, 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) शुरू किया। जिसका शुभारंभ 32 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों के लिए किया गया है, जिन्हें देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे संवेदनशील माना गया है।

**मादक पदार्थों की लत का कारण क्या है**

**मनोवैज्ञानिक कारक**-मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, जैसे अवसाद, चिंता या आघात, मादक द्रव्यों के सेवन में योगदान कर सकती हैं, क्योंकि लोग भावनात्मक दर्द से राहत चाहते हैं।

**सामाजिक कारक**- साथियों का दबाव, सामाजिक मानदंड और सामाजिक स्वीकृति के कारण व्यक्ति पदार्थों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।



**मादक पदार्थों के नुकसान**- भारत में अनेकों प्रकार के मादक पदार्थों का प्रयोग दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है जैसे अफीम, हेरोइन, बार्बिटुरेट्स आदि।

**उत्तेजक पदार्थ**- ये दवाएं केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की गतिविधि को बढ़ाती हैं। जैसे- एम्फैटेमिन, कोकीन, आदि।

**मतिभ्रमकारी पदार्थ**- ये ऐसी दवाएं हैं जो हमारी सामान्य दृष्टि, श्रवण और अनुभूति की क्रियाओं को विकृत कर देती हैं।

मादक द्रव्यों के सेवन से जुड़ी समस्याओं में कई जटिलताएं होती हैं। यह यकृत रोग, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, विटामिन की कमी और मस्तिष्क क्षति जैसी शारीरिक समस्याएं पैदा कर सकती हैं। कुछ पदार्थ जन्म दोष पैदा कर सकते हैं और कुछ प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। मादक द्रव्यों के सेवन से ग्रस्त कई लोग अवसाद , चिंता या द्विध्रुवी विकार जैसे अन्य मानसिक विकारों का भी अनुभव करते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों के परिणामस्वरूप अवैध गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है, साथ ही शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य परिणाम भी हो सकते हैं, जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, खराब स्वास्थ्य स्थिति, मस्तिष्क संरचना में परिवर्तन, तथा अधिक मात्रा में मादक द्रव्यों के सेवन से मृत्यु और आत्महत्या का खतरा बढ़ सकता है।

**मादक द्रव्यों से बचाव**

मादक पदार्थों से बचाव के लिए शिक्षा, सकारात्मक आदतें, और सही संगति बहुत महत्वपूर्ण हैं। मादक पदार्थों का सेवन न करने के लिए मना करना सीखें, ऐसे शौक या गतिविधियों में शामिल हों जिनमें आपकी रुचि हो, और ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हों। अगर आपको या आपके किसी परिचित को मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने में मदद की जरूरत है, तो योग्य विशेषज्ञों या डॉक्टर से सलाह लेना सबसे अच्छा है।

मादक द्रव्यों से बचाव के लिए शिक्षा, वकालत और सुरक्षित वातावरण तैयार करना महत्वपूर्ण है। इसमें छात्रों को नशीली दवाओं के दुष्परिणामों के बारे में शिक्षित करना और श्नाश कहना सिखाना शामिल है। इसके अलावा, सामाजिक सहायता, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और नशीले पदार्थों की उपलब्धता कम करने वाले कानूनों को मजबूत करना भी प्रभावी कदम हैं।

**व्यक्तिगत स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा और जागरूकता**- मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिमों और हानिकारक प्रभावों के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करें।

**न कहना सीखें**- जब कोई आपको मादक पदार्थ देने की कोशिश करे तो श्नाश कहने का अभ्यास करें।

**सकारात्मक आदतें अपनाएं**- अपनी रूचि के अनुसार खेल, संगीत, या किसी अन्य रचनात्मक गतिविधि में खुद को व्यस्त रखें।

**स्वस्थ दोस्ती**- ऐसे दोस्तों के साथ रहें जो सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं।

**भावनात्मक मुकाबला**- तनाव, चिंता या उदासी से निपटने के लिए स्वस्थ तरीके खोजें। जैसे कि व्यायाम करना, योग करना, या किसी दोस्त से बात करना।

**मदद मांगें**- अगर आप संघर्ष कर रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय वयस्क, जैसे माता-पिता, शिक्षक या परामर्शदाता से बात करें।

**धैर्य और दृढ़ संकल्प**- मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव एक सतत प्रक्रिया है। खुद पर और अपनी पसंद पर विश्वास रखें।

**सामुदायिक और सामाजिक स्तर पर बचाव के उपाय**

**शिक्षा कार्यक्रम**- स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में नशीली दवाओं की रोकथाम के कार्यक्रम चलाएं जो शैक्षिक और संवादात्मक हों। ऐसे कानूनों और नीतियों का समर्थन करें जो नशीली दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को नियंत्रित करते हों। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक अभियान चलाए जाने चाहिए।

**कानूनी उपाय**

**नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट**

यह कानून मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री, तस्करी, आयात और निर्यात को प्रतिबंधित करता है। एक्ट के उल्लंघन पर कठोर कारावास और भारी जुर्माना दोनों का प्रावधान है, जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा शामिल हो सकती है। स्वास्थ्य शिक्षा और सार्वजनिक जागरूकता अभियान मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मादक पदार्थों के व्यापार को रोकने और तस्करों को पकड़ने के लिए जनता और स्थानीय निकायों का सहयोग आवश्यक है। उन लोगों को उपचार प्रदान करना जो मादक द्रव्यों के सेवन के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (जैसे अवसाद या चिंता) से भी जूझ रहे हैं, महत्वपूर्ण है।

**नशीली दवाओं से बचने के लिए ध्यान रखने योग्य बातें**

1. नशीली दवाओं से दूर रहें, खासकर जब आप तनाव या दबाव में हों।

2. उन दोस्तों और गतिविधियों से बचें जो आपको नशीली दवाओं के प्रति आकर्षित कर सकते हैं।

3. अपने परिवार और भरोसेमंद दोस्तों से बात करें यदि आपको लगता है कि आप मादक द्रव्यों के सेवन के जोखिम में हैं। यदि आप या आपका कोई परिचित मादक द्रव्यों के सेवन से जूझ रहा है, तो मनोरोग विशेषज्ञ या डॉक्टर से मदद लें।

मादक पदार्थों के विरुद्ध लड़ाई में न केवल कानूनी और प्रवर्तन उपाय शामिल हैं, बल्कि समाज और समुदाय की भागीदारी, शिक्षा और पुनर्वास कार्यक्रम भी महत्वपूर्ण हैं। मादक द्रव्यों से भावी रोकथाम के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें व्यक्तिगत स्तर पर सामाजिक कौशल और मुकाबला करने की रणनीतियों को बढ़ावा देना, परिवारों और समुदायों को शामिल करना और व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियां शामिल हैं, जो युवा और जोखिम वाले समूहों पर ध्यान केंद्रित करती हैं। साथ ही मादक द्रव्यों से बचाव अभियान की सफलता व्यक्ति, परिवार और समुदाय के संयुक्त प्रयासों पर निर्भर करती है, जो एक सतत और अनुक. ूलनीय रणनीति अपनाते हैं।

(लेखक हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट सी.सी.आर पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर से संबंधित हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे कलाम

**कमरुल इस्लाम**




डा एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम शहर में एक साधारण से गरीब परिवार में हुआ था। बचपन में अखबारों को बेचते हुए डॉ. कलाम ने मद्रास इंजीनियरिंग कॉलेज, मद्रास से एरोनौटिकल इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की। शुरू में उनका लक्ष्म पायलट बनने का था किन्तु नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। डॉ. कलाम ने शुरू में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में सेवाओं प्रदान की और फिर डीआरडीओ में इंटग्रेटेड गाईडेड मिसाईल डवलपमेंट प्रोग्राम IGMDP के प्रमुख के रूप में पांच मिसाईल पृथ्वी-आकाश-त्रिशूल, नाग और अग्नि के अनुसंधान और निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आगे चलकर, इस तकनीक को और उन्नत रूप से विकसित किया गया। आज राज दुनिया की बेहतरीन व उन्नत मिसाईल बनाने में सक्षम है। अब डॉ. कलाम की चर्चा सारे विश्व में मिसाईल मेन के रूप में होने लगी थी।

भारत के रक्षा वैज्ञानिक सलाहकार एवं चीफ डीआरडीओ के उच्च पद पर कार्य करने के पश्चात भी डॉ. कलाम तकनीकी और गैर-वैज्ञानिक गतिविधियों में अपना योगदान दे रहे। डॉ. कलाम महान वैज्ञानिक ही नहीं, अपितु शिक्षण गतिविधियों में भी उनकी विशेष रूचि रही। वह सबों के साथ उनका मधुर स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जीवन में देश के लिए कुछ कर गुजरने की लालसा उन्हें एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व का मालिक बनाती है। भारत सरकार ने उनकी उपलब्धियों का महत्व देते हुए उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण तथा भारत रत्न के सम्मान से नवाजा। 25 जुलाई 2002 में डॉ. कलाम भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति बने।

( लेखक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में निजी सचिव रह चुके हैं, फिल्हाल वह सेवानिवृत्त हैं)

# वक्फ संशोधन बिल को लेकर जल्दबाजी ठीक नहीं



**मसूद हसन**

वक्फ संशोधन कानून और उसे चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय के अन्तरिम फैसले से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर मुसलमानों के बड़े तबक` को आशंकाओं एव ं असन्तोष ने घेर लिया है। यदि सरकार ने इन आशंकाओं पर गौर किए बिना कानून को जल्दबाजी में लागू करने और मुसलमानों के अनुसार उनका दुरुपयोग करने का प्रयास किया तो मुसलमानों की ओर से यह एक बड़े आन्दोलन का रूप ले कसता है। यह आन्दोलन सीएए और एनआरसी विरोधी आन्दोलन से बड़ा भी हो सकता है क्योंकि इसमें धर्म का रंग भी शामिल है।

मुसलमानों को मुख्य आपत्ति जिलाधिकारी को असीमित अधिकार देने, वक्फ बोर्डों में गैर मुसलमानों की नियुक्तियों और वक्फ बोर्ड यूजर का प्रावधान खत्म किए जाने पर था। अदालत ने जिलाधिकारी के अधिकार पर अन्तरिम रोक लगाने के साथ गैर मुस्लिमों की सदस्य संख्या भी सीमित की है, लेकिन अदालत वक्फ बोर्ड यूजर पर खामोश है।

मुसलमानों का कहना है कि देश के बंटवारे के बाद मौलाना अबुल कलाम आजाद ने दिल्ली में जामा मस्जिद में दिए गए ऐतिहासिक खुतबे में मुसलमानों से पाकिस्तान न जाने की अपील करते हुए उन्हें बुजुर्गो का कब्रों का हवाला दिया था और आज उन्हीं कब्रों पर संकट आ गया है। संविधान का अनुच्छेद 26 प्रत्येक समुदाय को अपने धार्मिक मामले में अपने धर्म अनुसार पालन करने का अधिकार देता था। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के जिन कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगा दी है, उसमें वक्फ बोर्ड सदस्य बनने के लिए इस्लाम का पांच साल तक पालन करने की शर्त और जिला कलेक्टर को किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने का अधिकार देना शामिल है। उच्चतम न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।



सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन अधिनियम की संवैधानिकता पर आगे सुनवाई करेगा, क्योंकि कई याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। विभिन्न मुस्लिम संगठनों और धार्मिक नेताओं ने न्यायालय के इस फैसले का सीमित स्वागत किया है, क्योंकि इससे मुस्लिम संपत्तियों पर सरकारी हस्तक्षेप को रोकने में कुछ हद तक मदद मिलेगी। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश को आंशिक राहत लेकिन कइ ्प्रावधानों पर निराशा जताई है। ला बोर्ड ने कलेक्टरों की शक्तियों पर रोक और वक्फ बाई यूजर को सुरक्षित रखने का स्वागत किया लेकिन कइ ्धाराओं को असंवसैधानिक बताया। लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा बैठक की बोर्ड ने उन सभी लोगों का आभार जताया जिन्होंने इस बिल का विरोध किया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 वक्फ अधिनियम 1965 में संशोधन करता है, जिसमें केन्द्र का नियंत्रण बढ़ता है और गैर-मुस्लिम सदस्यों की भूमिका होती है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेबही बढ़े। राष्ट्रपति ने अप्रैल 2025 में इसे मंजूरी दी, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने सितम्बर 2025 में वक्फ संशोधन अधिनियम बनाने के लिए पांच साल की मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी है, साथ ही कलेक्टर द्वारा संपत्ति अधिकार तय करने के प्रावधान पर भी रोक लगाई है, जो शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन माना गया। विधेयक वक्फ संपत्तियों पर केन्द्र के नियंत्रण को बढ़ाता है और भविश्य की वक्फ संपत्तियों के लिए उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त करता है। कई राउंड की सुनवाई के बाद अन्तरिम फैसला आया है। इस कानून के खिलाफ जिन मुस्लिम समुदायों के लोगों ने विरोध जताया है, उन का कहना है यह लड़ाई लम्बी है। कांग्रेस नेता इमरान प्रताप गढ़ी भी याचिकाकर्ता हैं, उन्होंने इस फैसले पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वक्फ संशोधन कानून की आत्मा पर रोक लगा दी है। वक्फ का अर्थ अल्लाह की सेवा के लिए किसी मुसलमान द्वारा अपनी किसी भी चल या अचल संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए स्थाई रूप से समर्पित करना है।


एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ घोषित हो जाती है, तो वह अविभाज्य हो जाती है और जिसे बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है और वह हमेशा के लिए अल्लाह की संपत्ति मानी जाती है। किसी व्यक्ति द्वारा मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण जैसे धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया गया दान। वक्फ की सम्पत्ति को बेचा नहीं जा सकता, विरासत में नहीं दिया जा सकता या उस पर कोई बोझ नहीं डाला जा सकता। वक्फ संपत्ति अल्लाह में निहित होती है। यह स्थाई मानी जाती है। एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ का नियम लागू होता है। वक्फ संपत्तियों का प्रबन्धन वक्फ बोर्डों द्वारा किया जाता है, जो वक्फ की देखरेख करते हैं। दिल्ली सल्तनत के दौरान वक्फ की प्रक्रिया को व्यवस्थित किया गया था, जब शासकों ने मस्जिदों, मदरसों और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए संपत्तियां दान की थीं। नवाबों ने धार्मिक और परोपकारी गतिविधियों के लिए जमीनें वक्फ की थीं। वक्फ बोर्ड का गठन वक्फ अधिनियम, 1954 के तहत किया गया था ताकि वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और देखरेख को व्यवस्थित किया जा सके। 1964 में केन्द्रीय वक्फ परिशद की स्थापना हुई, जो राज्य वक्फ बोर्डों के कामकाज की निगरानी और सलाह देने का काम करती है। इस अधि. नियम को वक्फ अधिनियम 1995 में प्रतिस्थापित किया गया। वक्फ प्रबन्धन को मजबूत करने और वक्फ संपत्तियों की देखरेख के लिए एक औपचारिक ढांचा स्थापित किया गया। वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्य वक्फ से संबंधित संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण और प्रशासन करना है। वक्फ बोर्ड एक वैधानिक निकाय है, जिसका गठन वक्फ अधिनियम के प्रावधानों के तहत किया जाता है। यह एक व्यवस्था है जो राज्य वक्फ बोर्डों की देखरेख करता है। विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड स्थापित किए जिनका काम अपने राज्य की वक्फ संपत्तियों का प्रब ंधन करना है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी

## तटरक्षक बल ने फिलीपींस के सरकारी जहाज को निशाना बनाया

**बीजिंग।** चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में टकराव का एक और गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि चीनी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के जहाजों ने फिलीपींस के एक सरकारी पोत पर पानी की तेज बौछार से हमला किया और इसके बाद में उसे टक्कर मार दी।




इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई

इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई। फिलीपींस तटरक्षक बल के अनुसार, यह घटना दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में स्थित थीटू द्वीप के पास हुई। यह द्वीप फिलीपींस के कब्जे में है और वहां फिलीपींस के नागरिकों और मछुआरों की बस्ती भी है। घटना के समय फिलीपींस का सरकारी जहाज बीआरपी दातु पगबुआया वहां दो अन्य मछली पालन विभाग के जहाजों के साथ लंगर डाले हुए था। तीनों जहाज मछुआरों को सहयोग देने के लिए उस इलाके में मौजूद थे। तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टारिएला ने बताया कि अचानक चीनी तटरक्षक जहाज और कुछ संदिग्ध सैन्य नौकाएं तेजी से वहां पहुंचीं और खतरनाक ढंग से उसके जहाजों के बहुत करीब आ गईं। इसके बाद एक चीनी जहाज, जिसका नंबर 21559 था, ने दातु पगबुआया पर सीधा पानी की तेज बौछारें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद उसी जहाज ने फिलीपींस के पोत के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे उसे हल्का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई और जहाज बाद में सुरक्षित स्थान पर चला गया। फिलीपींस तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल रॉनी गिल गवान ने कहा कि ऐसी घटनाएं उनके मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि फिलीपीनी मछुआरों की आजीविका इन जलक्षेत्रों पर निर्भर है। चाहे पानी की तोप चले या जहाजों से टक्कर मारी जाए, हम अपने क्षेत्र की एक इंच जमीन भी किसी विदेशी ताकत को नहीं सौंपेंगे।

## रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक भारतः यूक्रेनी थिंक टैंक

**कीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने भारत पर रूस-यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अब यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने भारत पर एक और बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेनी थिंक टैंक ने दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडीटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और रूसी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद कर रहा है।



नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण अफ्रीका में बस दुर्घटना में 40 लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो प्रांत में रविवार शाम हुई एक बस दुर्घटना में सात बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि बस एक पहाड़ी दर्रे पर सड़क से उतरकर नीचे गिर गई। बस हादसे में हताहत लोग जिम्बाब्वे और मलावी के नागरिक थे जो पूर्वी केप प्रांत से स्वदेश लौट रहे थे। लिम्पोपो प्रांतीय सरकार के प्रमुख फोफी रामाथुबा ने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर त्रासदी है।

### साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, चार की मौत, 20 घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी के साउथ कैरोलिना के ब्यूफोर्ट काउंटी के एक भीड़भाड़ वाले बार में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और अन्य 20 घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी थी। ब्यूफोर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि कल सेंट हेलेना द्वीप स्थित विलीज़ बार एंड ग्रिल में गोलीबारी की कई खबरें मिलने पर पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के समय सैकड़ों लोग घटनास्थल पर मौजूद थे।

### तुर्की दजला, फरात नदियों में और पानी छोड़ेः इराक

**बगदाद।** इराक के जल संसाधन मंत्री औन दियाब ने रविवार को कहा कि देश में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने पड़ोसी मुल्क तुर्की से दजला और फ़रात नदियों में और पानी छोड़ने की मांग की है। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, तुर्की से गुजारिश की गई है कि अक्टूबर और नवम्बर महीने के लिए दजला और फ़रात नदियों में पानी ज्यादा मात्रा में छोड़ा जाये। दियाब ने आने वाले सर्दियों के मौसम का हवाला देते हुए कहा कि यह वर्ष, 1933 के बाद इराक में पानी की कमी का सबसे कठिन और गंभीर वर्ष है।

### यूक्रेनी ड्रोन डोनेट्स्क में बस पर किया हमला, छह घायल

**मॉस्को।** यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र के गोरलोव्का में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिससे छह नागरिक घायल हो गए। गोरलोव्का के मेयर ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार गोरलोव्का के मेयर इवान प्रिखोदको ने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि गोरलोव्का के एक आवासीय क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन ने एक बस पर हमला किया, जिससे छह लोग घायल हो गए।

# हमास ने सभी 20 इजरायली बंधक रिहा किए

## 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया, बदले में इजरायल ने 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया




**तेल अवीव।** हमास ने सभी 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया है। इन्हें 7 और 13 के दो बैच में छोड़ा गया। हमास ने इन्हें रिहा कर रेडक्रास को सौंपा। इसके बाद इजरायली सेना के हवाले किया गया। सभी बंधक इजरायल पहुंच चुके हैं। हमास के पास अब कोई भी जिंदा इजरायली बंधक नहीं है।

हमास आज ही 28 इजरायली शवों को भी सौंपेगा। इसके बदले में इजरायल ने आज 250 फलस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे हैं। खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे। ट्रम्प, नेतन्याहू के साथ इजरायली संसद पहुंचे। इससे पहले नेतन्याहू ने संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प ने दुनिया में शांति के लिए बहुत कोशिशें की हैं। उन्हें अगले साल शांति का नोबेल मिलना चाहिए। इजरायली सूत्रों के अनुसार, हमास गाजा में बचे सभी मृत बंधकों के शवों को नहीं ढूंढ पा रहा है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल पहुंचे, खुद बेंजामिन नेतन्याहू उन्हें रिसीव करने बेन गुरियन एयरपोर्ट पहुंचे थे**

इससे दूसरे चरण के समझौते में मुश्किलें आ रही हैं। सूत्रों के अनुसार, इजरायल सरकार को पता है कि हमास कुछ मृत बंधकों का ठिकाना नहीं जानता और उन्हें वापस लाने में असमर्थ है। फिलहाल, यह संख्या 1 से 9 बताई जा रही है, जबकि इसके और ज्यादा होने का अनुमान है। इजरायल ने हाल की शांति बातचीत में सभी बंधकों (जीवित और मृत) की वापसी का शर्त रखी थी।अमेरिका को भी इस बात की जानकारी है कि कुछ बंधक गाजा के उन समूहों के कब्जे में हैं, जिन पर हमास का पूरा कंट्रोल नहीं है। अमेरिकी अधिकारी बारबरा लीफ ने सीएनएन से कहा कि मृत बंधकों की वापसी मुश्किल हो सकती है। पूर्व इजरायली सैन्य कमांडर गल हिर्श ने कहा कि सभी बचे हुए शवों को खोजने के लिए इजरायल, अमेरिका, मिस्र, कतर और तुर्की एक संयुक्त टीम बनाएगी। ट्रम्प का भाषण नेसेट में कुछ समय के लिए रोकना पड़ा, क्योंकि 2 इजरायली सांसद फलस्तीन के पक्ष में नारेबाजी कर रहे थे। सुरक्षा अधिकारियों ने इन्हें संसद से बाहर खींचकर बैनर छीन लिए। इजरायली सांसद ने संसद में एक प्लेकार्ड पकड़ा है जिसपर 'फलस्तीन को मान्यता दो' का नारा लिखा है। ट्रम्प ने अपने भाषण में गाजा बंधक समझौते के लिए अरब देशों और मुस्लिम नेताओं की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने हमास पर दबाव बनाकर बंधकों को रिहा कराने में मदद की। उन्होंने आगे कहाः यह इजरायल और दुनिया के लिए एक बड़ी जीत है कि इतने सारे देश शांति के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। यह एक नए मिडिल ईस्ट की ऐतिहासिक सुबह है।

## ट्रम्प ने किया इजरायल-हमास जंग के खात्मे का एलान



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को इज़रायल और हमास के बीच जंग के खत्म होने का एलान कर दिया। ट्रम्प ने अपने खास विमान एयर फ़ोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए युद्धविराम के टिके रहने पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह जारी रहेगा। इसके जारी रहने के कई कारण हैं। लेकिन मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। सदियों बीत गए हैं। मुझे लगता है कि लोग इससे थक चुके हैं। शुक्रवार सुबह लागू हुआ यह युद्धविराम ट्रम्प की 20-सूत्रीय गाजा शांति योजना के पहले चरण के बाद आया है। इस योजना में हमास का निरस्त्रीकरण और क्षेत्र में अमेरिका के नेतृत्व में एक समन्वय केंद्र की स्थापना शामिल है। इसके अगले चरणों पर बातचीत अभी भी जारी है। युद्धविराम समझौते के तहत, हमास और इजरायल सभी बंधकों को रिहा करेंगे। यह जंग सात अक्टूबर, 2023 को इज़रायल पर हमास के हमलों से शुरू हुई थी। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, तब से इज़रायल की सैन्य प्रतिक्रिया में 67000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें 18000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। उड़ान भरने से पहले ट्रम्प ने इस यात्रा को 'एक बेहद खास समय' बताते हुए इसे दुर्लभ एकता का क्षण बताया। उन्होंने युद्ध विराम के लिए इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और कतर की भूमिका की प्रशंसा की।

# गाजा में हमास लीडर के बेटे समेत 64 की मौत

## फलस्तीनी पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**गाजा।** गाजा सिटी में हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प में 64 लोग मारे गए हैं। इनमें 52 डोगमूश और 12 हमास लड़ाके शामिल हैं। हमास के टेलीविजन चैनल के मुताबिक हमास के सीनियर अधिकारी बासेम नैम का बेटा भी झड़प में मारा गया। झड़प में एक फलस्तीनी पत्रकार की भी गोली लगने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया।

**यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया**

डोगमूश कबीले ने आरोप लगाया कि हमास ने सीजफायर का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया। हमास ने चेतावनी दी है कि जो मिलिशिया मेंबर और अपराधी खूनखराबे में शामिल नहीं हैं, वे अगले रविवार तक आत्मसमर्पण कर सकते हैं, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोलीबारी से लोग डरकर भाग रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बीबीसी को बताया कि इस बार लोग इजरायली हमलों से नहीं, बल्कि अपने ही लोगों से भाग रहे थे। डोगमूश नाम की उत्पत्ति तुर्किश मूल की बताई जाती है। इसका मतलब होता है- तुर्की में जन्मा हुआ। कहा जाता है कि डोगमूश कबीला 20वीं सदी की शुरुआत में पलायन कर गाजा पहुंचा था। यह कबीला गाजा सिटी के साब्रा और तेल अल-हवा में बसा हुआ है। डोगमूश गाजा के बड़े घरानों में गिना जाता है। डोगमूश पर अलकायदा के करीबी होने का आरोप लगता है। इस कबीले पर ब्रिटिश पत्रकार एलन जानस्टन और इजरायली कैदी गिलाश शालिद के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। गाजा में सत्ता हासिल करने को लेकर डोमगूश और हमास के बीच कई बार संघर्ष हो चुका है।

# ट्रम्प के फैसले के खिलाफ निर्वस्त्र होकर लोगों ने निकाली बाइक रैली

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले के खिलाफ ओरेगन के पोर्टलैंड शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने निर्वस्त्र होकर बाइक रैली निकाली। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा पोर्टलैंड में नेशनल गाड्र्स की तैनाती के विरोध में ये बाइक रैली निकाली गई।

अमेरिका के कई शहरों में संघीय बल नेशनल गाड्र्स की तैनाती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। पोर्टलैंड में हर साल विश्व नग्न बाइक राइड का आयोजन किया जाता है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन द्वारा पोर्टलैंड में अप्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और नेशनल गाड्र्स की तैनाती के फैसले की खिलाफ इस बार समय से पहले ही इस अनोखी बाइक रैली का आयोजन किया गया। पोर्टलैंड में बीते कई दिनों से अप्रवासियों के खिलाफ आव्रजन विभाग की कार्रवाई का विरोध हो रहा है।




सैनिकों की तैनाती का कर रहे विरोध

आव्रजन केंद्र के बाहर कई बार प्रदर्शनकारी और सुरक्षाकर्मियों की भिड़ंत हो चुकी है। रैली में शामिल हुए एक प्रदर्शनकारी जेनेन किंग ने निर्वस्त्र बाइक राइड को विरोध करने का पोर्टलैंड का विशिष्ट तरीका बताया। 51 वर्षीय महिला ऊनी मोजो, जो एक विग और एक टोपी के अलावा पूरी तरह निर्वस्त्र थी, उसने गर्म चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि उसे लगातार हो रही बारिश से कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम बिल्कुल नहीं चाहते कि हमारे शहर में सैनिक आएं। साल 2004 से ओरेगन के सबसे बड़े शहर पोर्टलैंड की सड़कों पर हर साल नग्न निकाली जाती है।

## भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति 43 साल बाद रिहा, गलत आरोप में काटी सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में भारतीय-अमेरिकी सुब्रमण्यम वेदम 43 साल तक हत्या के एक झूठे मामले में जेल में रहने के बाद रिहा कर दिए गए हैं। 64 साल के वेदम को 3 अक्टूबर को रिहा किया गया था। वेदम, एक स्थाई अमेरिकी निवासी है। 1980 में उनपर अपने क्लासमेट की हत्या के आरोप लगे। हालांकि, वेदम ने हमेशा अपनी बेगुनाही का दावा किया, फिर भी उसे 1983 और 1988 में दो बार दोषी ठहराया गया और बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अगस्त 2025 में, सेंटर काउंटी के जज जोनाथन ग्राइन ने उनकी सजा को पलट दिया।

# इकोनॉमिक्स का नोबेल दो अमेरिकी और एक ब्रिटिश प्रोफेसर का

**स्टाकहोम।** इस साल इकोनामिक्स का नोबेल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों जोएल मोकिर (अमेरिका), पीटर हाविट (अमेरिका) और फिलिप एगियान (यूके) को मिला है। नोबेल समिति ने बताया कि इन अर्थशास्त्रियों ने बताया कि इनोवेशन से कैसे आर्थिक विकास का रास्ता खुलता है।

तकनीक तेजी से बदलती है और हम सभी पर असर डालती है। उत्पाद और उत्पादन के नए तरीके पुराने तरीकों को बदलते रहते हैं और यह प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती। यही लगातार आर्थिक विकास का आधार है, जिससे दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर बेहतर होता है। विजेताओं को 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (10.3 करोड़ रुपये), सोने का मेडल और सर्टिफिकेट मिलेगा। पुरस्कार 10 दिसम्बर को स्टाकहोम में दिए जाएंगे।

**आर्थिक विकास में इनोवेशन की स्टडी के लिए मिला, 10 करोड़ प्राइज मिलेगा**

नोबेल समिति के मुताबिक, जोएल मोकिर ने इतिहास को देखकर यह बताया कि लगातार आर्थिक विकास क्यों हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर नए-नए आविष्कार और सुधार लगातार होते रहते हैं, तो हमें सिर्फ यह पता होना जरूरी नहीं कि कोई चीज काम करती है, बल्कि यह भी समझना जरूरी है कि क्यों वह काम करती है।

औद्योगिक क्रांति से पहले लोग यह अक्सर नहीं समझ पाते थे, इसलिए नए खोजों और आविष्कारों का सही इस्तेमाल करना मुश्किल था। इसके अलावा, मोकिर ने कहा कि समाज का नए विचारों के लिए खुला होना और बदलाव स्वीकार करना भी बहुत जरूरी है। फिलिप एगियान और पीटर हाविट ने लगातार आर्थिक विकास कैसे होता है, इसे समझाने की कोशिश की। इन दोनों ने 1992 में एक मॉडल बनाया जिसे 'क्रिएटिव डिस्ट्रक्शन' यानी 'रचनात्मक विनाश' कहा गया।

# अवैध रूप से रह रहे छह अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

## पुलिस ने कार्रवाई कर एफआरआरओ को सौंपे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिले की पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई निहाल विहार थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस की गश्ती टीम ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को मौके पर पकड़ लिया। बाद में सभी को कानूनी प्रक्रिया के तहत विदेशी नागरिक सीधे संबंधित नागरिक प्राधिकरण (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है ताकि उनके निर्वासन की कार्रवाई पूरी की जा सके। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने सोमवार को बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अभियान तेज किया गया है। निहाल विहार थाने की टीम ने 10 अक्टूबर को चंदर विहार इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध



दस्तावेजों के एक मकान में रह रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने तत्परता से छापा मारा। पुलिस को देखकर सभी छह विदेशी नागरिक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने पासपोर्ट और वीज़ा दस्तावेज दिखाने में असमर्थता जताई। आगे जांच में पाया गया कि उनके वीज़ा की अवधि समाप्त हो चुकी है और वे लंबे समय से दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे। इन गिरफ्तारियों में विदेशी नागरिकों की पहचान कैमरून निवासी फ्रैंक फोटचिंग, रोमियो लूसियन, नाइजीरिया निवासी सैमुएल, माल्क फराडे, इनौसा, घना निवासी इवांस डांसो के रूप में हुई है। पुलिस ने विदेशी नागरिकों को आश्रय देने के आरोप में मकान मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। सभी छह विदेशी नागरिकों को नरेला स्थित सेवा सदन, लैंपुर डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। एफआरआरओ के समन्वय में निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि दिल्ली पुलिस की नीति 'शून्य सहिष्णुता' के तहत किसी भी व्यक्ति को बिना वैध दस्तावेजों के देश में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## सूडानी सेना ने पश्चिमी सूडान में 100 से ज्यादा लड़ाकों के मारे जाने का किया दावा

**खारतूम।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने रविवार को कहा कि पश्चिमी सूडान के एल फशर में हुई लड़ाई में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 100 से जयादा लड़ाके मारे गए हैं। एसएएफ के छठी इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा कि उसने रविवार तड़के एल फशर शहर पर मिलिशिया द्वारा किए गए भीषण हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। इसमें आगे कहा गया कि हमारे बलों ने बहादुरी से हमलावरों का सामना किया, जिससे कर्मियों और उपकरणों को भारी नुकसान हुआ, 100 से जयादा मिलिशिया लड़ाके मारे गए और अन्य घायल हुए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया था कि आरएसएफ के ड्रोन हमलों में एल फशर स्थित एक अस्थाई आश्रय स्थल पर 57 नागरिक मारे गए, हालांकि आरएसएफ ने रविवार को इस बमबारी की जिम्मेदारी से इनकार किया।

